| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 80,951.99 |
| निफ्टी | ~ | 24,609.70 |
| सोना | ~ | 89,750 |
| चांदी | ~ | 1,01,000 |
| डॉलर | ~ | 85.99 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 24 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 12 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 238
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


# सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो के दोषी को सजा नहीं दी

## कहा पीड़ित को घटना से ज्यादा परेशानी कानूनी कार्रवाई और पुलिस की वजह से हुई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसे व्यक्ति को सजा नहीं दी, जिसे पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत दोषी ठहराया गया था। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जांच रिपोर्ट के मुताबिक, ये सच है कि कानून की नजर में यह एक अपराध है, लेकिन पीड़ित को ऐसा महसूस नहीं हुआ। उसे सबसे ज्यादा तकलीफ इस बात से हुई कि उसे लगातार पुलिस और कोर्ट में जाना पड़ा और आरोपी को सजा से बचाने की कोशिशें करनी पड़ीं।

दरअसल, मामले में युवक को उस समय दोषी ठहराया गया था जब उसने एक नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। हालांकि, बाद में लड़की के बालिग होने पर दोनों ने शादी कर ली और अब वे अपने बच्चे के साथ रह रहे हैं।



### पीड़िता को सही विकल्प चुनने का मौका नहीं दिया

कोर्ट ने कहा कि यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं बल्कि सामाजिक और मानवीय पहलुओं से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए अनुच्छेद 142 के तहत विशेष अधिकार का उपयोग करते हुए सजा नहीं दी गई। कोर्ट ने यह भी कहा कि पीड़िता को पहले कोई सही विकल्प चुनने का मौका ही नहीं मिला। समाज ने उसे जज किया, कानून उसकी मदद नहीं कर सका और उसके परिवार ने उसे अकेला छोड़ दिया। अब वह महिला दोषी व्यक्ति से भावनात्मक रूप से जुड़ चुकी है और अपने छोटे से परिवार को लेकर बहुत संवेदनशील है। वह परिवार की रक्षा करना चाहती है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने बरी कर दिया था

यह मामला की सुनवाई 2023 में कलकत्ता हाई कोर्ट में हुई थी। तब हाई कोर्ट ने आरोपी युवक को बरी करते हुए कुछ विवादित टिप्पणियां की थीं। हाई कोर्ट ने उसकी 20 साल की सजा को पलटते हुए नाबालिग लड़कियों और उनके तथाकथित नैतिक कर्तव्यों को लेकर आपत्तिजनक बातें कही थीं। हाई कोर्ट ने कहा था कि युवा लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और यह भी कहा कि समाज ऐसे मामलों में लड़की को ही हारने वाली मानता है। इन टिप्पणियों की आलोचना होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया था। 20 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट का फैसला रद्द कर दिया और युवक को फिर दोषी करार दे दिया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर में शामिल अधिकारी की नौकरी खत्म नहीं होगी

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका निभाने वाली वायुसेना की एक महिला अधिकारी को सेवा समाप्त करने पर रोक लगा दी है। विंग कमांडर निकेता पांडे की याचिका पर सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने उनकी नौकरी के खत्म होने पर तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक विशेष चयन बोर्ड उनके स्थायी कमीशन को लेकर विचार नहीं कर सकता। गुरुवार को जारी किए अपने आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना में शामिल हुए लोगों को लेकर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों के बीच इस बात को लेकर अभी भी अनिश्चितता है कि उन्हें 10 साल की सेवा के बाद सेना में रखा जाएगा या नहीं.. यह गलत है.. सही नीति लाकर इसे ठीक करना चाहिए।

न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, अनिश्चितता की भावना सशस्त्र बलों के लिए अच्छी नहीं हो सकती है। चूंकि महिला एसएससी अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन का कोई सुनिश्चित मौका नहीं है, इसलिए यह 10 साल पूरे होने के बाद यह अधिकारियों के बीच में आपसी कंपटीशन को जन्म देता है।

बता दें वायुसेना अधिकारी निकेता पांडे ने 2011 में शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए वायुसेना में शामिल हुईं थीं। 10 साल की सेवा पूरी करने के बाद उनकी योग्यता के आधार पर उनकी सेवा को 19 जून 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन बालाकोट में भी उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पांडे ने नौकरी खत्म होने के पहले कोर्ट में अर्जी लगाई थी कि उनकी रिहाई पर तब तक के लिए रोक लगा दी जाए, जब तक बोर्ड उनके स्थाई कमीशन पर विचार न कर ले।

पांडे भारतीय वायुसेना की पहली एसएसए अधिकारी हैं जिन्हें अपनी रिहाई पर रोक मिली है। इससे पहले अदालत ने 9 मई को 50 से अधिक महिला सैन्य अधिकारियों की रिहाई पर भी रोक लगा दी थी।

## खास खबर

### प्लेन की जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर। बेंगलुरु से दिल्ली जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की शुक्रवार को 9 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इसके बाद विमान को आधे घंटे तक जांच की गई। इसके बाद विमान को अनफिट मानते हुए उड़ान भरने से रोक दिया गया। सभी यात्रियों को बस और टैक्सी से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। विमान में करीब 190 यात्री समेत अन्य क्रू मेम्बर मौजूद थे। दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में तकनीकी खामी आ गई। पायलट को पता चलने पर प्लेन को जयपुर एयरपोर्ट पर उतारने के लिए एअर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क किया।

### भ्रष्टाचार केस में विधायक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा को विजिलेंस ने गिरफ्तार कर लिया है। विजिलेंस टीम ने सुबह 8.45 बजे अरोड़ा के अशोक नगर स्थित घर पर रेड की। जिस वक्त विजिलेंस टीम पहुंची, विधायक अरोड़ा कहीं जा रहे थे। विजिलेंस ने घर के नजदीक मंदिर के मोड़ से उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टीम उन्हें घर में ले गई। जिसके बाद अंदर छानबीन की गई। पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया। विजिलेंस की रेड अभी जारी है। विधायक का केस कुछ दिन पहले गिरफ्तार किए एटीपी से जुड़ा हुआ है।

### 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं।

### आज पुंछ पहुंच रहे राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए और प्रभावित लोगों के परिवारों से मिलने के लिए शनिवार को पुंछ जाएंगे। इसकी जानकारी एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने दी। इस तरह से राहुल गांधी का ये जम्मू-कश्मीर का दूसरा दौरा होगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पोस्ट में कहा, राहुल गांधी 24 मई को पुंछ का दौरा करने वाले हैं। इस दौरे में राहुल हाल ही में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी के दौरान पीड़ित परिवारों से मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा, इसके पहले वे पहलगाम आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों और कई अन्य पक्षों से मिलने के लिए 25 अप्रैल को श्रीनगर आए थे। उन्होंने उस समय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से भी मुलाकात की थी। हमले के बाद बीते महीने अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि आतंकवादी हमले के पीछे का विचार देश के लोगों को बांटना था और यह जरूरी है कि भारत आतंकवाद को हमेशा के लिए हराने के लिए एकजुट हो जाए। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ने के बाद करीब दो सप्ताह पहले पुंछ सेक्टर में गोलाबारी बढ़ गई थी।

## सोमनाथ भारती की पत्नी की याचिका पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी हुआ है। एडिशनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पारस दलाल ने केंद्रीय मंत्री सीतारमण को 12 जून को कोर्ट में पेश होने को कहा है। दरअसल, शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले में शिकायत पर संज्ञान लेकर पहले आरोपी का पक्ष सुनना जरूरी है। उसके बाद कोर्ट ने निर्मला को 12 जून को पेश होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया। आप नेता की पत्नी लिपिका ने कहा है कि निर्मला ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उनके खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपमानजनक बयान दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने भजनलाल सरकार को फटकार, कोटा में ही बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे, आप निपटने के लिए क्या कर रहे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग नगरी कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं में वृद्धि के संबंध में राजस्थान की भजनलाल सरकार से कई सवाल पूछे। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि, कोटा में ही बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। भजनलाल सरकार इससे निपटने के लिए क्या उपाय कर रही है। यह मामला जस्टिस जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ के सामने लाया गया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने राजस्थान सरकार के वकील से पूछा कि, आप एक राज्य के तौर पर क्या कर रहे हैं? ये बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं और केवल कोटा में ही क्यों सुसाइड कर रहे हैं? इस पर राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर कोटा मामले में जांच जारी है। बेंच ने कोटा आत्महत्या मामले में एफआईआर दर्ज न करने पर असंतोष जाहिर किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने राज्य के वकील से पूछा कि, कोटा में अब तक कितने युवा छात्रों की मौत हुई है। इस पर वकील ने बताया कि 14 मामले दर्ज किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से पूछा कि, ये छात्र क्यों मर रहे हैं...राजस्थान सरकार कोर्ट के फैसले की अवमानना ?कर रही है। बेंच ने वकील से पूछा कि, राज्य सरकार ने मामले में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की। बेंच को बताया गया कि छात्रा संस्थान के आवास में नहीं रह रही थी, छात्र ने नवंबर 2024 में छोड़ दिया था, और अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। पीठ ने 14 जुलाई को कोटा मामले में पुलिस अधिकारी को तलब कर कहा कि, कोर्ट के निर्णय के अनुसार, एफआईआर दर्ज करना और जांच करना संबंधित पुलिस का कर्तव्य था। सुप्रीम कोर्ट आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले एक 22 साल के छात्र की मौत के मामले में सुनवाई कर रहा था।

## भाजपा नेता मनोहर लाल धाकड़ पर एफआईआर

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर महिला के साथ की थी घटिया हरकत

भोपाल। भाजपा नेता मनोहरलाल धाकड़ के अश्लील वीडियो मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें मनोहर लाल घटिया हरकत करते हुए नजर आए थे। भाजपा नेता बीच सड़क पर महिला के साथ अश्लील कृत्य करते हुए दिखाई दिए थे।



मंदसौर जिले के भाजपा मनोहर लाल धाकड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वे महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो दिल्ली मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस वे पर 13 मई 2025 की रात करीब 8 बजे का बताया जा रहा है। वीडियो में कार क्रमांक एमपी 14 सीसी 4782 में से एक महिला और मनोहर लाल धाकड़ आपत्तिजनक स्थिति में उतरते दिखाई दे रहे है। इसके आगे बीच सड़क पर अश्लील कृत्य करते हुए दिखाई दिए। वीडियो इतना घटिया, अश्लील और आपत्तिजनक है कि उसे सार्वजनिक भी नहीं किया जा सकता है। वहीं अश्लील वीडियो सामने आने के बाद जब मनोहर लाल धाकड़ से उनका पक्ष जानना चाहता तो उनका फोन लगातार बंद मिला।

### वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप

भाजपा नेता की शर्मनाक करतूत का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। कांग्रेस ने इसे लेकर जमकर हमला बोला। मंदसौर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक अखबार की कटिंग और मनोहर लाल धाकड़ के फोटो भाजपा के बड़े नेताओं के साथ शेयर कर लिखा कि 'भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा उन्होंने लिखा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इसके आगे उन्होंने कुछ जिलों का जिक्र भी किया। वहीं इस वायरल वीडियो पर पुलिस ने स्वयं संज्ञान लिया और मनोहर लाल धाकड़ पर आरपीएफ दर्ज की गई। भानपुरा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 285, 3(5) में केस दर्ज किया है। आपको बता दें कि मनोहर लाल धाकड़ की पत्नी ग्राम बनी क्षेत्र से जिला पंचायत की सदस्य है।

## भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त, विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने लिया फैसला

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में फिर विधायकों की संख्या 200 से घटकर 199 हो गई है। दरअसल भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंता से विधायक मीणा को संविधान के अनुच्छेद 191(1)(ई) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8(3) के तहत अयोग्य ठहराकर सदस्यता समाप्त करने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि यह निर्णय दोष सिद्धि की तारीख से प्रभावी माना गया है। दरअसल बीजेपी विधायक मीणा को एसडीएम पर पिस्तौल तानने के मामले में अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में उन्हें पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली। कांग्रेस लंबे समय से मीणा की सदस्यता रद्द करने की मांग कर रही थी। आखिरकार, विधानसभा सचिवालय ने उनकी विधायकी को खत्म करने का आदेश दे दिया। अब अंता विधानसभा सीट (संख्या 193) रिक्त हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि उन्होंने मामले में पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन किया है और किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव में नहीं आए हैं। उन्होंने बताया कि निर्णय लेने से पहले राज्य के महाधिवक्ता से विधिक राय ली गई थी और जैसे ही यह राय प्राप्त हुई, सदस्यता निरस्त करने का आदेश दिया। देवनानी ने स्पष्ट किया कि दोष सिद्धि के मामलों में सदस्यता स्वत:ही समाप्त मानी जाती है और यह निर्णय अदालत के फैसले के अनुरूप ही लिया गया है।

## शीर्ष अदालत का फैसला-कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था।

## ऑपरेशन सिंदूर से साफ हो गया कि पाकिस्तानी सेना खुद आतंकियों के साथ मिली हुई - शाह

### अब भारत बदल गया हैं अब जबाव देना सीख गया

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोदी सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान पर तीखा हमला कर कहा कि वह आतंकियों को पनाह और समर्थन देता है। उन्होंने यह बात बीएसएफ अलंकरण समारोह के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी और अहम कार्रवाई को अंजाम दिया।

गृह मंत्री शाह ने कहा, जब हमारी सेनाएं पाकिस्तान में मौजूद आतंकी शिविरों को तबाह करती हैं, तब पाकिस्तानी सेना नागरिक इलाकों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी हमला करती है। पाकिस्तान की इन हरकतों से साफ हो जाता है कि पाकिस्तानी सेना खुद आतंकियों के साथ मिली हुई है।



उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 22 मिनट में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के नौ आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने दो टूक कहा कि भारतीय सेना ने केवल आतंकियों को निशाना बनाया, न कि पाकिस्तान की सेना या उनके सैन्य अड्डों को।

गृह मंत्री शाह ने कहा, हमारी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब आतंक का जवाब आतंक से दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हो गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद केवल मौजूद नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित है। शाह ने 2016 की सर्जिकल और 2019 के एयर स्ट्राइक का जिक्र कर कहा कि भारत पहले चुप रहता था, लेकिन अब जवाब देना सीख गया है।

इस मौके पर बीएसएफ की तारीफ कर केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ का योगदान अमूल्य है। उन्होंने बताया कि तकनीकी चुनौतियों वाली सीमाओं पर उन्नत निगरानी तकनीक अपनाई जा रही है। जम्मू-कश्मीर की हालिया यात्रा का जिक्र कर उन्होंने कहा कि सीमाओं पर अब तकनीक आधारित सुरक्षा समाधान लागू किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने अंत में 1971 के युद्ध का उल्लेख कर कहा कि बीएसएफ के जवानों की वीरता को भारत और बांग्लादेश दोनों कभी नहीं भूल सकते।

## सलमान के घर रात 3 बजे पहुंची मॉडल-अभिनेत्री, पुलिस ने गिरफ्तार किया

मुंबई। सलमान खान बीते साल से लगातार अपनी सुरक्षा को लेकर सुर्खियों में हैं। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा हुई गोलीबारी के बाद सलमान को वॉय प्लस सुरक्षा दी गई है। लेकिन इसके बाद भी दो अनजान लोगों ने सलमान के घर पर फिर घुसपैठ की, इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इन वारदात के बाद पुलिस ने सलमान की सुरक्षा को बढ़ा दिया है। जानकारी के मुताबिक, 21 मई को एक लड़की ने सलमान की डोरबेल तक बजा दी थी। उस लड़की का सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हो रहा है। रात तीन बजे लड़की सुरक्षाकर्मियों को गच्चा दिया और सलमान के दरवाजे तक पहुंच गई। मुंबई के खार इलाके की रहने वालीं ईशा छाबड़िया पहुंचीं। जो खुद को एक मॉडल-अभिनेत्री बताती हैं। लड़की ने सलमान के सुरक्षाकर्मियों को बताया कि वह उसी बिल्डिंग में रहती है और सलमान ने बुलाया। उसकी बातों पर सुरक्षाकर्मियों ने विश्वास कर अंदर जाने दिया। इसके बाद घर की डोरबेल बजाई, फिर स्टाफ ने दरवाजा खोला। ईशा ने स्टाफ को बताया कि सलमान खान ने खुद बुलाया है। शक होने के बाद स्टाफ ने तुरंत सुपरस्टार से बात की, जिन्होंने साफ इंकार कर दिया और दो टूक कहा कि उन्होंने किसी को नहीं बुलाया है। इसके बाद स्टाफ ने पुलिस और सिक्योरिटी को सूचना दी। लेकिन इसी बीच, ईशा फिर गच्चा देकर अपार्टमेंट से बाहर निकल गई। लेकिन अगले दिन, बांद्रा पुलिस ने 30 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद ईशा को खार से गिरफ्तार कर लिया।

## बच्चों में लगी सट्टेबाजी ऐप्स की लत, अब तक कई लोग गवां चुके हैं जान

### -सुप्रीम कोर्ट ने दायर याचिका पर कहा- लोग स्वेच्छा से कर रहे ये काम

नई दिल्ली। देश में ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के बढ़ते प्रचलन से बच्चों और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों में सट्टेबाजी की लत लग रही जिससे माता-पिता टेंशन में हैं। इस चक्कर में कई बच्चे अपनी जान भी गंवा चुके हैं। अब इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें इन ऐप्स के खिलाफ कड़ा कानून बनाने और उन्हें नियंत्रित करने की मांग की गई है।



यह याचिका एक समाजसेवी ने दायर की है। इस याचिका में उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी ऐप्स मासूमों को इसकी लत लगा रहे हैं। उन्होंने कोर्ट में कहा कि में उन लाखों माता-पिता की ओर से बोल रहा हूं जिनके बच्चे इस ऐप्स के चलते अपनी जान गवां चुके हैं। सिर्फ तेलंगाना में ही 1023 लोगों ने आत्महत्या की है। 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड से जुड़े प्रभावशाली लोग इन ऐप्स को प्रमोट कर रहे हैं और मासूमों की जिंदगी खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की 90 करोड़ आबादी में से करीब 30 करोड़ लोग ऐसे ऐप्स का शिकार हैं और यह अनुच्छेद 21 का सीधा उल्लंघन है। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन के सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता की भावना को समझते हुए कहा कि हम मूलरूप से आपके साथ हैं। आपसे सहमत हैं।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इस मामले को इस न्यायालय ने निपटा दिया है। लोग स्वेच्छा से ये काम कर रहे हैं। क्या किया जा सकता है? इसे रोका जाना चाहिएलेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिए रोका जा सकता है। ठीक वैसे ही जैसे हम कानून के बावजूद लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह के मामलों में व्यक्तिगत विवेक और परिवार की भूमिका सबसे अहम होती है, क्योंकि लोग स्वेच्छा से ऐसी गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं।

# तहसीलदारों की प्राथमिकता पर निर्भर है फॉर्मर रजिस्ट्री का प्रगति

## जितना नक्शा और रिकॉर्ड दुरुस्त होगा उतना ही काम में होगी सहूलत, कलेक्टर श्री मीना ने की राजस्व कार्यो की समीक्षा



बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। कलेक्टर मृणाल मीना ने शुक्रवार को राजस्व कार्यो की समीक्षा के लिए राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की। फॉर्मर रजिस्ट्री में संतोषजनक प्रगति नही होने पर तहसीलदारों से कहा कि इस कार्य में प्रगति रूटीन में नहीं बल्कि प्राथमिकता से तय होगी। चाहे कितनी समस्याएं है, प्राथमिकता में कार्य होगा तो उसमें भी गुंजाइश निकल जायेगी। कलेक्टर श्री मीना ने बैहर में एक सप्ताह में 525 फॉर्मर रजिस्ट्री होने पर उनकी प्लानिंग भी जानी। इसके अलावा उन्होंने नक्शा अपडेशन की स्थिति के सम्बंध में निर्देश दिए कि रिकॉर्ड दुरुस्त होगा तो ही तो काम करने में आसानी होगी। राजस्व दिक्कतों से बचने के लिए ही शासन ने यह काम दिया है।खैरलांजी तहसील में अब तक 16.19 प्रतिशत कार्य हुआ है, जबकि अन्य तहसीलों में भी अच्छी प्रगति नही है परंतु सबसे अधिक लामटा में 30.62 प्रतिशत कार्य किया गया है। समीक्षा के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि के सेल्फ रजिस्ट्रेशन रिक्वेस्ट का सत्यापन कर शीघ्रता से प्रगति लाने को कहा गया है। साथ ही पति पत्नी दोनों यदि पीएम किसान का लाभ ले रहे है तो निर्देशानुसार फिलहाल दोनों को ब्लॉक करना होगा। बैठक में बारिश के मौसम में जिले के वनीय व दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में सर्पदंश के प्रकरणों में समय पर उपचार देने के सम्बंध में तैयारी करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा बैठक में सड़क दुर्घटना,भूमि आवंटन,सीएम हेल्पलाईन,सायबर तहसील,वनग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन, वन अधिकार और अविवादित नामान्तरण के मामले में जिले की अच्छी स्थिति होने पर कहा गया है कि माह से लंबित प्रकरणों में सुधार हुआ है, इसको इसी तरह बरकरार रखा जाए। बैठक में एडीएम श्री जीएस धुर्वे, प्रभारी एसडीएम श्री केसी ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक,डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल, भू-अभिलेख श्रीमती स्मिता देशमुख, तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार व अनुभागों से अन्य एसडीएम व तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुड़े।

### बैहर ने बताया फॉर्मर रजिस्ट्री की मॉनिटरिंग का प्लान

बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए पाया गया कि पिछले 7 दिनों में बैहर तहसीलदार द्वारा इसमें सबसे अच्छी प्रगति लायी गई ।इस पर कलेक्टर श्री मीना ने प्लानिंग बताने का अवसर दिया। तहसीलदार द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन गूगल मीट द्वारा समीक्षा की जाती है। इसके अलावा सप्ताह में समक्ष में डेटा व समस्याओं पर मंथन के साथ समस्या निवारण पर रूपरेखा तय की जाती है। जहाँ लगातार प्रगति नही आ पा रही है, उन पटवारियों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। बैहर में एक सप्ताह में 525, बालाघाट ने 489,बिरसा ने 378 रजिस्ट्री की है।

### लंबित स्वीकृति का सत्यापन में लापरवाही नही बरती जाए

कलेक्टर श्री मीना ने पीएम किसान सम्मान निधि के लिए तहसीलदारों की आईडी पर सेल्फ रजिस्ट्रेशन की रिक्वेस्ट का सत्यापन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगे भी अन्य बिंदुओं व रैंकिंग पर असर करता है। सावधानी बरतते हुए इसमें प्रगति लाएं। जिले में अब तक 2372 सेल्फ रिक्वेस्ट के आवेदन लंबित है।

### सर्पदंश के प्रकरणो में उपचार के लिए सेक्टर बनाकर व आशाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा

कलेक्टर श्री मीना ने जिले में बारिश के दौरान खासकर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में सर्पदंश के प्रकरणों में शीघ्रता से उपचार देने के सम्बंध में बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता से रूपरेखा जानी। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि ऐसे दुर्गम क्षेत्र जहां आस पास कोई स्वास्थ्य केंद्र नही है , ऐसे क्षेत्रों को चयन कर सेक्टर बनाया जाएगा। उस सेक्टर में सर्पदंश के इंजेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे और स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर आशा को बेसिक ट्रेनिंग दी जाएगी। कलेक्टर श्री मीना ने सर्पदंश के प्रकरणों में शीघ्रता से आरबीसी 6/4 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए है।

### भूमि सीमांकन के एक एक प्रकरणों की पृथक से एडीएम करेंगे समीक्षा

बैठक के दौरान भूमि सीमांकन के प्रकरणो की समीक्षा की गई। इसमें कुल 103 लंवित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को कार्यवाही कर निर्देश दिए है। वही एडीएम श्री जीएस धुर्वे भी इसमें एक एक प्रकरण की समीक्षा करते हुए निराकरण करेंगे।

### पिछली समीक्षा बैठक में अविवादित नामान्तरण के सम्बंध में जताई थी नाराजगी

कलेक्टर श्री मीना ने पिछली बार अयोजित राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक में 3 माह से अधिक अविवादित नामान्तरण के लंबित प्रकरणों की संख्या देख नाराजगी व्यक्त की थी। अब इस मामलें में केवल 4 प्रकरण लंबित है। ऐसी स्थिति में उन्होंने यह प्रदर्शन बरकरार रखने के निर्देश दिए है।

### गलत रिपोर्ट प्रस्तुत न हो रखें सावधानी

कलेक्टर श्री मीना ने सायबर तहसील रिपोर्ट के लंबित प्रकरणों के सम्बंध में कहा कि पटवारियों से प्रस्तुत होने वाली रिपोर्ट की अच्छे से जांच करे। गलत रिपोर्ट न प्रस्तुत हो इस बात का ध्यान रखें। ऐसी स्थिति है तो सीधे निलंबन का ही एकमात्र रास्ता है। 10 दिनों से ज्यादा रिपोर्ट लंबित न रहें यह सुनिश्चित की जाए।

# लिंगमारा तालाब में साफ-सफाई और जल संरक्षण का दिया संदेश

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में वारासिवनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लिंगमारा और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने लिंगमारा में माता मंदिर के पास तालाब की साफ-सफाई की और जल संरक्षण का सन्देश दिया।इस दौरान ग्रामीण जनों को कोमेंद्र बिसेन के द्वारा शपथ दिलाई गई और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि जल



संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे और जल स्रोतों को बचाने के लिए सोख्ता गड्डे बनाने और जल संरक्षण निर्माण करने की आवश्यकता है। भगत जी ने कहा की हमारे द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जन अभियान परिषद द्वारा अनेक प्रकार की जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमें ग्रामीणों का अत्यधिक सहयोग मिल रहा है। जल संरक्षण न केवल आम नागरिकों के लिए बल्कि वन्य जीवों के लिए भी अति आवश्यक है। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार भगत, कोमेंद्र बिसेन,आसु बिसेन, समीक्षा डोहरे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.**

रा.प.क्र./0010/बी-154/वर्ष 2025-26
साकिन जामडी प0ह0न063
रा0नि0म0 किरनापुर तहसील किरनापुर

**इश्तेहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शंकरलाल पिता नंदु जाति लोहार निवासी ग्राम जामडी तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा अपने भाई कुंवरलाल पिता नंदु की मृत्यु दिनांक 15/12/1998 को हुई, किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय जामडी में जानकारी के अभाव में दर्ज नहीं कराये जाने के कारण जन्म/मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति मिलने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।अत- उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 05/06/2025 को या तो स्वयं या किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थिति होकर प्रस्तुत करें।नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया।

जारी दिनांक-20/05/2025

**तहसीलदार किरनापुर**
**जिला बालाघाट(म.प्र.)**



**आम सूचना**

सूचना हो कि ग्राम बूढ़ी, प.ह.न. 13/1, रा.नि.मं. बालाघाट, तह.-जिला बालाघाट में स्थित खसरा क्रमांक 93 में से क्षेत्रफल 0.092 हेक्टेयर भूमि 54 *485=9990 वर्गफिट जिसे आगे सौदेशुदा भूमि कहा गया है. श्री शिवशंकर आत्मज नीलाम्बर प्रसाद दीक्षित निवासी अन्नपूर्णा पथ बालाघाट द्वारा स्वयं तथा अपने भाईयों की ओर से मेरे पक्षकार श्री विक्रांत आत्मज श्री ऋषिराम वर्मा, निवासी गौली मोहल्ला, बालाघाट को विक्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र दिनाँक 24.05.2024 को किया जाकर बयाने में बड़ी धन राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त की गई है। उक्त विक्रय अनुबंध पत्र आज भी वैध एवं प्रभावी है जिसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा या मेरे पक्षकार द्वारा निरस्त नहीं किया गया है। दिनांक 31.03.2025 को विक्रय पत्र का पंजीयन होने की शर्त अनुबंध पत्र में लिखी गई थी किन्तु नियत तारीख के बाद विक्रेता शिवशंकर दीक्षित बेईमानी पूर्वक सौदेशुदा भूमि बढ़ी हुई कीमत पर किसी अन्य के पक्ष में विक्रय करने फिराक में है ऐसी मेरे पक्षकार को सूचना मिली है। अत: सूचना हो कि उक्त भूमि सौदेशुदा विवादित है जिसके सम्बंध में मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय में कानूनी कार्यवाही की जा रही है। सौदेशुदा भूमि अन्यत्र विक्रय करने का विक्रेता को वैधानिक अधिकार नहीं है इसलिए कोई भी व्यक्ति सौदेशुदा भूमि विक्रेता शिवशंकर दीक्षित या अन्य किसी से किसी भी रूप में अपने पक्ष में अंतरित/अर्जित करने हेतु अग्रसर न हो। इस सूचना के प्रकाशन के बाद भी यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि को अर्जित/अंतरित या उसका प्रयास करता है तो ऐसा अर्जन/अंतरण अवैध और अनाधिकृत होकर मेरे पक्षकार के विरूद्ध अबाध्यकारी और निष्प्रभावी होगा और मेरे पक्षकार द्वारा की जाने वाली कानूनी कार्यवाही में न्यायालय द्वारा पारित होने वाली डिक्री के अधीन होगा।

**पीयूष ब्रम्ह, अधिवक्ता**
**वार्ड क्रमांक 16, बालाघाट**
**मोबाईल 9617474499**


# अंबेडकर चौक से रैन बसेरा मार्ग का कार्य हुआ बंद, आवागमन में वार्ड वासी को हो रही परेशानी

## व्यस्ततम मार्ग होने से हो रही परेशानी, 500 मीटर के रास्ते के लिए वार्ड वासियों को कुछ किलोमीटर आना पड़ रहा घूम के



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अंबेडकर चौक से लेकर रैन बसेरा रोड की लगभग 100 मीटर से 150 मीटर की पक्की रोड का निर्माण नगर पालिका के द्वारा किया जा रहा है किंतु इन दिनों काम बंद हो जाने के कारण रहवासी यहां से आना जाना करने में काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं, जिसको लेकर कुछ वार्ड वासियों द्वारा नगर पालिका में जाकर बन रही रोड में हो रही लेट, लतीफी का विरोध भी किया गया है ।जहां कुछ वार्ड वासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा 15 दिनों से रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है किंतु आधी रोड बनाए जाने के बाद रोड का काम को बंद कर दिया गया है। जबकि यह बहुत ही व्यस्ततम मार्ग है ,यहां से लोगों का बहुत अधिक आना-जाना रहता है, उस हिसाब से रोड को जल्द से जल्द बनाया जाना था, किंतु अभी बीते कुछ दिनों से रोड का काम को रोक दिया गया है, जिससे वार्ड वासियों को काफी परेशानी हो रही है, वार्ड वासी मांग कर रहे हैं कि नगर पालिका इस रोड को जल्द से जल्द बनाकर यहां से पुन: आवागमन शुरू कराये। आपको बता दे कि शहर मुख्यालय की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में बन नहीं सीमेंटीकरण सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा अधूरा कर करीब 5-6 दिन से काम बंद कर दिया गया है। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से यहां के रहवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और अपने गंतव्य तक पहुंचने करीब 2 से 3 किलोमीटर का फेरा लगाकर आवाजाही करना पड़ रही है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा कर कार्य बंद कर दिये जाने से रहवासी काफी नाराज है। इस कॉलोनी में रैन बसेरा बना हुआ है। जहां नपा के सीएमओ भी रहते है, वहीं यहां काफी प्रतिष्ठित लोग निवास करते है। जिससे लोगों की आवा-जाही अधिक रहती है। बता दें कि उक्त सड़क निर्माण करीब सौ से डेढ़ सौ मीटर तक होना है उसमें भी ठेकेदार द्वारा सीमेंट नहीं होना बताकर काम बंद कर दिया गया है। स्थानीय रहवासियों ने नपा प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण कराये जाने की मांग की है।

### करीब 5-6 दिन से काम बंद कर दिया है - धर्मेन्द्र यादव

इस संबंध में स्थानीय रहवासी धर्मेन्द्र यादव सहित अन्य ने बताया कि नपा द्वारा रैन बसेरा जाने वाले मार्ग पीडबल्यूडी कॉलोनी में करीब डेढ़ सौ मीटर सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा पांच सौ मीटर सड़क निर्माण कर सीमेंट नहीं होने की बात कर करीब 5-6 दिन से काम बंद कर दिया है। सड़क निर्माण का कार्य दो सप्ताह से किया जा रहा है। इतनी छोटी सड़क को बनाने में इतना समय लिया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं होने से चौपहिया वाहनों से आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। चौपहिया वाहन पीछे से घूमकर आ रहे है वहां भी ठेकेदार द्वारा नाली खोद दी गई है जिससे भी काफी परेशानी होती है।

### ठेकेदार के पास सीमेंट खत्म हो गई है तो काम बंद हैं - प्रियांक

प्रियांक पिन्टू वर्मा बताते है की जब ठेकेदार के पास पर्याप्त मटेरियल नहीं है तो विभाग को ठेका नहीं देना था। उन्होंने बताया कि आज रहवासियों को बहुत अधिक परेशानी हो रही है और रोड का निर्माण कार्य लगभग 15 दिन पूर्व से किया जा रहा था जबकि आज आधी रोड का निर्माण किए जाने के बाद काम को रोक दिया गया है जिससे आवागमन करने वाले वार्ड वासी अब आने-जाने में परेशान हो रहे हैं उन्होंने अभी बताया कि उन्हें जानकारी मिल रही है कि ठेकेदार के पास सीमेंट खत्म हो गई है जिस कारण से यह कार्य को रोक दिया गया है उनकी मांग है कि इस ठेके को रद्द कर दूसरे ठेकेदार को कार्य दिया जाना चाहिए और जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण कार्य किया जाना चाहिए ।

# साइकिल मोटरसाइकिल की टक्कर में दो व्यक्ति घायल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंढ़की के सोसायटी चौक पर साइकिल मोटरसाइकिल की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार कर जिला




चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है। यह घटना २३ मई की सुबह करीब ११ बजे की बताई जा रही है जिसमें श्रीराम वाडिवे एवं छात्रा पल्लवी नगपुरे घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीराम पिता हीरालाल वाडीवे उम्र २७ वर्ष डोंगरमाली निवासी अपनी पत्नी के साथ वारासिवनी की ओर आ रहे थे। तो वहीं पल्लवी पिता नरेन्द्र नगपुरे उम्र १८ जयगुनटोला झड़गाव निवासी सिलाई कढ़ाई सीखने के लिए प्रतिदिन की तरह मेंढ़की आ रही थी। तभी सोसायटी चौक पर साइकिल और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई जिसमें दोनों चालक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें संजीवनी १०८ की सहायता से सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में दोनों घायलों को हाथ पैर सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोट आई है जिसका उपचार जारी है।


**विक्रय/किराये से देना है**

श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड ग्राउंड फ्लोर एवं उसके उपर के दो फ्लोर (फ्लोर हाइट 15 फीट) पर स्थित कुल एरिया 3000 वर्गफीट का हाल/ दुकान/, बेचना/ किराये से देना है

-संपर्क-
8817024586, 9201340520



**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.**

रा0प्र0क0/0004/3-154/वर्ष 2025-26
साकिन:- कान्द्रीकला प0ह0नं0. 67
रा0नि0मं0 सेवती तहसील किरनापुर

**समाचार प्रकाशन**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमराज पिता मोहनलाल जाति महार निवासी ग्राम कान्द्रीकला तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपनी पत्नि उमाबाई पति हेमराज की मृत्यु दिनांक 15/08/1995 को मृत्यु हो जाने से मत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक 27/05/2025 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत देनाक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेंगा। नियत दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। दिनांक 13/05/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार किरनापुर**
**जिला बालाघाट(म.प्र.)**


# शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्यालय प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारम्भ हो गए हैं।विद्यालय में कक्षा 7वीं एवं 8वीं की अंग्रेजी माध्यम तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं की हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के लिए रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी कार्यालयीन समय में विद्यालय पहुंचकर आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं और अंतिम तारीख 31 मई तक जमा कर सकते हैं। कक्षा 11वीं एवं 12वीं में प्रवेश एसएमडीसी द्वारा निर्धारित उत्तीर्ण प्रतिशत के आधार पर मेरिट सूची के द्वारा दिया जाएगा।

# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज चौथा दिन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एनसीसी के 96वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरुआत सुबह 5 बजे शारीरिक व्यायाम और पीटी से हुई। इसके बाद कैडेट्स को ड्रिल और हथियार का प्रशिक्षण दिया गया और एनसीसी कक्षा का संचालन किया गया। शाम में विशेष व्याख्यान के दौरान नगरपालिका परिषद बालाघाट की फायर फाइटिंग टीम ने कैडेट्स को आग से बचाव के तरीके बताए और फायर फाइटिंग का डेमो दिया। इसके बाद वालीबॉल और रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी श्रवण बोदेले, लुखेन्द्र शिव और अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।




**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# पार्सल कैंसिल करवाने के नाम पर हो रही साइबर ठगी

## जिले में नहीं रुक रही साइबर ठगी ,नये-नये तरीको से साइबर ठग बना रहे जनता को अपना निशाना

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिले में साइबर अपराध के मामले धीरे-धीरे बढ़ते ही जा रहे हैं । जहां एक ओर पुलिस द्वारा जिले वासियों को साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी जा रही है तो साइबर अपराधियों द्वारा नित्य नए-नए लुभावने वादे और नए-नए तरीकों से जिले की भोली भाली जनता के साथ साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है और भोली भाली जनता के खातों को कुछ ही मिनट में खाली कर दिया जा रहा है ।पहले साइबर ठग फोन से पासवर्ड मांग कर बैंक अकाउंट खाली किया करते थे। किंतु इन दिनों जिले में साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग के पार्सल को कैंसिल करवाने के बहाने ओटीपी जानकर टेलीग्राम के माध्यम से लोगों की जमा पूंजी को चुरा रहे है ।ऐसे कई मामले साइबर थाने में दर्ज हुए हैं जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र से 20 से 25 युवकों से 30,000 रुपयों की साइबर ठगी की घटना घटित हुई है ।**

आपको बता दे की पहले साइबर ठगों द्वारा व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के माध्यम से लुभावने वादे और अलग-अलग तकनीक से जिले की भोली भाली जनता से ओटीपी मांग कर उनके बैंक अकाउंट खाली किए जाते थे, किंतु अब




साइबर ठग द्वारा ऑनलाइन मगवाने वाले पार्सलों के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की जा रही है, जिसमें सर्वप्रथम साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन पार्सल आए जाने की जानकारी भोली भाली जनता को दी जाती है और जब वह ऑनलाइन शॉपिंग नहीं किए जाने की बात कहते हैं तो उनसे उनके नाम पर पार्सल आए जाने की बात कह कर उस पार्सल को कैंसिल किए जाने के लिए ओटीपी भेजी जाती है और उस ओटीपी के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा भोली भाली जनता से उनके टेलीग्राम अकाउंट को हैक कर दिया जाता है और उससे उनके पहचान वालों को मैसेज कर उनसे राशि मांगी जाती है, ऐसे ही साइबर थाने में लगभग महीने भर में 20 से 25 मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें अलग-अलग मामलों में साइबर ठगों द्वारा जिले की भोली भाली जनता से 30,000 रूपये की राशि ठग ली गई है, जिसमें साइबर शाखा के पुलिसकर्मियों ने बताया कि बीते एक महीने से हर दिन एक न एक घटना इसी प्रकार की साइबर थाने में शिकायत के माध्यम से आ रही है जिसको लेकर उन्होंने जिले वासियों से सतर्क और सावधान रहने की भी अपील की है।

### 20 से 25 लोग से हुई साइबर ठगी

जब हमारे द्वारा साइबर थाने में आयी लगभग 1 महीने की शिकायतों पर गौर किया गया तो पता चला कि जिलेभर में लगभग एक महीने के अंदर 20 से 25 लोगों को पार्सल कैंसिल करवाने के नाम पर साइबर ठगों द्वारा उनका टेलीग्राम हैक कर उनके परिचितों से जिले के अलग-अलग क्षेत्र से 30,000 रुपयों की साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है और सभी 25 मामलों में साइबर ठगों ने एक ही पैटर्न का उपयोग करते हुए जिले की भोली भाली जनता से ओटीपी भेज कर पार्सल कैंसिल करे जाने के नाम पर इंस्टाग्राम के माध्यम से राशि को ठगा है।

# मानेगांव निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत

## 2 दिन पहले सुदेश के साथ दो लोगों ने की थी मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मानेगांव निवासी एक व्यक्ति सुदेश पिता सूबेलाल सिंगरे 45 वर्ष की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। बीती रात अचानक तबीयत खराब होने पर इस व्यक्ति को जिला अस्पताल लाया गया था किंतु डॉक्टर ने उसे अमृत घोषित कर दिया। इस व्यक्ति के साथ दो दिन पहले ग्राम मानेगांव में ही किसी व्यक्ति द्वारा मारपीट किए किए जाने की बात सामने आ रही है। भरवेली पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मानेगांव वार्ड नंबर 2 में सुरेश सिंगरे अपने परिवार के साथ रहता था और मजदूरी करता था। जिसके परिवार में पत्नीऔर एक लड़का शिव शंकर सिंगरे 21 वर्ष का है और वह पढ़ाई कर रहा है । यह भी बताया गया है कि सुदेश सिंगरे शराब पीने का आदी था। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले सुदेश सिंगर के साथ दो लोगों ने मारपीट की थी इसके बाद से ही उसकी तबीयत खराब हो गई थी। 22 मई की रात्रि 10 बजे सुदेश सिंगरे की अचानक तबीयत खराब होने पर परिवार वालों ने उसे तुरंत ही जिला अस्पताल आए थे ।किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिए। इसके बाद सुदेश सिंगरे की लाश उसके परिजनों ने घर ले गए थे। किंतु 23 मई को सुदेश सिंगरे के बेटे रवि शंकर सिंगर ने अपने पिता सुदेश सिंगरे की संदिग्ध स्थिति में मौत होने की रिपोर्ट भरवेली पुलिस थाना में की थी। सहायक उप निरीक्षक सोमलाल कावरे नर मृतक सुदेश सिंगरे की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात जिला अस्पताल बालाघाट में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं। बताया गया है कि सुदेश सिंगरे के गला सीना सहित अन्य जगहों में कुछ चोट के निशान पाए गए ।जिससे सुदेश सिंगरे की मारपीट में आई आंतरिक चोट की वजह से मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। भरवेली पुलिस द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 मई को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीणा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 मई को आयोजित की जाएगी। बैठक शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# कोदो, कुटकी, रागी और मक्के का रकबा बढ़ाने का सही समय -कलेक्टर श्री मीना

## मिलावटी खाद बीज से किसानों को बचाने के लिए कृषि विभाग सर्तकता बरते सतर्कता

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में खरीफ के सीजन की तैयारियों के सम्बंध में कलेक्टर मृणाल मीना ने गत दिवस गुरूवार को कृषि विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में चिन्नोर चावल की मार्केटिंग के सम्बंध में भी आवश्यक रूपरेखा पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में गत वर्षों में खरीफ सीजन में फसलों के रकबे पर विस्तार से जानकारी लेने के



पश्चात विभाग को मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए दो गुना लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए है। गत वर्ष कोदो का 7.31 हेक्टेयर रकबा था वही अब खरीब में 13000 हेक्टेयर करने की तैयारी की जाएगी। इसी तरह कुटकी जो गत वर्ष 3.23 था अब 7000 है.रागी 1.01 है.से 3000 है और मक्का 15.83 है से 30000 है.रकबा बढ़ाने और इस लिहाज से तैयारी करने के निर्देश दिए है। वहीं कृषि विभाग के अमले को खरीफ के सीजन में और अधिक सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि मिलावटी खाद बीज के सम्बंध में किसानों के साथ कोई धोखाधड़ी न हो इसके लिए विभाग निरीक्षण के साथ ही तत्प्रता रखें। जहाँ भी ऐसी कोई सूचना हो कार्यवाही सुनिश्चित रूप से करें। बैठक में आत्मा परियोजना संचालक अर्चना डोंगरे, कृषि अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ, नाबार्ड के अधिकारी तथा ऋषि विभाग के एसडीओ मौजूद रहे।

### लगातार निरीक्षण और वेरिफिकेशन का दायरा बढ़ाए

कलेक्टर श्री मीना ने विभाग को चेताया कि ऐसी कोई घटना न हो कि किसान ठगा जाए। इसके लिए कृषि विभाग का अमला सक्रिय होकर छोटी से छोटी शंका होने पर गहराई में जाकर जांच करें। साथ ही फर्मों का लगातार निरीक्षण कर वेरिफिकेशन का दायरा बढ़ाये। इसके अलावा नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए भी समन्वय करें। प्रभारी कृषि उपसंचालक विनय धुर्वे ने बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि अब तक उर्वरकों के 23 और बीज के 92 नमूने लिए गए है।

### चिन्नोर चावल की मार्केटिंग स्ट्रेटजी की जिम्मेदारी एफपीओ की भी

कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में चिन्नोर चावल की मार्केटिंग के स्ट्रेटजी पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने एफपीओ द्वारा इस क्षेत्र में किये गए प्रयासों के बारे में जाना। एफपीओ के विशाल कटरे ने बताया कि पहली बार में ऑर्डर आये है, लेकिन दूसरी बार में कोई ऑर्डर नही मिल रहे है। कृषि मंडी निरीक्षक व एक जिला एक उत्पाद नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में सांची पार्लर के अलावा अन्य दुकानों पर अब चिन्नोर की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। जबकि ऑनलाइन अमेजन, फ्लीफ कार्ड और मिशो पर भी उत्पाद को बढ़ावा देने की कार्यवाही प्रचलित है।

# नगर के एक युवक की फांसी लगाने और एक 16 वर्षीय लड़की की सांप काटने से मौत

## जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती एक व्यक्ति ने भी दम तोड़ा

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नगर के वार्ड नंबर 22 कंडरा मोहल्ला में एक 26 वर्षीय युवक ऋतिक उर्फ वासु पिता राजेश करवते की घर में सीलिंग फैन में फांसी से मौत हो गई तो वहीं कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम खैरी में एक 16 वर्षीय लड़की की सांप के काटने से मौत हो गई । दोनों घटना22 मई की रात्रि में हुई। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक युवक ऋतिक उर्फ वासु करवते और सांप के काटने से मृत लड़की रुबीना पिता गणेश गिरी गोस्वामी 16 वर्ष ग्राम खैरी निवासी का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये । युवक ऋतिक उर्फ वासु करवते ने किस वजह से फांसी लगाई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक गजेंद्र पिता देव सिंह आहके 55 वर्ष ग्राम डोंगरगांव रामपायली निवासी है।**

### ऋतिक ने सीलिंग फैन में लगाई फांसी

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋतिक उर्फ वासु करवते दो भाई है। परिवार में माता-पिता सहित अन्य लोग भी है। ऋतिक उर्फ वासु नगर की कपड़े दुकान में काम करता था और उसका छोटा भाई किशन करवते पढ़ाई कर रहा है। 22मई की रात्रि में रितिक करवते अपने घर के ऊपर वाले कमरे में चला गया था ।जिसे परिजनों ने खाना खाने के लिए बोले किंतु पिज्जा खाकर आया हूं बोलकर उसने खाना नहीं खाया और कमरे में ही था ।रात्रि 12-30 बजे करीब रितिक का छोटा भाई किशन करवते गोंदिया से घर आया और वह खाना खाकर ऊपर कमरे में सोने के लिए गया था तभी उसने अपने भाई ऋतिक करवते को सीलिंग फैन में फांसी पर लटका हुआ देखा। ऋतिक करवते ने सीलिंग फैन में साड़ी बांधकर



फांसी लगा ली थी । किशन करवते ने तुरंत परिवार वालों को बताया ।इसके बाद ऋतिक को फांसी से उतारकर कर तुरंत जिला अस्पताल लाये किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिए ।संभवत ऋतिक करवते की घर में ही मौत हो चुकी थी। 23 मई को जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने आरक्षक विक्रम शर्मा के साथ मृतक ऋतिक उर्फ वासु करवते का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु कोतवाली भिजवा दी गई है। इस युवक ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की, अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है आगे मर्ग जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।

### 16 वर्षीय रुबीना की सांप के काटने से मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुबीना गिरी गोस्वामी के पिता गणेश गिरी गोस्वामी मूल रूप से ग्राम शेरपार थाना परसवाड़ा के रहने वाले हैं। और मजदूरी करते हैं 4 वर्ष पहले से गणेश गिरी गोस्वामी ग्राम खैरी में बैनगंगा नदी के किनारे टोली में झोपड़ा बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। जिसके परिवार में पत्नी पांच लड़की और एक बेटा है गणेश गिरी गोस्वामी अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ बाहर मजदूरी करने चले गए हैं और खैरी में उनकी दो बेटी और एक लड़का रहते हैं। बताया गया है कि 22 मई की रात्रि रुबीना ने अपने बहन भाइयों के साथ खाना खाई और घर में ही नीचे सो गई थी तभी रात्रि में रुबीना के बाएं हाथ में किसी जहरीले सांप ने काट दिया। सांप के काटने का एहसास होने पर रुबीना उठी और अपने बहन भाई के अलावा मोहल्ले वाले को बताइए इसके बाद रुबीना बेहोश हो गई थी जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल ले किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिए। खबर मिलते हैं इस लड़की के माता-पिता भी पहुंच चुके थे ।23 मई को जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने आरक्षक विक्रम शर्मा के साथ मृतिका रुबीना का शव पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम करवाये इस दौरान ग्राम खैरी के सरपंच गौरीशंकर मोहारे अन्य लोग भी जिला अस्पताल में पहुंच गए थे जिला अस्पताल पुलिस ने रुबीना का शव उनके परिजनों को सौंप दिए और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।

### आइशोलेशन वार्ड में भर्ती एक व्यक्ति की मौत

जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई मृतक व्यक्ति गजेंद्र पिता देवसिंह आहके 55 वर्ष ग्राम डोंगरगांव थाना रामपायली निवासी है। बताया गया कि गजेंद्र आहके खेती मजदूरी करता था जिसके परिवार में पत्नी लीलाबाई आहके के अलावा चार बच्चे हैं जिनमे बड़ी बेटी और एक बेटा की शादी हो चुकी है। बताया गया है कि गजेंद्र 5 वर्ष से घर से बाहर रहता था घर नहीं आता था कभी कभी शराब भी पीता था ।अधिकतर गजेंद्र सिकंदरा, कोसते, कायदी, वारा में देखा जाता था। कुछ दिन पहले ही गजेंद्र को जिला अस्पताल बालाघाट के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान 22 मई की शाम 6-00 बजे गजेंद्र की मौत हो गई। खबर मिलते है उसकी पत्नी लीलाबाई आहके अपने परिवार के साथ जिला अस्पताल पहुंची ।23 मई को जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी शिवदयाल पटले ने आरक्षक शरद यादव के साथ मृतक गजेंद्र आहके का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम करवा हेतु पुलिस थाना रामपायली भिजवा दी है।

# फिर कचरा संग्रह केंद्र में लगी आग

## चार करोड़ की लागत से नपा करवा रही कचरा पृथक्करण का कार्य

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका द्वारा इन दिनों रेंगाटोला स्थित डंपिंग यार्ड में जमा हुए कचरे को रीसाइक्लिंग करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर यह कार्य करवाया जा रहा है । बताया जा रहा था कि पूरे कचरा को रिसाइकल कर कचरा मैदान को पूरी तरह से साफ कर दिया जाएगा। जिसके लिए एक निजी कंपनी यहां काम कर रही है । किंतु अभी बीते दिनों अचानक कचरा घर में आग लग गई जो कुछ दिन तक लगी रही । बताया यह जा रहा है कि अभी यहां कचरा को रीसाइकलिंग करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे में बड़े स्तर पर आग लगना और वह दो से तीन दिनों तक यहाँ कचरे का जलना कहीं ना कहीं कई प्रश्नों को जन्म देता है । जबकि यहां लगातार कर्मचारी और निजी कंपनी के लोग रह रहे हैं और आग पूरे आधा एकड़ में फैल गई और कुछ दिनों तक यह आग नहीं बुझी । आपको बता दे कि शहर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका द्वारा रेंगाटोला स्थित डंपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता हैं। जहां अब नगर पालिका एकत्रित हुए कचरे के डंप को रिसाईकिल करने का कार्य कर रही है जिसे बाहर की कंपनी द्वारा डंप हुए कचरे को मशीन के माध्यम से रिसाईकिल किया जा रहा है। जिससे कचरे में मौजूद प्लास्टिक ,पॉलीथिन और मिट्टी मशीन द्वारा अलग-अलग कर दी जाएगी। जिसे कंपनी द्वारा अलग अलग हुए इस पदार्थ को बाहर ले जाकर बेच दिया जाएगा और उपयुक्त मिट्टी से पुन- रेंगाटोला स्थित डंपिंग यार्ड को मैदान की तरह समतल करने की योजना नगर पालिका द्वारा तैयार की गई है जिसके निष्पादन दिल्ली की आयुषी हाइजिन केयर प्रायवेट लिमिटेड ने बालाघाट के टिचिंग ग्राउंड कचरा पृथ्थकरण केन्द्र में रखे कचरे के निष्पादन का ठेका लिया है। जो 4 करोड़ रोड बनाने और आर्गेनिक खेती के लिए कृषि सेक्टर में




के इस प्रोजेक्ट में कंपनी पूरी तरह से मैदान में रखे हजारों टन कचरे का निष्पादन करेगी। कंपनी को यह काम 6 महिने में करना है। सरकार की सोच हैं की पुराने कचरे के पहले निष्पादन की शुरूआत की जाये । जिसका प्रोजेक्ट कंपनी को मिला है। 4 करोड़ के इस टेंडर में कंपनी, ग्राउंड में रखे, कचरे का निष्पादन करेगी। इससे निकलने वाले हैवी वेस्ट का अधिकार कंपनी को होगा। जिसको एमएसडब्ल्यु 2016 रूल के अनुसार आरडीएफ को पॉवर प्लांट, सीमेंट प्लांट, पीडब्ल्युडी में सप्लाई किया जाएगा । किंतु अभी बीते दिनों कचरा संग्रह केंद्र में लगभग आधा एकड़ के हिस्से में आग लग गई जिससे कुछ दिनों तक यहां का कचरा जलता रहा , बताया जा रहा है कि यह आग बड़े स्तर पर लगी थी या लगा दी गई थी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है और कुछ एकड़ में फैला प्लास्टिक युक्त कचरा तीन दिन तक जलता रहा । जिससे नगर पालिका द्वारा भी धीरे-धीरे कर ही बुझाया गया है । सवाल यह उत्पन्न हो रहा है कि जब यहां करोड़ों रुपए की लागत से नगर पालिका निजी कंपनी से कचरा पृथक्करण का कार्य करवा रही है तो फिर कचरे में आग कैसे लग गयी जबकि अभी तक कभी कचरा संग्रह केंद्र में आग नहीं लगी और अचानक से यहां आग कैसे लग गई। जबकि इन दिनों कचरा पृथक्करण का कार्य 24 घंटे चल रहा है और यहां निजी कंपनी के आदमियों के साथ-साथ नगर पालिका के भी सफाई कर्मचारी यहां उपस्थित रहते हैं । उसके बावजूद इतने बड़े स्तर पर आग लगना कहीं ना कहीं कई सवालों को भी जन्म देता है वहीं विपक्ष का कहना है कि यहां आग लगी नहीं है बल्कि लगा दी गई है जिससे कि निजी कंपनी को कचरा पृथक्करण करने के लिए कम समय लगे ।

### आग बुझाने के लिए नहीं है कोई साधन

सूत्रों की माने तो यहां पर आग बुझाने के लिए कोई बड़ा साधन नहीं है । हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा यहां बोर करवाया गया है। किंतु बोरिंग भी सिर्फ कुछ ही मिनट तक चलती है और उसके बाद बोरिंग से पानी आना बंद हो जाता है । जिसके बाद यहां आग बुझाने के लिए कोई साधन नहीं है, जबकि देखा जाए तो यह वैनगंगा नदी के किनारे पर ग्राउंड है उसके बाद भी आग लगने पर यहां आग बुझाने के लिए कोई ठोस साधन नहीं होने के कारण यहां आग लगी रहती है और कुछ दिनों तक यहां कचरा का ढेर जलते रहता है ,ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ना हो लेकिन कोई भी संबंधित अधिकारी इस विषय पर संज्ञान नहीं लेता ऐसा ही मामला 21 और 22 मई को यहां देखने को मिला और कचरा धीरे-धीरे जलते रहता हैं ।

# सीतापठौर व परसवाड़ा सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त तथा बैहर व नेवरगांव सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा द्वारा 2 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. सीतापठौर के लिए वनपाल श्री रामनरेश यादव व परसवाड़ा के लिए वनपाल मुकेश कुमार घोरमारे को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री ओझा द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार प्रारंभिक 2 समितियों में महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तारीख 5 जून, महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक की तारीख 8 जून, आम सभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तारीख 9 जून, नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 17 जून, नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध पत्रों की सूची का प्रकाशन 17 जून, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव चिन्हों का आवंटन 18 जून, विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तारीख 23 जून, रिक्त स्थानो एवं वृत्तीक संचालकों के संयोजन की तारीख 24 जून, रिक्त स्थानों के नामांकन की तारीख 25 जून, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए सूचना जारी किए जाने की तारीख 26 जून, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन की तारीख 29 जून को सम्पन्न किया जाएगा। वही सहकारी समिति मर्या. बैहर के लिए वनपाल श्री देवेंद्र कुमार मरावी व नेवरगांव के लिए उप अकेंक्षक हर्षित भलावी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री ओझा द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार प्रारंभिक 2 समितियों में सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तारीख 28 मई, प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तारीख 4 जून, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण की तारीख व अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तारीख 5 जून, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तारीख 9 से 11 जून, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की अंतिम तारीख 18 जून, राज्य सहकारी निर्वाचन अधिकारी को अंतिम सूची प्राप्त करने की तारीख 23 जून को सम्पन्न किया जाएगा।

# बबरिया में बना सेग्रिकेशन शेड देख-रेख के अभाव में हुआ क्षतिग्रस्त

## लाखों रूपयों की लागत से बना सेग्रिकेशन शेड का नही हो रहा उपयोग, जिम्मेदार मौन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत बबरिया के द्वारा बबरिया से पिपरिया मार्ग पर विगत वर्ष पूर्व शासन की लाखों रूपयों की लागत से ग्राम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए सेग्रिकेशन शेड का निर्माण करवाया गया है। साथ ही इस सेग्रिकेशन शेड में गीला एवं सुखे कचरे को रखकर उसे नष्ट करना था। लेकिन बबरिया में बना सेग्रिकेशन में न ही कचरा रखा जा रहा है एवं देख-रेख भी नही की जा रही है। ऐसी स्थिति में लाखों रूपयों की लागत से बना सेग्रिकेशन शेड क्षतिग्रस्त होने लगा है। जबकि शासन की मंशा थी कि घरों के गीले व सुखे कचरे को एकत्रित कर सेग्रिकेशन शेड में रखा जाये ताकि ग्राम में स्वच्छता बनी रही । लेकिन बबरिया में विगत वर्ष पूर्व शासन की योजना के तहत बनाये गये सेग्रिकेशन का उपयोग अब तक नही हुआ है एवं देख-रेख के अभाव में क्षतिग्रस्त होने लगा है। इस तरह से शासन की राशि का दुरूपयोग हुआ है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। साथ ही सेग्रिकेशन शेड को ग्राम से काफी दुर बनाया गया है जिसके कारण भी ग्रामीणजनों को इसका



लाभ नही मिल पा रहा है इसलिए ग्रामीणजनों ने क्षतिग्रस्त हो रहे सेग्रिकेशन शेड का मरम्मत कार्य करवाकर उसका उपयोग करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। आपकों बता दे कि गांव को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए जिले के हर पंचायत में सेग्रिकेशन शेड निर्माण कार्य शासन के द्वारा करवाये गये है, लेकिन उसका उपयोग एवं लाभ ग्रामीणजनों को नही मिल रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत बबरिया में भी विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से ग्राम के बाहर सेग्रिकेशन शेड का निर्माण किया गया है, लेकिन उसका उपयोग नही किया जा रहा है एवं देख-रेख भी नही की जा रही है। जिसके कारण लाखों रूपयों की लागत से बना सेग्रिकेशन औचित्यहीन साबित होने के साथ ही देख-रेख के अभाव में क्षतिग्रस्त होने लगी है। जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजनों का कहना है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत सेग्रिकेशन शेड निर्माण विगत वर्ष पूर्व ग्राम में किया गया है लेकिन उसमें कचरा नही डाला गया है एवं उपयोग भी नही किया गया है, न ही देख-रेख की जा रही है। जिसके कारण टीन शेड क्षतिग्रस्त होकर गिरने लगें हैं। ऐसे में सेग्रिकेशन शेड ग्रामीणों के लिए मात्र शो पीस बनकर रह गया है एवं लाखों रूपये खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ, सुंदर गांव के ओर बढ़ते हुए नहीं दिख रहे हैं इसलिए प्रशासन से मांग है कि जिस मंशा से सेग्रिकेशन शेड बनाया गया है उसका उपयोग पंचायत के माध्यम से करवाये ताकि ग्राम सुन्दर व स्वच्छ बन सके।

### इनका कहना है

ग्राम बबरिया में पूर्व सरपंच के कार्यकाल में ग्राम से काफी दुर सेग्रिकेशन शेड का निर्माण किया गया है, लेकिन दुर होने के कारण उसका उपयोग नही हो पा रहा है, जिसके कारण खराब होने लगा है। जबकि उसका निर्माण गांव के समीप किया जाना था तब जिस मंशा से सेग्रिकेशन शेड बनाया गया था उसका लाभ ग्रामीणजनों को मिलता। शासन को पत्र लिखकर उसके मरम्मत कार्य एवं अन्य उपकरण हेतु राशि की मांग की गई है, राशि स्वीकृत होने के बाद उसका मरम्मत सहित अन्य कार्य करवाये जायेगें।

**मोहनलाल गौतम**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बबरिया**

# समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करना, कठिन विषयों को पहले पढ़ना, रिवीजन करना सफलता की कुंजी है - महेन्द्र

### समर कैंप में बच्चों को मिला कैरियर एवं सुरक्षा का मंत्र, साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के फिजिकल क्लब मैदान में गत दिवस से ग्रीष्मकालीन (समर कैंप) खेल प्रशिक्षिण शिविर जारी है। इस शिविर में पूरी ऊर्जा और उत्साह



के साथ बच्चों को एथलेटिक्स, व्हालीवाल सहित अन्य खेलों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य केवल खेल प्रतिभाओं को निखारना ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायता करना भी है। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार की सुबह की पाली में विशेष अतिथि के रूप में लालबर्रा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक महेन्द्रसिंह बघेल एवं वरिष्ठ आरक्षक सुशील विश्वकर्मा शिविर में पहुंचकर बच्चों को आवश्यक जानकारियां प्रदान की। जिसमें श्री बघेल ने बच्चों, प्रशिक्षकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। श्री बघेल ने सबसे पहले पढ़ाई के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यदि कोई भी विद्यार्थी सरकारी सेवा में जाना चाहता है, तो उसे पढ़ाई में निरंतरता बनाये रखनी चाहिए और समय सारणी बनाकर पढ़ाई करना, कठिन विषयों को पहले पढ़ना और रिवीजन करते रहना सफलता की कुंजी है। श्री बघेल ने कहा कि परीक्षा पास करने के लिए केवल किताबें ही नहीं, व्यवहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास भी जरूरी है एवं सरकारी पदों पर चयन की प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शरीर को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के लिए नियमित दौड़, साइक्लिंग, रस्सी कूद और फुर्ति से जुड़े अभ्यास करने की बात कही। श्री बघेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बच्चों को असामाजिक तत्वों से सावधान रहने की सलाह दी और आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की ओर भी ध्यान दिलवाया। साथ ही बच्चों से कहा कि वे सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर अजनबियों से दूरी बनाये रखे और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें क्योंकि आजकल ठग बच्चे-बूढ़े सबको फंसा रहे हैं। बैंक अकाउंट, ओटीपी, पासवर्ड जैसी कोई भी जानकारी किसी को न देने एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर १९३० की जानकारी भी दी। श्री बघेल ने बच्चों से कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए सच्चाई, मेहनत और अनुशासन अनिवार्य है, झूठ, चोरी और नशे की आदतें जीवन को बर्बाद कर देती हैं। खुद को मजबूत बनाओ, दूसरों की मदद करो और कभी भी गलत रास्ते पर मत चलो, यह संदेश उन्होंने अत्यंत भावनात्मक ढंग से बच्चों को दिया। इस अवसर पर औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के चेयरमैन ओपी बिसेन, सेक्रेटरी शरद धानेश्वर, मुख्य प्रशिक्षक कु. राधिका नायक, भुनेश्वर कटरे सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महारानी अहिल्याबाई होल्कर की विरासत एवं ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये - रेखा

### जनपद में महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जन्म शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वीं जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर संपूर्ण देश में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के द्वारा विकास भी, विरासत भी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेशभर में महिला वॉकेथॉन, जनसंवाद, प्रतियोगिताएं और अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाना है। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता महारानी अहिल्याबाई के न्यायप्रिय प्रशासन, मंदिरों के जीर्णोद्वार, धार्मिक-सांस्कृतिक उत्थान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को आम जनता तक इस कार्यक्रम के माध्यम से पहुंचाने का कार्य कर रहे है। साथ ही २१ मई से लेकर ३१ मई तक महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत के सभाकक्ष में २३ मई को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन के प्रमुख आतिथ्य, जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी, उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिला व बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती, महारानी अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने उपस्थितजनों को होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र, उनकी वीरगति, उनके द्वारा धार्मिक, राजनीतिक, संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों पर किये गये लोक कल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया गया और सभी से अपील की गई है कि वह अपने-अपने स्तर पर होलकर वंश की इस महान शक्तिशाली महारानी अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा किये गये लोक हितैषी, ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये। जिला पंचायत बालाघाट पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वीं जयंती के अवसर पर जन्म शताब्दी वर्ष मनाने का निर्णय लिया है। जिनके निर्देशानुसार हर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड स्तर २१ मई से ३१ मई तक जन्म शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लालबर्रा जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वीं जन्म शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती बिसेन ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी सहित सभी उपस्थित हुए थे जिन्हे होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई होल्कर के वीरगाथा के बारे में जानकारी दी गई है और उनके द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यों, विरासत के बारे में बताया गया है। साथ ही यह भी बताया कि भाजपा के हर युवा, महिला सहित अन्य विंगों के सदस्य महारानी अहिल्याबाई होल्कर की विरासत व उनके ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगें। जिससे लोगों में जनजाग्रति लाई जायेगी कि उन्होने किस तरह से देशहित में काम किया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन

# सड़क के बीच में बने ढलान (गड्डे) का करवाया गया मरम्मत कार्य, आवागमन में होगी सुविधा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. से बुट्टा ह.- बेहरई पहुंच मार्ग स्थित ग्राम सूरजाटोला के नहर के समीप सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा पानी निकासी के लिए मोगा लगाया गया है। जिससे एक साईड का पानी दुसरे साइड में जाता है। लेकिन मोगा क्षतिग्रस्त होने व मिट्टी नीचे दब जाने से उस स्थान में ढलान (गड्डा) बन गया था। जो दुर से दिखाई नही दे रहा था एवं आवागमन करने वालों को लगता था कि सड़क अज्छी है। ऐसी स्थिति में दुपहिया एवं चौपहिया वाहन चालक तेज गति से गुजरते थे तो जिस स्थान पर रोड़ में ढलान बना हुआ था। उस स्थान पर वाहन अनियंत्रित हो रहे थे, जिससे दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी एवं हर समय बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई थी। उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये और सड़क के बीच में बने ढलान (गड्डे) का मरम्मत कार्य गत दिवस करवाया दिया गया है। सड़क के बीच में बने ढलान (गड्डे) का मरम्मत कार्य हो जाने से अब आने-जाने वालों को आवागमन में सुविधा होगी किन्तु सड़क विभाग के द्वारा गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य नही करवाया गया है। ऐसी स्थिति में तेज बारिश होने पर उक्त स्थान पर सीमेंट व क्रांकीट से जो मरम्मत कार्य करवाया गया है वह जल्द खराब हो जायेगा और समस्या जस की तस हो जायेगी इसलिए ग्रामीणजनों से गुणवत्तापूर्ण सड़क के बीच में बने गड्डे का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है। आपकों बता दे कि मोहगांव ध. से बेहरई पहुंच मार्ग का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है एवं जगह-जगह रोड़ के बीच में सीमेन्ट के मोगे भी लगाये गये है ताकि एक साइड का पानी दुसरे साइड में निकल सके। लेकिन निर्माण कंपनी के द्वारा मोहगांव ध. से सूरजाटोला के बीच नहर के समीप रोड़ के बीच में सीमेन्ट का जो मोगा लगाया गया था वह गुणवत्तापूर्ण नही होने एवं ओवरलोड वाहनों के आवागमन के चलते मोगा कमजोर होने के साथ ही उस स्थान की मिट्टी नीचे दबने या फिर मोगा क्षतिग्रस्त होने के कारण उस स्थान पर ढलान (गड्डा) बन चुका था। जो दुर से दिखाई नही देता था एवं आने-जाने वालों को लगता था कि सड़क बहुत अज्छी है। ऐसी स्थिति में इस मार्ग से दुपहिया एवं चौपहिया वाहन से आने-जाने वाले लोग तेज गति से गुजरते थे और जैसे ही ढलान में पहुंचते है तो उनके वाहन अनियंत्रित हो रहे थे। जिससे हर समय बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है और पूर्व में हादसे भी हो चुके थे। जिससे सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर एवं ग्रामीणों के द्वारा मोहगांव ध. एवं सूरजाटोला के बीच रोड़ के बीच ढलान में बने गड्डे का मरम्मत कार्य करवाने की मांग लंबे समय से कर रहे थे। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे थे, जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त था। वहीं विगत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में उक्त समस्या को लेकर समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद जिम्मेदार अधिकारी हरकत में आये और सड़क के बीच मोगे वाले स्थान पर बने ढलान (गड्डे) का मरम्मत कार्य करवा दिया गया है। वहीं सड़क के बीच में बने गड्डे का मरम्मत कार्य हो जाने से अब आवागमन करने वालों को पूर्व में हो रही परेशानियों से निजात मिल चुकी है।



## मुरझड़ में १५ दिनों से दिन में रहती है बिजली गुल, ग्रामीणजन परेशान - भोजलाल

### ग्रामीणजनों ने विद्युत विभाग से नियमित रूप से बिजली प्रदाय करने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत मुरझड़ में विगत १५ दिनों से दिन के समय दिनभर बिजली गुल रहने से ग्रामीणजनों को इस भीषण गर्मी में खासा परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। साथ ही समय पर बिजली नही मिलने से कृषि कार्य के साथ ही बहुत सारे काम प्रभावित हो रहे है। वहीं ग्रामीणजनों के द्वारा बिजली की इस समस्या से विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को अवगत करवा चुके है लेकिन उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। चर्चा में ग्राम पंचायत मुरझड़ के सरपंच प्रतिनिधि भोजलाल लिल्हारे ने बताया कि ग्राम मुरझड़ में विगत १५ दिनों से अधिक समय से विद्युत विभाग के द्वारा दिन के समय लंबे समय के लिए बिजली कटौती कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में ग्राम में दिनभर बिजली गुल रहने से इस भीषण गर्मी में कुलर, पंखे नही चला पा रहे है जिससे सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो रही है। साथ ही बिजली से चलने वाले उपकरण नही चल पा रहे है, ऑनलाईन दुकान व कियोस्क सेंटर से जुड़े लोगों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। श्री लिल्हारे ने बताया कि बिजली कटौती की समस्या से विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को अवगत करवा चुके है, लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे सभी में आक्रोश व्याप्त है। श्री लिल्हारे ने बताया कि विद्युत विभाग से मांग है कि दिन के समय लंबे समय तक की जा रही बिजली कटौती की समस्या को जल्द दुर करे नही तो ग्रामीणजन कठोर कदम उठाने बाध्य होगें, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 22 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

## परिजनों ने न्याय की लगाई गुहार पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की प्रारंभ






**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी स्थित सेवा सहकारी समिति कार्यालय के पास में २२ मई की रात करीब ८ बजे ट्रैक्टर की चपेट में आने से २२ वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब बलवीर और उमेश उपवंशी ट्रैक्टर पर सवार थे जिसे ड्राइवर के द्वारा तेज रफ्तार ट्रैक्टर चलाकर मकान को टक्कर मार दी गई। जहां बालवीर ट्रैक्टर से नीचे गिरकर चक्के की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। वहीं परिवार के द्वारा पुलिस प्रशासन से संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। यह हादसा इतना भयानक था कि मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

### तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर मकान की दीवार में टकरा ट्रेक्टर

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खैरी निवासी भरतलाल उपवंशी के चार बेटे हैं जिसमें बालवीर उर्फ उमेश पिता भरतलाल उपवंशी उम्र २२ वर्ष सबसे छोटा बेटा है। जो अपने माता पिता और तीन भाइयों के साथ निवास करता था जो ट्रैक्टर मालिक बबलू बनोटे के साथ खैरलांजी ट्रैक्टर का पंचर बनाने के लिए आए हुए थे। जहां पर काम पूरा होने के बाद वापस अपने गांव खैरी जा रहे थे इस दौरान ग्राम खैरी में स्थित सेवा सहकारी समिति कार्यालय के आगे सोहन मते के घर के पास ट्रैक्टर तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर उसके मकान की दीवार में टकरा गया। जहां जोर का झटका लगने पर ट्रैक्टर में बैठा बालवीर उर्फ उमेश उपवंशी ट्रैक्टर से छिटक कर अचानक जमीन पर गिर गया। ट्रैक्टर चालक बबलू बनोटे के द्वारा ट्रैक्टर को आगे बढ़ाया जाने से ट्रैक्टर के टायर की चपेट में बलवीर उपवंशी आ गया। मौके से ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया जिसमें मकान से ट्रैक्टर टकराने की घटना सुनने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसमें उपस्थित लोगों के द्वारा तत्काल मौके पर घायल पड़े युवक के परिवार को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर परिवार जनों के द्वारा उपस्थित होकर एंबुलेंस के माध्यम से बलवीर उपवंशी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में भर्ती किया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस के द्वारा अस्पताल तहरीर पर शव को सुरक्षित रखवा दिया गया। जिसे अगले दिन शव का परीक्षण कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं घटना में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### ट्रैक्टर बबलू बनोटे का है वह शराब पीकर ट्रैक्टर चला रहा था-खुमेश उपवंशी

मृतक के भाई खुमेश उपवंशी ने बताया कि बलवीर उपवंशी मेरा भाई है मैं खेत में था तब महेंद्र दमाहे जो मेरा दोस्त है उसके द्वारा मोबाइल से मुझे सूचना दी गई कि तेरे भाई का एक्सीडेंट हुआ है। जिस पर मैंने अपने पिताजी को फोन कर मैं भी तत्काल मौके पर पहुंच ही रहा था तो मेरे सामने सोहन मते के घर के सामने से ट्रैक्टर फरार हो गया हम सभी पहुंचे तो मेरा भाई घायल अवस्था में था। जिसे एंबुलेंस से खैरलांजी अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह ट्रैक्टर बबलू पिता ज्ञानी बनोटे का है वह शराब पिया हुआ था और ट्रैक्टर चला रहा था जो अनियंत्रित हो गया। इस तेज रफ्तार के कारण दो महिलाएं बाल बाल बची और यहां पर यह घटना हो गई हमारी मांग है कि पुलिस मामले में कार्यवाही कर हमें न्याय दिलायें।

### खैरलांजी अस्पताल में नही है सही व्यवस्था-महेंद्र दमाहे

ग्रामीण महेंद्र दमाहे ने बताया कि मुझे किसी व्यक्ति के द्वारा करीब ८ बजे फोन कर घटना की जानकारी दी गई। उस पर मैंने अपने मित्र को फोन लगाकर मैं भी मौके पर पहुंचा और वहां से हम उसे अस्पताल लेकर गए। इस दौरान अस्पताल में काफी असुविधा देखी गई जहां कोई वार्ड बॉय उपस्थित नहीं था। नर्स को बोला गया कि डॉक्टर को बुलाओ तो उनके द्वारा बीएमओ डॉक्टर पाल को फोन किया गया जो करीब १० मिनट बाद आए। पोस्टमार्टम के दौरान भी डॉक्टर और स्वीपर काफी लेट समय से आए। वही स्वीपर के द्वारा १५०० से २००० रूपये की मांग की जाने लगी। हम किस बात का स्वीपर को पैसा दे जबकि शासन के पास सब कुछ है इस प्रकार से पैसे लेना गलत है और लगातार ऐसा होता होगा।

# चंदन नदी के गड्ढे में डूबने से १४ वर्षीय बालिका की मौत

## किसानों के द्वारा चंदन नदी में पानी के लिए खोदे गये गड्ढे से हुई मौत



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपायली से गुजरने वाली चंदन नदी में निर्माणाधीन पुल के नीचे नहाते समय खेती में पानी के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से एक १४ वर्षीय बालिका की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब कुमारी साजिया अली अपने परिवार और रिश्तेदार के साथ नदी घूमने के लिए आई हुई थी। मामले में पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कर मर्ग जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपायली के वार्ड नंबर ७ निवासी अनवर अली की तीन बेटी और एक बेटा है। जिनके मकान में उनके रिश्तेदार आए हुए थे जो दोपहर में घूमने के लिए ग्राम से गुजरने वाली चंदन नदी में गए हुए थे। जहां पर बच्चों सहित अन्य लोग नदी में बहने वाले पानी में नहा रहे थे तभी एक स्थान पर जमा पानी देखा कुछ बच्चे लोग वहां पानी में नहाने के लिए उतर गए जहां साजिया उर्फ जिया पिता अनवर अली भी चल गई। जिस पर उन्हें डूबता देख परिवार के लोगों के द्वारा सभी को बाहर निकल गया किंतु साजिया अली बाहर नहीं आ पाई जो गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे जिनके द्वारा गहरे गड्ढे से साजिया अली को बाहर निकल गया और उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली में लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया जिसकी सूचना अस्पताल तहरीर के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे जहां उनके द्वारा शव का परीक्षण कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में धारा १९४ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता २०२३ के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### किसानों के द्वारा नदी में खोदे गये गड्ढे से साजिया अली पानी में डुबने से हुई मौत- हारून अली

परिवार के सदस्य मोहम्मद हारून अली ने बताया कि हमारे घर नागपुर, बालाघाट से मेहमान आए हुए थे। वह बच्चों के साथ वह नदी घूमने के लिए आए हुए थे यहां पर रबी की फसल के लिए किसानों के द्वारा गड्ढे खोदे गए हैं वह उन्हें दिखे नहीं। इसमें एक दो कर उस गड्ढे में ६ बच्चे चले गए थे जिन्हें तैरना नहीं आता था उपस्थित लोगों के द्वारा दुपट्टा फेंक कर सभी को निकाला गया। किंतु साजिया गहरे पानी में जाने से बची नहीं यह रबी के फसल के लिए गड्ढे खोदे गए हैं और एक दो नहीं बहुत सारे हैं। इस प्रकार से ठीक नहीं है इसके पहले भी कुछ महिलाएं और फिर एक मोटरसाइकिल चालक गड्ढे में गिर चुके है इधर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

### पानी की व्यवस्था करने खोदा गया गड्ढे से लड़की की जान गई-राजेश पाठक

पंडित राकेश पाठक ने बताया कि नदी क्षेत्र में किसानों ने बिना परमिशन के रेत में गड्ढे खोदे हैं यह उन्होंने अपनी पानी की व्यवस्था करने के लिए खोदा हैं। जिसके कारण लड़की की जान गई है और निश्चित है कि आगे भी ऐसी घटनाएं होती रहेगी। क्योंकि यह तीर्थ क्षेत्र है श्रद्धालु आते हैं जो नदी में स्नान करने के लिए जाते हैं जिनके साथ यह घटना घट सकती है। प्रशासन को मामले में गंभीरता से ध्यान देते हुए सभी गड्ढे को बंद करना चाहिए और निश्चित करना चाहिए कि इस घटना की पुर्नवृत्ति ना हो।

### इनका कहना हैं

घटना की सूचना लगते ही मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर मार्ग जांच प्रारंभ कर दी गई है। बालिका की मौत गहरे पानी में जाने से होना प्रतीत हो रहा है किंतु मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही स्पष्ट होगा।

**नरेन्द्र सिंह ठाकुर**
**सहायक उपनिरीक्षक थाना रामपायली**

# अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया-स्मिता जायसवाल

## नपा में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशताब्दी वर्ष का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद के सभागृह में २३ मई को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशताब्दी वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






यह कार्यक्रम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, किशोर अमूले ,संदीप मिश्रा ,किरण शर्मा सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा सर्वप्रथम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित जनों के द्वारा महारानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया गया। पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया वह भी ३०० वर्ष पहले उनके द्वारा यह कार्य किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप उनकी जन्मशताब्दी के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं ला रहे हैं। महारानी होल्कर के द्वारा पूरे देश में सबसे ज्यादा हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार और निर्माण करवाया गया जिसका परिणाम है कि आज हम सनातन धर्म के लोग अपने धर्म का पालन कर पा रहे हैं इसमें अहिल्याबाई होल्कर का बहुत बड़ा योगदान है। वहीं नपा अध्यक्ष सरिता दांदरे ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर और माता सावित्रीबाई फुले ने काफी संघर्ष किया है जिसका परिणाम है कि महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूत हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है आज कोई क्षेत्र उनसे अछूता नहीं है। देश के प्रधानमंत्री भी महिलाओं को सशक्त करने के लिए अभी नई योजना लागू करने वाले हैं। यह पूरा कार्यक्रम अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित किया जा रहा है।

# नालियों की साफ सफाई नही होने से नगर वासी आक्रोश

## नालियों की सफाई नही होने से मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोप





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका परिषद की साफ सफाई की लचर व्यवस्था के चलते इन दिनों सारा शहर परेशान और हताश हैं। नगर में सड़कों पर तो नियमित रूप से झाडू लग रही हैं लेकिन शहर की नालियों की साफ सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई हैं। जिससे शहर वासियों की मुसीबतें बढ़ गई हैं लेकिन जिम्मेदार वार्डो के पार्षद,अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सीएमओ सहित अन्य जिम्मदारों को कोई सरोकार नही हैं जबकि ये सभी शहर के ही रहवासी हैं।

### नालियों की सफाई के अभाव में नगर वासी परेशान

शहर की नालियों की सफाई नियमित रूप से नही होने की वजह से नालियां गंदगी से पट जाती है। इस गंदगी की वजह से मच्छरों का प्रकोप भी शहर के वार्डो में बड़ जाता हैं कुछ ऐसा ही हाल वर्तमान में है। जहाँ नालियों की सफाई ना होने के चलते मच्छरों का आतंक शहर में बढ़ गया है।

### नालियों में नही हुआ कई महीनों से कीटनाशक पाउडर का छिड़काव

नगर पालिका के द्वारा हर वर्षो लाखों रुपए खर्च कर शहर की गलियों और नालियों में किट पतंगों और बीमारियों से लोंगो के बचाव हेतु पूर्व में तो कीटनाशक और ब्लिचिंग का कीटनाशक का नियमित रूप से नपा के द्वारा किया जाता था। लेकिन बीते करीब २ वर्षो में शहर की नालियों में नियमित रूप से ना तो ब्लिचिंग पाउड़र का छिड़काव हो रहा हैं ना ही फॉगिंग मशीन से कीटनाशक का छिड़काव किया जा रहा हैं। शहर में बीते कुछ समय से मच्छरों की सँख्या में अचानक इजाफा हो गया हैं लेकिन नपा के जिम्मदारों को इन सब से कोई सरोकार नजर नही आता है। इस मामले में दुरभाष पर नपाध्यक्ष से जानकारी लेने का संपर्क किया तो उनका मोबाईल बंद था।

### इनका कहना हैं

शहर में वाकई में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया हैं । फॉगिंग मशीन से कीटनाशक के छिड़काव के साथ ही नियमित रूप से नालियों में भी कीटनाशकों का छिड़काव किया जाना चाहिए।

**श्रीमती रुखमणी बिसेन**
**पार्षद वार्ड नं.३**

नपा के द्वारा हर वर्ष लाखों रुपयों के कीटनाशकों की दवाई खरीदी के बाद भी महीनों से नालियों में ना तो कीटनाशक का छिड़काव हुआ है। ना ही दो साल से शहर में फॉगिंग मशीन का उपयोग हुआ हैं इसी की वजह से शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

**राहुल अरोरा**
**नगर वासी**

# महावीर इंटरनेशनल राईस सिटी के द्वारा निः शुल्क नेत्र जांच शिविर सम्पन्न





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शुक्रवार को महावीर इंटरनेशनल राईस सिटी के द्वारा नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन टिहलीबाई स्कूल में किया गया। जिसमें १०३ लोगों का नेत्र प्रशिक्षण किया गया और ३२ लोगों को मोतियां बिंद ऑपरेशन के लिये चिन्हीत किया गया। आंख की जांच के उपरांत जिनके नंबर निकले उनको चश्मे भी दिये गये एवं दवाईयां दी गई। महावीर इंटरनेशल की अध्यक्ष श्रीमती रीना कासल ने बताया कि १ ऑपरेशन करने में लगभग २५००० रूपये का खर्चा आता है। इसकेम् साथ ही मरीजों का लाना ले जाना उनका ऑपरेशन खाना पीना सभी नि: शुल्क रहता है। २४ मई को जिन मरीजों को चिन्हीत किया गया है उनको बस के द्वारा उत्कर्ष सिटी से देवजी नेत्रालय जबलपुर भेजा जायेगा। इस अवसर पर तरूण सुराना,डॉ भारती सुराना,डॉ जयश्री अरोरा,संजय कासल,संगीता कासल,विनय सुराना, पवन धुर्वे, कल्पना रूसिया,मुकेश मॉडल,साधना मॉडल,राजेश सिंघई,गोपाल खंडेलवाल, राधिका खंडेलवाल सहित जबलपुर से आई हुई चेक अप वाली टीम श्री यादव एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में भरतलाल गंभीर घायल



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम महाराजपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास में २३ मई को सड़क हादसे में भरतलाल डहाके गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका सिविल अस्पताल में उपचार कर जिला चिकित्सालय रिफ र कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतलाल पिता नंदराम डहाके ६० वर्ष लिंगमारा निवासी अपने किसी कार्य से पत्नी तुलसी बाई डहाके ,बेटी मनीषा डहाके के साथ मोटरसाइकिल से वारासिवनी अपने जरूरी कार्य से आ रहे थे। तभी अज्ञात मोटर साइकिल चालक के द्वारा उनकी मोटर साइकिल को महाराजपुर पट्रोल पंप के पास टक्कर मार दी गई। जिसमें भरतलाल डहाके गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें उपस्थित जनों के द्वारा सिविल अस्पताल में लाकर उपचार कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। इस घटना में उन्हें हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोट आई है।

# बेजा हड़बड़ीः मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश

तमिलनाडु के कई संशोधित अधिनियमों के क्रियान्वयन पर रोक लगाकर ङ्क उन प्रावधानों पर जो राज्य के 18 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की शक्ति सरकार को देते हैं ङ्क मद्रास हाईकोर्ट ने पिछले महीने के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद आयी गति को वस्तुत- रोक दिया है। शीर्ष अदालत ने उन 10 विधेयकों को मानित (डीम्ड) सहमति प्रदान की थी जिन पर कार्रवाई में तमिलनाडु के राज्यपाल ने अनुचित देरी की थी। न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन ने राज्यपाल–कुलाधिपति की कुलपतियों को नियुक्ति करने की वह शक्ति वास्तव में बहाल कर दी है, जिसे उपरोक्त अधिनियमों के जरिए उनसे वापस लेने की कोशिश की गयी थी। नतीजतन जिच बरकरार है- तकरीबन एक दर्जन विश्वविद्यालय नेतृत्व–विहीन बने हुए हैं, क्योंकि अगले न्यायिक हस्तक्षेप तक नियुक्तियां ठप पड़ी हुई हैं। अवकाशकालीन पीठ ने एक वकील की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि अंतरिम राहत न्यायोचित है क्योंकि विवादित अधिनियम कुलपति नियुक्ति पर पूर्व के फैसलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित 卐कानून का उल्लंघन करते卐 हैं। इसमें प्रोफेसर (डॉ.) श्रीजीत पी.एस. बनाम राजश्री एम.एस. (एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी) और गंभीरदन के. गढवी बनाम गुजरात राज्य (सरदार पटेल विश्वविद्यालय) मामले शामिल हैं। दोनों मामलों में, कुलपतियों की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियम, 2018 – जिससे कुलपति नियुक्ति के लिए प्रक्रियाएं और सर्च कमेटी का गठन संचालित होते हैं ङ्क के उल्लंघन के लिए रद्द की गयी। हाईकोर्ट ने राज्य की यह दलील ठुकरा दी कि उसने साल 2021 में यूजीसी विनियमों को अपनाया था, बस विनियम 7.3 को छोड़कर। न्यायाधीशों ने माना कि कुलाधिपति से नियुक्ति की शक्तियां छीनना साफ तौर पर असंवैधानिक है ङ्क उन्होंने लिखा, 卐ज (यह) इतना साफ दिखने वाला और स्पष्ट है कि हम अपनी आंखें बंद नहीं कर सकते।卐

हालांकि, उतने ही साफ ढंग से वह बेजा हड़बड़ी भी दिख रही है जिसके साथ पीठ ने संशोधित अधिनियमों को कानूनी प्रभाव से वंचित करने का कदम उठाया। हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग के वकील की इस दलील को अनदेखा कर दिया कि राज्य ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले को अपने पास स्थानांतरित करने के लिए एक याचिका तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी; और सुप्रीम कोर्ट ने इशारा किया था कि हाईकोर्ट को इस तथ्य से अवगत कराया जा सकता है। न्यायिक औचित्य तो यही कहेगा कि एक निचली अदालत को ऐसे मामलों में संयम बरतना चाहिए। इतना ही नहीं, राज्य को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय दिये बिना अंतरिम आदेश पारित किया गया। बहरहाल, जब तमिलनाडु में कुलपति नियुक्ति पर मौजूदा गतिरोध कायम है, परस्पर असंगत नजीरों ङ्क जिनमें कल्याण मतिवनन और जगदीश प्रसाद शर्मा मामले शामिल हैं – को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट अगर सुनवाई करता है तो उसे इस अत्यंत महत्वपूर्ण सवाल का एकबारगी और हमेशा के लिए निपटारा करना चाहिए- क्या एक अधीनस्थ प्राधिकरण द्वारा जारी यूजीसी विनियम संवैधानिक प्राधिकार के तहत बनाये गये राज्य कानून से ऊपर हो सकते हैं?

# आतंकवाद के जो साथ रहेगा, भारत उसका विरोध करेगा

वैश्विक स्तरपर भारत की विदेश नीति कूटनीति की सराहना विश्व में तो ही रही है,यहां तक कि पाक के पूर्व पीएम ने भी इसकी तारीफ़ की थी,विकसित देश भी भारतीय कूटनीति की तारीफ़ के पुल बांध चुके हैं। अब भारत इसमें और एक अध्याय जोड़ने जा रहा है वह यह है कि हथियारों की लड़ाई में तो भारत ने झंडे गाढ़ दिए हैं अब बौद्धिक क्षमता से पूरे विश्व को कन्वेंस कर आतंकवाद के खिलाफ़ वार्तालाप कर अपनी वाणी से उन्हें कन्वेंस कर उन्हें सबूत तर्क देकर कूटनीति से अपनी विजय का ठप्पा लगवा कर आतंकवाद के खिलाफ विश्व के सभी देशों को एक मंच पर लाने की रणनीति को क्रियान्वयन किया जा रहा है,ताकि आतंक वाद का उनको पोषण करने वाले देश व उनका सहयोग कर उन्हें वित्त हथियार, ताकत व प्रोत्साहन देकर पोषित करने वाले देशों पर भी शाब्दिक, आर्थिक स्ट्राइक को क्रियान्वयन किया जा रहा है,उन देशों को यह एहसास कराया जा रहा है कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा अब भारत आज का नया भारत है, इसीलिए ही 7 सर्वदलीय डेलिगेशन, चीन तुर्की अज़रबैजान पर भारत के नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक का फैसला लेना रेखांकित करने वाली बात है।चूँकि वैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ़ स्ट्राइक,7 डेलिगेशन से घेराबंदी, समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे ना रुकेंगे नीति सराहनीय है, इसीलिए चीन तुर्कीए व अज़रबैजान..पाक के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान,बॉयकॉट ट्रेड ट्रेवल्स व सामान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आतंक वाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा,भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।

साथियों बात अगर हम आतंकवाद के बादशाह पाक की भारतके खिलाफ़ मदद करने वालों पर भारतीय नागरिकों द्वारा आर्थिक स्ट्राइक की करें तो, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का असली चेहरा पूरी दुनियाँ के सामने आ गया,पाक ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो मेड इन चाइना और तुर्किए थे, पाक ने जो चीन की फुस्सा मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में इर्स्तेमाल किये, उनके अवशेष नई दिल्लीर के पास मौजूद हैं, चीन और तुर्किए अब इन सबूतों को नकार नहीं सकता है। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाक को ऑपरेशन सिंदूर में ऐसी चोट दी कि वो घुटनों पर आ गया और सीजफायर के लिए कहा पाक को सबक सिखा दिया गया है, अब उसके भाईजान चीन, तुर्किए और अजरबैजान की दुकान भारत में बंद करने की तैयारी हो रही है। साल 2023 से 20.7 पेर्सेंट ज्यादा पर्यटक तुर्किए में पहुंचे थे, पर्यटकों से तुर्किए का राजस्व लगभग 61.1 बिलियन डॉलर रहा, भारतीय पर्यटकों का औसत खर्च इसमें लगभग 972 डॉलर है,भारतीय पर्यटकों के बहिष्कार से तुर्किए को करीब 291.6 मिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है,ये तो वो नुकसान नजर आ रहा है, लेकिन तुर्किए को भारत के खिलाफ जाने का अप्रत्यतक्ष रूप से भी आर्थिक नुकसान होगा। तुर्किए एवं अज़रबैजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गों से सम्पर्क कर इस अभियान को तेज करेगा, उधर दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय आगामी 16 मई को कैट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्टीय सम्मेलन में लिया गया है। अज़रबैजान में भी काफी भारतीय पर्यटक पहुंचते हैं, जिससे वहां की अर्थव्यीवस्थार को काफी समर्थन मिलता है, उन्होंने बताया कि साल 2024 में कुल विदेशी आगमन लगभग 2.6 मिलियन पर्यटक था,जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 2.5 लाख थी और प्रति भारतीय पर्यटक औसत खर्च- 2,170 एज़ेडएन था, जो लगभग 1,276 डॉलर होता है, इस लिहाज से भारतीय पर्यटकों का खर्च 308.6 मिलियन डॉलर के लगभग अज़रबैजान में होता है, भारत अगर तुर्किए और अजरबैजान की इन दुकानों को बंद कर देता है, तो आर्थिक नुकसान होने से इन्हेंज अपनी नीतियों पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, इन देशों के होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर, और अन्य संबंधित व्यवसायों को भी नुकसान होगा। व्यापारियों के संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भी ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान के लिए तुर्की और अजरबैजान के हालिया समर्थन का हवाला देते हुए, उनके साथ सभी व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का फैसला किया है।सीएआईटी ने शुक्रवार को कहा कि इस निर्णय में तुर्की और अज़रबैजानी वस्तुओं का राष्ट्व्यापी बहिष्कार शामिल है, और भारत भर के व्यापारी इन देशों से आयात रोक रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत पाक़ तनाव व युद्ध में पाक़ को समर्थन करने वाले देशों की करें तो, पहलगाम हमले के बाद बदलते हालात के बीच तुर्की ने पाक के समर्थन का ऐलान किया था। तुर्की के राष्टपति ने पाक पीएम से बात कर उन्हें हर तरह की मदद की बात कही थी। ऐसी भी खबरें हैं कि तुर्की ने मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमानों के जरिए पाक को हथियारों की बड़ी खेप भेजी है। हालांकि, तुर्की ने इसका खंडन किया है। इतना ही नहीं, भारत से तनाव के बीच तुर्की के एयरफोर्स के कमांडर और खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने पाक का दौरा भी किया था।भारत से तनाव के बीच चीन ने खुलकर पाक का समर्थन किया था। चीन ने कहा था कि वह पाकिस्तान की संप्रभुता का समर्थन करेगा और उसके साथ दोस्ती को कायम रखेगा। उसने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की पाक की मांग का समर्थन भी किया था। गुरुवार को चीनी राजदूत ने पाक पीएम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ने चीनी राजदूत को भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए तनाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राजदूत ने कहा कि चीन पाक की वैध सुरक्षा चिंताओं को समझता है और राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए उसके प्रयासों का समर्थन करता है। अजरबैजान और पाक की दोस्ती जगजाहिर है। दोनों देश इस्लाम के नाम पर एक दूसरे का समर्थन करते हैं। अजरबैजान ने भी भारत से तनाव के बीच पाक का समर्थन किया। उसने कश्मीर को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का राग अलापा और शांति की अपील की। अजरबैजान ने पहलगाम हमले की पाक की अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है और युद्ध की जगह वार्ता के जरिए समाधान तलाशने पर जोर दिया है।

साथियों बात अगर हम दोनों देशों के तनाव में भारत को समर्थन करने करने वाले देशों की करें तो, इजरायल ने पाक के साथ तनाव के बीच खुलकर भारत के समर्थन का इजहार किया है। पहलगाम हमले के तुरंत बाद इजरायल के पीएम भारत में इजरायली दूतावास, राजदूत और दूसरे वरिष्ठ इजरायली नेताओं ने इसकी निंदा की।उन्होंने भारतीय पीएम से बात कर अपनी संवेदना और समर्थन का इजहार भी किया। गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्ध में उलझने के बावजूद इजरायल ने भारत को हर तरह की मदद का भरोसा दिया है।पहलगाम हमले के बाद इटली ने भी भारत का समर्थन किया है। इटली की पीएम ने इस घटना पर दुख जताया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इटली ने भारत को हर तरह के समर्थन का ऐलान भी किया है। जॉर्जिया मेलोनी के कार्यकाल में भारत और इटली के द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं। इटली यूरोपीय यूनियन का एक प्रमुख देश है। फ्रांस ने भी पहलगाम हमले के बाद भारत का समर्थन किया है। फ्रांसीसी राष्टपति ने पहलगाम हमले पर दुख जताया था और भारत को हर संभव मदद का ऐलान किया था। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। फ्रांस दुनियाँ की महाशक्तियों में से एक होने के अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य भी है। वह भारत का एक प्रमुख रक्षा साझेदार भी है।

साथियों बात अगर हम भारत के खिलाफ़ चीन के हवाई सुरक्षा सैटेलाइट व खुफिया जानकारी पाक़ को साझा करने की करें तो, जब भारत और पाकिस्तान की सेनाएं एक–दूसरे पर भारी पड़ने की जुगत में थीं, तब कोई तीसरा खिलाड़ी चुपके से मैदान में उतर आया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली के सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज ने खुलासा किया कि चीन ने पाक को हवाई सुरक्षा, सैटेलाइट सपोर्ट और खुफिया जानकारी देकर इस जंग में उसका साथ दिया। चीन के सैटेलाइट के बदौलत पाक भारत के शहरों में ड्रोन और मिसाइल अटैक कर रहा था।

साथियों बात अगर हम भारत के विरोध के कारण आईएमएफ द्वारा 18 मई 2025 को पाक़ के खिलाफ़ और 11 शर्तें लागू करने की करें तो भारत–पाकिस्तान तनाव के बीच पाक को भारी–भरकम कर्ज देने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) को अब शायद अपना पैसा डूबने का खतरा महसूस होने लगा है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक,इसके चलते आईएम एफ ने अपने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं और इसके बाद क्कुद्म पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। आईएमएफ की ओर से पाक को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेष विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किआतंकवाद के जो साथ रहेगा,भारत उसका विरोध करेगा – भारत के 7 डेलिगेशन बनाम पाक का 1 शांति दूत।चीन, तुर्कीए, अज़रबैजान...पाक़ के भाईजान की बंद होगी भारत में दुकान–बॉयकॉट,ट्रेड, ट्रेवल्स व सामानवैश्विक स्तरपर अब भारत की आतंकवाद के खिलाफ़ स्ट्राइक–7 डेलिगेशन से घेराबंदी,समर्थक देश की आर्थिक पाबंदी,न झुकेंगे न रुकेंगे की नीति सराहनीय।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

## प्रधानमंत्री मोदी ने 103 रेलवे स्टेशनों व 26 हजार करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

अमृत भारत योजना केवल इमारतों की मरम्मत नहीं है, बल्कि यह पूरे यात्रा अनुभव को बदलने का एक प्रयास है। इस बदलाव से स्थानीय व्यवसाय, पर्यटन, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।*

राजा व महाराजाओ की ऐतिहासिक नगरी राजस्थान।जिसकी गौरवशाली इतिहास से हम व आप भली भाँति परिचित है।उसी राजस्थान के ऐतिहासिक शहर बीकानेर शहर में एक सार्वजनिक समारोह मे वर्चुअल माध्यम से देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।ये स्टेशन 卐अमृत भारत स्टेशन योजना卐 के तहत आधुनिक रूप से पुनर्निर्मित किए गए हैं। जिनमें तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन काकतीय साम्राज्य की वास्तुकला से प्रेरित है।बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक माँ थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियां शामिल हैं और यहां मधुबनी पेंटिंग को दर्शाया गया है। गुजरात में डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी महाराज से प्रेरित है। सर्वविदित रहे कि इस योजना का उद्देश्य भारतीय रेलवे के आधारभूत ढांचे को वैश्विक मानकों के अनुकूल व अनुरूप बना कर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।सर्वविदित रहे कि ये 103 स्टेशनों को लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।जो देश के 86 जिलों में फैले हुए हैं,जिनमें आंध्रप्रदेश,असम, बिहार,छत्तीसगढ़, गुजरात,हरियाणा हिमाचल प्रदेश,झारखंड, कर्नाटक, केरल,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र,पुडुचेरी,राजस्थान,तमिलनाडु, तेलंगाना,उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं।ये स्टेशन न सिर्फ यात्री सुविधाओं के लिहाज़ से उन्नत किए गए हैं,बल्कि उनमें क्षेत्रीय संस्कृति,स्थानीय वास्तुकला और पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। राजस्थान के बीकानेर ज़िले के देशनोक से एक विशाल जनसभा को संबोधित करते मोदी ने कहा कि यह कार्यक्रम आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।रेलवे स्टेशन किसी भी शहर के पहले प्रभाव का हिस्सा होते हैं और यह जरूरी है कि वे नए भारत की पहचान बने।अमृत भारत योजना केवल इमारतों की मरम्मत नहीं है,बल्कि यह पूरे यात्रा अनुभव को बदलने का एक प्रयास है स्थानीय व्यवसाय,पर्यटन,रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।भारत अब तेज़ गति से इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम कर रहा है।पिछले कुछ वर्षों में छह गुना अधिक राशि इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर खर्च की गई है।आज रेलवे में वंदे भारत,अमृत भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें देश की नई रफ्तार और प्रगति का प्रतीक बन चुकी हैं। ब्रॉड गेज ट्रैक पर बिना फाटक वाली क्रॉसिंग अब इतिहास बन चुकी हैं और अब पूरा रेल नेटवर्क सुरक्षित, तेज़ और आधुनिक हो रहा है।इन स्टेशनों के डिज़ाइन में साफ–सफाई, दिव्यांगजनों के लिए सुविधा, पर्यावरणीय सुरक्षा,सौर ऊर्जा,जल संरक्षण और ग्रीन बिल्डिंग जैसे आयामों को भी जोड़ा गया है।हर स्टेशन की पहचान वहां की संस्कृति और परंपरा से जोड़कर बनाई गई है।इससे न केवल यात्रियों को एक नया अनुभव मिलेगा,बल्कि रेलवे देश की सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक बनकर उभरेगा।भारत आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और रेलवे के आधुनिकीकरण में भी यह आत्म निर्भरता झलक रही है।अमृत भारत स्टेशन योजना न केवल एक निर्माण योजना है,बल्कि यह भारत की नई सोच और दूरदृष्टि का प्रतीक भी है।भारतीय रेलवे के इस कायाकल्प से आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक और सामाजिक गति को नई ऊंचाई मिलेगी।विगत11 वर्षों में सड़कों, हवाई अड्डों,रेलवे और रेलवे स्टेशनों में हुई तीव्र प्रगति की चर्चा की।उन्होंने परियोजनाओं की चर्चा करते हुए उत्तर में उल्लेखनीय चिनाब ब्रिज,अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का पश्चिमी भारत में,मुंबई में अटल सेतु दक्षिण में,भारत के अपनी तरह के पहले पंबन ब्रिज की चर्चा की।रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के भारत के निरंतर प्रयासों पर बल देते हुए देश की नई गति और प्रगति के प्रतीक के रूप में वंदे भारत,अमृत भारत और नमो भारत रेलों के शुरूआत का उल्लेलख किया।उन्होंने कहा कि अब लगभग 70 मार्गों पर वंदे भारत रेल चल रही हैं और इनसे दूरदराज के क्षेत्रों में आधुनिक रेल संपर्क स्था।पित हो रहा हैं।आज सैकड़ों सड़क ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के निर्माण के साथ ही 34,000 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे पटरियां बिछाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रॉड गेज लाइनों पर मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है,जिससे सुरक्षा में वृद्धि हुई है। कार्गो परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए समर्पित माल गलियारों के तेजी से विकास और भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के वर्तमान में जारी निर्माण का भी उल्लेमख किया।इन प्रयासों के साथ–साथ,यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकी करण किया जा रहा है। इन रेलवे स्टेशनों का नाम अमृत भारत स्टेशन रखा गया है और ऐसे 100 से अधिक स्टेशनों का निर्माण पूरा हो चुका है।स्थानीय कला और इतिहास के प्रदर्शन के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने राजस्थान के मंडलगढ़ स्टेशन सहित महत्वपूर्ण उदाहरणों पर चर्चा की जो राजपूत परंपराओं की भव्यता को दर्शाता के साथ–साथ बिहार का थावे स्टेशन,मधुबनी कलाकृति के साथ माँ थावेवाली की पवित्र उपस्थिति को दर्शाता है।मध्य प्रदेश का ओरछा रेलवे स्टेशन भगवान राम के दिव्य सार को दर्शाता है,जबकि श्रीरंगम स्टेशन का डिज़ाइन श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर से प्रेरणा लेता है।गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी को श्रद्धांजलि देता है,तिरुवन्नामलाई स्टेशन द्रविड़ वास्तुकला सिद्धांतों का पालन करता है और बेगमपेट स्टेशन काकतीय राजवंश की वास्तुकला विरासत का प्रतीक है।ये अमृत भारत स्टेशन न केवल भारत की हजारों वर्ष पुरानी विरासत को संरक्षित करते हैं,बल्कि राज्यों में पर्यटन विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करते हैं,जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होता है।उन्होंने लोगों से स्टेशनों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।हजारों करोड़ रुपये सीधे तौर पर श्रमिकों,दुकानदारों, कारखाने के कर्मचारियों और ट्रक एवं टेम्पो ऑपरेटरों जैसे परिवहन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं।अच्छी तरह से विकसित सड़कें और विस्तारित रेलवे नेटवर्क नए उद्योगों को आकर्षित करते हैं और पर्यटन को काफी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे पर खर्च से अंततः हर घर को लाभ होता है, जिसमें युवा लोग उभरते आर्थिक अवसरों से सबसे अधिक लाभान्वित होते हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज इसी क्रम मे चुरू– सादुलपुर रेल लाइन(58 किमी) की आधारशि स्वास्थ्य सेवाओं और पानी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए पूरे राजस्थान में 25 महत्वपूर्ण राज्य सरकार की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया।

**- विनोद कुमार सिंह**

# हिंदी में कार्यरत वैज्ञानिक संस्थान को प्रोत्साहित करने की जरुरत

आज हिंदी में कार्यरत वैज्ञानिक संस्थान को प्रोत्साहित करने की जरुरत है इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की संस्थान,हिं वि सा परिषद यानी हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद के नई कार्यकारणी का गठन 18.05.25 को भाभा पार्क अनुशक्तिनगर में सुबह 10-30 बजे शुरू हुआ और 12बजे ख़त्म हुआ आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है।जो मातृभाषा में करना आवश्यक है हमारे जीवन की छोटी–बड़ी हर घटना का संबंध विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ा हुआ है। आज हम चाहकर भी मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, स्कूटर, कार, बस और ट्रेन से अपने को दूर नहीं रख सकते। अब आप बताइए ये सभी साधन विज्ञान और प्रौद्योगिकी की देन हैं या नहीं? आपका जवाब हां में होगा! सभ्यता के आरंभिक चरण, कृषि और औद्योगिक क्रांति के बाद वर्तमान में हम प्रौद्योगिकी तथा सूचना क्रांति के युग में जी रहे हैं। लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संबंध में जानकारी देना आज एक अहम आवश्यकता बन गई है। भारतीय सम्विधान के अंतर्गत भी इसे एक मूलभूत कर्तव्य का दर्जा प्राप्त है। विज्ञान साहित्य और इसके लेखन को लोकप्रिय विज्ञान या लोकविज्ञान साहित्य कहते हैं। इसका महत्व किसी भी भाषा के साहित्य से कम नहीं होता। क्योंकि एक विज्ञान लेखक के पास साहित्य और लेखन कौशल के साथ विज्ञान की प्रमाणिक जानकारी भी होती है। वास्तव में विज्ञान लेखन साहित्य का अभिन्न हिस्सा है और इस विज्ञान साहित्य का सृजन वैज्ञानिक जानकारी और साहित्यिक तत्वों के संयोग या सम्मिलन से होता है। विज्ञान रिपोर्ट, विज्ञान लेख, विज्ञान समाचार, विज्ञान कथा, विज्ञान नाटक, विज्ञान रूपक, विज्ञान उपन्यास विज्ञान लेखन की विभिन्न धाराएं होती हैं।हिंदी विज्ञान में एक नई क्रांति मुंबई के वैज्ञानिकों ने 1968 में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की नींव रखी और 2साल बाद वैज्ञानिक पत्रिका का सतत प्रकाशन हुआ जो आज भी ऑनलाइन माध्यम से चल रही है अत: राष्ट्रीय अस्तर



पर हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ही एक मात्र ऐसी संस्था बची है जो इन उद्देश्यों को पूर्ण कर सकती है नई कार्यकारिणी का गठन हेतु 18 मई 25 को अनुशक्तिनगर में विशेष आम सभा में चुनाव अधिकारी ने सभी प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया आम सभा से पहले चुनाव अधिकारी श्री बलवंत सिंह ने नई कार्यकारिणी 25–27 हेतु सभी चयनित उम्मीदवार के परिणाम प्रस्तुत किए गए –जो निम्न है अध्यक्ष – कृष्ण कुमार वर्मा – –उपाध्यक्ष – ब्रजेश कुमार सिन्हा,सचिव,शेर सिंह मीणा, संजय गोस्वामी – सयुंक्त सचिव,राज कुमार डाबरा –कोषाध्यक्ष बी.एन मिश्र –सयुंक्त कोषाध्यक्ष,सदस्य हेतु डॉ सुभाष दोन्दे,अश्विनी कुमार मिश्रा,संजू वर्मा, राजेश कुमार सचान – अनिल अहिरवार प्रकाश कश्यप – आलोक कुमार त्रिपाठी आदि निर्विरोध चुने गए हैं 18 मई 25 को आम सभा में चुनाव अधिकारी ने आवेदकों का नाम आम सभा में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जिसे आम सभा में परिषद के सभी सभी लोगों एक मत अनुमोदन किया जिसके बाद में वैज्ञानिक के नए संपादक मंडल व व्यवस्थापन मंडल के सदस्य बाद में नई कमिटी द्वारा बनाए जायेंगे व परिषद के सचिव श्री सत्य प्रभात प्रभाकर व सह सचिव श्री राजेश कुमार ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों को वर्तमान कार्यकारिणी को अब परिषद के आगे के कार्यक्रम के बारे में बताया जो सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वीकार किया परिषद के सभी आजीवन सदस्यो ने आम सभा, जो भाभा पार्क, अणुशक्तिनगर में 10-30 बजे सुबह उपस्थित रहें उसमें सभी ने परिषद के कार्यों की सराहना की हिन्दी विज्ञान की लोकप्रिय पत्रिका वैज्ञानिक से जुड़े नव विज्ञान लेखक, प्रोफेसर, वैज्ञानिक और इंजीनियर ने सभी पाठकों और सृजनशील व्यक्तियों के निरंतर सहयोग, स्नेह, विश्वास और वैज्ञानिक से लगाव रहा है। इसके मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र हैं व संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, केके वर्मा, डॉ संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक ,सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बी.एन. मिश्र,अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैँ। विज्ञान साहित्य का ऐसा मिला–जुला ढंग उस साहित्य के सृजन में सहायक होता है जो पूर्णत- भौतिकवादी होता है तथा शुद्ध कला का निर्माण नहीं करता है। हिंदी विज्ञान की पत्रिका वैज्ञानिक का योगदान विज्ञान संचार हेतु जरुरी है ताकि इससे नवविज्ञान लेखकों को एक वैज्ञानिक मंच मिल सके। हिंदी में विज्ञान संचार हेतु हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद का 55वर्षों से अधिक का लम्बा इतिहास रहा है राष्ट्रभाषा हिंदी आपसी सहयोग, साहचर्य एवं प्यार की भाषा है। इसे विश्वसमुदाय में स्थापित करना इन मूल्यों के संवर्द्धन हेतु अत्यंत लाभप्रद होगा।हिंदी को विश्वभाषा बनाने के मकसद से परिषद ने दो महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विज्ञान संस्थाओं में हिंदी व हिंदी माध्यम से इंजीनियरिंग के विभिन्न अध्ययन व अनुसंधान के लिए परिषद की पत्रिका वैज्ञानिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है यह एक विज्ञान लेखक की महारत या दक्षता होती है और इसे किसी मायने में कमतर आँका जाना उचित नहीं है। हमें इस बात का भी संज्ञान अवश्य लेना होगा कि कालांतर में हिंदी और दूसरी भाषाओं के अनेक साहित्यकारों ने स्वयं वैज्ञानिक लेखन किये हैं तथा समाज के लिए इसके महत्व को रेखांकित करते रहे हैं।पूर्व में परिषद के अध्यक्ष भारत के मशहूर वैज्ञानिक डॉ. पी.के. अयंगर पूर्व अध्यक्ष एईसी व भारत के महत्वपूर्ण वैज्ञानिक भी थे परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी. के. अयंगर, परमाणु उपकरण के वास्तविक निर्माण के पीछे मुख्य वैज्ञानिकों में से एक थे, जिसने 18 मई, 1974 को पोखरण द्व के साथ भारत को परमाणु मानचित्र पर ला खड़ा किया। उन्होंने 40 वर्षों तक परमाणु ऊर्जा विभाग में काम किया।अत: अब परिषद उनके मार्गदर्शन में आगे कार्य सुचारु रूप से करेगी।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

**- संजय गोस्वामी**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** कमजोर लेवाली के बीच शुक्रवार को भी अनाज मंडी में मूंग बाजार मंदी के रहे। चना मजबूत बना रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहन बाजार बने रहे। किराना जिंसों में बड़ी इलायची बाजार मजबूत हुये। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मूंग में कमजोर लेवाली के चलते भावों में 50-100 रू. प्रति क्विंटल तक की गिरावट आयी। चना पूर्वस्तर पर रहा। खाद्य तेलों में व्यापार बेहद ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन सहित अन्य में टिकाव रहा। उधर, किराना जिंसों में बड़ी इलायची बाजार मजबूती पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4150-4180, खोपरा गोला 210-250, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1450-1825, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 880-990, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 840-880, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 820-835, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2350-2400, (160) 2750-2800, (200) 2800-2850, (250) 2850-2900

**तेल**- सींगदाना 1410-1430, मुम्बई 1415, राजकोट तेलिया 2205, सोया साल्वेंट 1155-1160, सोया रिफाइंड 1220-1230, कपास्या 1225, धूलिया 1230, कड़ी 1230,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1360-1370, मुम्बई पाम 1210, मुम्बई सोया 1275,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6300-6400, रायडा 5600, सोयाबीन 4300, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5100-5300, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6350-6400, एवरेज 6200-6250, मूंग देशी 7400-7500, पाला 7500-7600, चमकी 7600-7700, नायलोन 7700-7800, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6700-6800, हल्की 6500-6600, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार कमोवेश सुस्त रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 98300, चाँदी (99) 98200, टंच 97600, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 97000,

# भारत में शुद्ध विदेशी निवेश में 2024-25 के दौरान आई कमी

**नई दिल्ली।** भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कमी आई है, जिसकी रिपोर्ट रिजर्व बैंक के मई के बुलेटिन में जारी की गई। इसके अनुसार भारत से एफडीआई निकालकर दूसरे देशों में लगाए जाने और बाजार से ज्यादा धन निकाले जाने से वित्त वर्ष 2025 में यह 0.4 अरब डॉलर का घटाव हो गया है। इसके साथ ही पिछले वित्त वर्ष में एफडीआई की राशि 10.1 अरब डॉलर थी। वित्त वर्ष 2023 में भारत में शुद्ध एफडीआई का मात्रा 28 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक के अनुसार यह घटना परिपक्व बाजार का सुझाव देती है जहां विदेशी निवेशक आसानी से आये और जाये।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए मान व प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मिलकर आपकी कुछ समस्याएं आसानी से हल होंगी। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं शॉपिंग कर जा सकते हैं। आपको बिजनेस में धन संबंधित योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने के कारण समस्या हो सकती है। नौकरी में कुछ उतार चढ़ाव रहने के कारण समस्या आएंगी। आपका डुबा हुआ धन मिलने से खुशी होगी। भाई व बहनों से रिश्तो में चल रही अनबन दूर होगी और मधुरता बनी रहेगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई योजना बना सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का पूरा सम्मान करना होगा, उनसे किसी बात को लेकर बेवजह न उलझे। आपको अपनी जरूरत की आवश्यकताओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। कारोबार में आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा, तभी उन्हें सफलता मिल सकती है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधी प्लान लेकर आ सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको अत्यधिक तले भुने भोजन से परहेज रखने की आवश्यकता है, नहीं तो आपके पेट संबंधित समस्याएं बढ़ेंगी। कोई नया काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए किसी सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप अपने घर की साफ सफाई व रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे। आपको कुछ कर्ज लेने से बचना होगा, नहीं तो उसे उतारने में समस्या आएगी। प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से मिलकर आपके संबंध बेहतर रहेंगे।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर कोई मुश्किल आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आना होगा। धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। बिजनेस में आप किसी को पार्टनर ना बनाए, नहीं तो आपको कामों को पूरा करने में समस्या आएगी।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई लापरवाही ना दिखाए, नहीं तो आगे चलकर उन्हें अपने करियर में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपको अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए योग्य मेडिटेशन का सहारा लेना होगा, तभी आप स्वस्थ रह सकेंगे।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने किसी लक्ष्य को आसानी से पूरा करने में मदद मिलेगी। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, तभी उन्हें किसी परीक्षा में जीत मिलेगी। आपको किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है।

**धनु**- आज आपको अपनी दिनचर्या पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कुछ सामाजिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आपके मन में किसी बात को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपका आत्मविश्वास बेहतर रहेगा। आपकी अपने किसी नजदीकी से कहा सुनी हो सकती है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए सुझ बुझ दिखाकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। यदि आपने जल्दबाजी दिखाई, तो उनमें कोई गड़बड़ी अवश्य होगी। यदि आपको किसी बात को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उसे काम को बिल्कुल न करें, नहीं तो उसके पूरा होने में समस्या हो सकती है। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए किसी निर्णय को सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों का पूरा साथ मिलेगा। व्यवसाय में आप किसी नई डील को फाइनल करने के लिए सोच विचार कर सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी, जो आपका पारिवारिक बिजनेस को आगे ले जाने में आपकी मदद करेगे।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी की मदद के लिए भी आगे आएंगे, जिनके लिए कुछ रुपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी काम को लेकर अपने मन में नकारात्मक विचार न रखें, नहीं तो उसके पूरा होने में समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि आपको लापरवाही में कोई बड़ा प्रोजेक्ट आपके हाथ से निकल सकता है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा।

## शब्दजाल - 7908

*शब्द जाल में ऐसे 10 वक्षों के नाम ढूंढिए, जिससे हमें इमारती लकड़ी प्राप्त होती है. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

पीपल, नीम, बरगद, आम, देवनार, बबूल, सागवान, गुलमोहर, सेमल, यूकलिप्टस

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | क | ल | व | ग | सा | ना | क | प | ल | आ |
| र | ब | ल | न | व | ग | ग | से | म | ल | म |
| त | स | र | ल | र्म | वा | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | ग | पु | न | न | प | न | ली | क |
| यू | क | दो | ग | द | लं | का | ब | ग | झ | क |
| क | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | बू | घ | को |
| लि | अ | दे | व | ना | र | ल | श | र | ल | ल |
| प्ट | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| स | बा | चे | न | पी | प | ल | र | नी | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | म | स्ता |
| गु | ल | मो | ह | र | न | रा | बा | द | प | न |

### शब्दजाल - 7907 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | ज | य | मां | ज | रे | क | र | अ | झ | क |
| प | ज | ग | प | डी | रिं | पू | ना | जी | शा | सु |
| वि | ज | य | व | सं | जे | दि | श | त | ला | नी |
| वि | कु | र | अ | सी | ब | गां | प | वा | श | ल |
| ज | ति | म | न | ज | म | र | धी | डे | वी | गा |
| य | रं | न | प | व | ट | जा | ऐ | क | प | व |
| ह | र | लां | श | चैं | ज | क | फ | र | ल | स्क |
| जा | बा | बा | म | म | क | छ | र | र | श | र |
| रे | स | य | य | व | दि | ने | श | मों | गि | या |
| द | ज | र | प | ति | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| वि | क | सा | गु | ल | मो | ह | म्म | द | प | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6852

**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6851

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चा | ल | बा | ज | | चा | ला | क | | जा |
| ह | | रि | | आ | ह | | र्ज | | ल |
| त | ला | श्र | | र | त | न | | प्या | सा |
| | वा | | ग | जू | | ज | ख्म | | ज |
| ग | | तु | म | | जो | र | | ना | |
| म | स्ती | | क | ह | र | | अ | स्ति | त्व |
| अ | | जीं | स | | दा | वा | | क | |
| व | क्त | | म | द | र | | | दा | अं |
| ता | | हे | | र्द | | फि | दा | | जा |
| र | ह | मा | न | | रो | जा | | धू | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8376

**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

### शब्द पहेली - 8375 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**24 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.45 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 08.58 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 11.14 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.26 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.37 बजे से |
| शुक्र | मीन में | वृश्चिक | 17.52 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.08 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 22.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.59 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मीन | 01.32 बजे से |
| | | मेष | 03.03 बजे से |
| | | वृष | 04.43 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 144 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 19.21 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 13.48 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 15.00 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 08.58 बजे तदनन्तर तैतिल 19.21 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 46' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872354 **जूलियन दिन** 2460819.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 25 **विशेष** प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः प्रार्थना के बीच में

एक सेठ एक साधु से मिलने आया। साधु को प्रणाम करके उसने कहा, 'बाबा, मैं प्रार्थना करना चाहता हूं, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं कर पाता। जब भी मैं ध्यान लगाने की कोशिश करता हूं तभी मेरे आगे दुनियावी चीजें आ खड़ी होती हैं। धन कमाने और पारिवारिक तनाव के बारे में सोचने लग जाता हूं। आप ही बताइए मुझे प्रार्थना में मन लगाने के लिए क्या करना चाहिए?' यह सुनकर साधु महाराज सेठ को एक ऐसे कमरे में ले गए जिसकी खिड़कियों में शीशे लगे हुए थे। साधु ने सेठ को कांच के पार बाहर का नजारा दिखाया। शीशों से पेड़, उस पर चहकते पक्षी व दूसरी कई चीजें नजर आ रही थीं। यह देखकर सेठ प्रसन्न हो गया। उसके बाद साधु उसे एक दूसरे कमरे में लेकर गए। वहां कमरों की खिड़कियों पर चांदी की चमकीली परत लगी हुई थी। साधु बोले, 'सेठ जी, जरा देखो तो इस चांदी की चमकीली परत के पार आप क्या देख पाते हैं?' सेठ चांदी की चमकीली परत के पास गया तो उसे अपने चेहरे के सिवाय और कुछ नहीं दिखा। बाहर के मनोरम दृश्य उस परत में खो गए थे। यह देखकर सेठ बोला, 'बाबा, यहां तो बाहर की दुनिया ही गायब है। चांदी की चमकीली परत में तो मुझे सिवाय अपने चेहरे के कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता जबकि कांच में से मुझे बाहर के मनोरम दृश्य दिखाई पड़ रहे थे।' सेठ की बात सुनकर साधु बोले, 'बिल्कुल सही कहा तुमने। इसी तरह तुम भी प्रार्थना करते समय अपने ऊपर चांदी की परत चढ़ाए रखते हो इसलिए उसमें तुम्हें अपनी शक्ल और अहं के अलावा कुछ और नजर नहीं आता। यदि तुम स्वयं को कांच की तरह पारदर्शी और स्वच्छ बनाओगे तो तुम्हारा प्रार्थना में ध्यान सहज ही लग जाएगा।' सेठ को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसने उसी क्षण निश्चय किया कि अब वह बेमतलब की चीजों को प्रार्थना के बीच में नहीं आने देगा।

## सूडोकु नवताल- 7161

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# सपाट शुरुआत के बाद उछला शेयर बाजार

मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सपाट लेवल पर खुलने के बाद चढ़ गए। इन्फोसिस, रिलायंस, एचडीएफसी और आईटीसी जैसे शेयरों में तेजी से बाजार को बल मिला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 80,897 अंक पर ओपन खुला। सुबह की शुरुआत मे यह 602.86 अंक की बढ़त लेकर 81,554.85 पर कारोबार कर रहा था। सन फार्मा को छोड़ सेंसेक्स की सभी 29 कंपनियां हरे निशान में कारोबार कर रही थी। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 24,639.50 अंक के लेवल पर सपाट खुला। बाद में इसमें तेजी देखने को मिली। सुबह शुरुआत के बाद यह 200.85 अंक च ?कर 24,810.55 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट में बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.64 अंक की गिरावट लेकर 80,951.99 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 203.75 अंक गिरकर 24,609.70 पर बंद हुआ। एशियाई बाजार- एशियाई बाजार शुक्रवार को ऊंचे स्तर पर खुले। निवेशकों ने क्षेत्रभर से आए आर्थिक आंकड़ों की समीक्षा की। जापान के निक्केई इंडेक्स में 0.80 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जबकि व्यापक टॉपिक्स सूचकांक 0.71 प्रतिशत ऊपर रहा। कोस्पी 0.12 प्रतिशत बढ़ा और एएसएक्स 200 में 0.36 प्रतिशत की हल्की बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी बाजार- अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए। ब्याज दरों में वृद्धि और बढ़ते फेडरल डेफिसिट को लेकर चिंता ने निवेशकों की भावना को प्रभावित किया। 30-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 2023 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। जब एक ऐसा बिल पास हुआ जिसे लेकर बाजारों में यह आशंका है कि यह अमेरिका के वित्तीय घाटे को और बढ़ा सकता है। डाओ जोन्स 1.35 अंक गिरकर 41,859.09 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 0.04 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 5,842.01 पर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.28 प्रतिशत चढ़कर 18,925.73 पर बंद हुआ।



# दूध-तेल के दाम आसमान पर, दाल और सब्जियों ने दी राहत

नई दिल्ली। भारत में दूध और खाने के तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। जून 2021 से अब तक दूध के भाव में 13 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। दूध के अलावा दही, पनीर, छाछ जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स भी महंगे हो रहे हैं। वहीं, खाने के तेल के दाम भी सितंबर 2023 से लगातार चढ़ रहे हैं। इनकी कीमतों में 10 से 20 रुपये प्रति लीटर तक की तेजी आई है। हालांकि, दालों, फलों और सब्जियों के दामों में ज्यादा उछाल नहीं आया है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। आरबीआई के मुताबिक औसत महंगाई काबू में है, लेकिन कुछ चीजों के दाम आग की तरह बढ़ रहे हैं। खासकर, मूंगफली, सरसों, और सूरजमुखी के तेल के भाव आसमान पर हैं। पिछले एक साल में खाद्य तेल के सूचकांक में 25 अंक से ज्यादा की छलांग लगी है। वहीं, डेयरी प्रोडक्ट्स के सूचकांक में भी 30 अंक की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, अनाज, चीनी, दाल, और सब्जियों के दामों में गिरावट ने लोगों के हौसले बनाए रखे हैं। सूरजमुखी का तेल 130 से 159.2 रुपये/किलो, सरसों 152 से 170.8 रुपये/किलो, मूंगफली 182 से 190.4 रुपये/किलो वहीं उड़द की दाल 117 रुपये/किलो, मूंग 111.1 रुपये/किलो, मसूर 87.7 रुपये/किलो, चना 86.3 रुपये/किलो हो गई हैं।



# भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय मंत्री गोयल ने दिया बड़ा अपडेट

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत तेजी से जारी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक के साथ हाल ही में हुई बैठक में समझौते पर सकारात्मक चर्चा हुई है। दोनों देशों के बीच समझौते के पहले चरण को वर्ष 2025 की तय समयसीमा से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, सचिव लटनिक के साथ एक रचनात्मक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका अपने व्यवसायों और नागरिकों के लिए बेहतर अवसर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जो समझौता तैयार हो रहा है, उसमें टैरिफ यानी आयात-निर्यात शुल्क में कटौती का विशेष ध्यान रखा गया है। इससे दोनों देशों को व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी और उद्यमियों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा का बेहतर मौका मिलेगा। गोयल ने बताया कि भारत की युवा और आकांक्षी जनसंख्या, जो आने वाले 25-30 वर्षों में वस्तुओं और सेवाओं की भारी मांग पैदा करेगी, अमेरिका के लिए एक बड़ा बाज़ार है। गोयल ने कहा, 卐हम मानते हैं कि भारत अमेरिका के साथ एक मजबूत व्यापार समझौता करने के लिए बेहद उपयुक्त स्थिति में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संयुक्त बयान में वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में यह संभावित व्यापार समझौता एक बड़ी पहल मानी जा रही है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि भारत ने अमेरिकी सामानों पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश की है, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि वे समझौते को अंतिम रूप देने को लेकर जल्दबाज़ी में नहीं हैं।

# बिना रायल्टी अवैध रेत परिवहन करते खनिज विभाग ने जप्त किए 5 ट्रैक्टर







लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी के पौनी स्थित सोननदी के रेत घाट से तकरीबन 5 ट्रैक्टर ट्रॉली जो कि चिचटोला होते हुये लांजी के ओर आ रहे थे जिन्हे खनिज विभाग की टीम के द्वारा चिचटोला में इन ट्रैक्टर ट्रालियॉ को पकड ?र रेत परिवहन संबधी दस्तावेज मांगे गये जो कि वाहन मालिको के पास नही होना बताया गया है। जिसके तहत 5 वाहनों को जप्ती एवं पंचनामा कार्यवाही पुलिस थाना लांजी में अभिरक्षा में रखा गया है। बता दें कि विगत कई दिनों से रेत के खनन एवं परिवहन को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसमें कुछ अस्वीकृत रेत घाटों से तथा बिना रायल्टी के रेत परिवहन आदि को लेकर शिकायत की जा रही थी। वर्तमान में कंपनियों के द्वारा रेत घाट संचालित किया जा रहा है इन कंपनी के द्वारा कौन सी रायल्टी उपयोग मे ली जा रही है, कौन से घाट स्वीकृत है कौन से अवैध है यह भी देखा जा रहा है। इन्ही सभी विषयो के तहत शायद खनिज विभाग के द्वारा उक्त 5 वाहनों पर कार्यवाही की गई है जिसका पंचनामा आदि तैयार कर पुलिस थाना लांजी में वाहन अभिरक्षा में है। विभाग के द्वारा संपूर्ण कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन कलेक्टर बालाघाट खनिज विभाग को सौंपा जायेगा जिस पर जिला कलेक्टर के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

### बिना नंबरों के धडल्ले से दौड़ रहे ट्रैक्टर वाहन

वर्तमान में देखा जा रहा है कि धडल्ले से बिना नंबरों के ट्रैक्टर ट्रॉलियॉ दौड़ रही है, अधिकांश वाहन मालिक यातायात एवं परिवहन नियमों को पालन करते हुये नही दिखाई दे रहे है, ना तो ट्रैक्टरों में रजिस्ट्रेशन क्रमांक लिखा रहता है और ना ही ट्रॉलियों में जबकि नियमानुसार जो भी ट्रैक्टर ट्रालिया होती है उनमें बकायदा रजिस्ट्रेशन नंबर होनी चाहिये। ट्रैक्टर में अलग और ट्रालियों मे अलग तभी आप व्यवसायिक उपयोग में ट्रैक्टर ट्रॉली ले सकते है लेकिन लांजी में तेज रफ्तार में दौड़ रहे अधिकांश ट्रैक्टर ट्रालियों में वाहन क्रमांक नही दिखाई देते तथा ये ट्रैक्टर ट्रॉली धडल्ले से रेत भरकर तेज रफ्तार में दौडते हुये देखे जा सकते है। इन सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर नियमानुसार कार्यवाही परिवहन विभाग के द्वारा की जानी चाहिये।

## बालाजी प्रा. आईटीआई में आयोजित मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट में 16 छात्र छात्राओं का हुआ चयन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र की संस्था बालाजी प्रा. आईटीआई लांजी में हर वर्ष बहुत सी कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाता है, वैसे ही इस वर्ष 23 मई 2025 को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से पहली बार लांजी, किरणापुर, लालबर्रा लोकेशन के लिए इंटरव्यू लिया गया। जिसमें बालाजी आईटीआई लांजी में छात्रों का इंटरव्यू लेकर उनका सिलेक्शन होने पर नौकरी प्रदान की गई। जिससे लांजी क्षेत्र के बच्चो का जीवन स्तर में



सुधार आयेगा। बालाजी आईटीआई लांजी क्षेत्र की एक मात्र संस्था है जो छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ रोजगार भी प्रदान करती है । बालाजी आईटीआई लांजी द्वारा आयोजित हुए कैंपस प्लेसमेंट में लांजी ही नहीं बालाघाट एवं मंडला जिले कुल 37 छात्र उपस्थित हुए जिनका इंटरव्यू लेकर उनमें से 16 छात्रों का चयन मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के लिए किया गया। जिससे इन सभी छात्रों की बालाजी आईटीआई लांजी द्वारा रोजगार प्राप्त कराया गया। जिसे पाकर यह सभी छात्र बहुत खुश हैं। इस कैंपस प्लेसमेंट में कंपनी के एचआर जबलपुर से आए थे, साथ ही नागेंद्र रामटेक्कर, राकेश रामटेक्कर, संदीप सहारे, राम भोंडेकर, प्रदीप भटेरे , विजय मातरे , कृष्ण कुमार शैंडे, निशा चोखंदरे, पार्वती घोरमारे, विजय धारणे सभी स्टाफ उपस्थित रहे ।

### निरंतर प्रशिक्षण निश्चित रोजगार सभी छात्रों को रोजगार प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य - प्राचार्य

बालाजी आईटीआई लांजी के प्राचार्य से चर्चा में बताया गया कि कुछ बच्चे किसी कारण वश बाहर जाने में सक्षम नहीं है उनके लिए पहली बार लांजी, किरणापुर, लालबर्रा लोकेशन के लिए बालाजी आईटीआई लांजी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सभी को अपने घर के पास ही अब जॉब मिलने का अवसर मिला है। उन सभी छात्रों का जिनका चयन किया गया उनकी ज्वाइनिंग कुछ दिनों में हो जाएगी, जिससे उन सभी छात्रों का जीवन स्तर में सुधार आएगा। उसके साथ ही अपने परिवार के साथ रहकर वह नौकरी भी कर पाएंगे। बालाजी आईटीआई लांजी एक मात्र ऐसी संस्था है जो लांजी क्षेत्र के बच्चो को रोजगार प्रदान करती है । लांजी क्षेत्र जो की लास्ट छोर की तहसील हैं यहां से ज्यादा पलायन हैदराबाद में होता है जहा लोगो को समान डोने का काम मजदूरी कराई जाती है यह लोग अगर अपने बच्चों को आईटीआई की पढ़ाई कराते है तो जिससे उन्हें रायपुर, नागपुर ,भोपाल ,पीथमपुर , अहमदाबाद में अच्छे पदों पर आईटीआई के द्वारा नौकरी मिल जायेगी जिससे उनका जीवन स्तर में सुधार आएगा ।

## नगर परिषद ने बिना अनुमति निर्माण कार्य पर लगाया रोक





लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी को शिकायत प्राप्त हुई थी कि सोलटेकरी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने गेंदलाल रामटेक्कर के द्वारा बिना नगर परिषद के अनुमति अनुज्ञा प्राप्त किये भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिस पर नगर परिषद अमले के द्वारा 23 मई को दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच उक्त निर्माण कार्य स्थल पर पंहुचकर भवन निर्माण कार्य करवा रहे व्यक्ति से निर्माण संबधी वैध दस्तावेज मांगे गये जो कि निर्माणकर्ता के पास नही थे। जिस पर नगर परिषद अमले के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से निर्देशन प्राप्त कर भवन निर्माण कार्य को रोका गया तथा सामग्री जप्ती की पंचनामा कार्यवाही कर समझाईश दी गई कि पहले नगर परिषद लांजी से अनुमति अनुज्ञा प्राप्त कर ले उसके बाद ही किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करवाये। संपूर्ण कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी लांजी बी एल लिल्हारे के मार्गदर्शन में नगर परिषद अमला जिनमें तेजराम आसटकर(स्थापना शाखा प्रभारी), नितिन बरगैया( भवन निर्माण शाखा प्रभारी), विजय महोबिया( सहायक निर्माण शाखा) एवं राजस्व वार्ड प्रभारी में संजय भण्डारकर, आकाश महोबिया, बिहारी महोबिया, कृष्णा सातपुते, श्रीमती पुजा श्रीवास्तव, श्याम वगारे, शैलेन्द्र पाण्डे की उपस्थिति में की गई।

### इनका कहना है

नगर परिषद लांजी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी एल लिल्हारे ने नगरवासियों से अपील करते हुये कहा है कि नगर में किसी भी प्रकार निर्माण कार्य जिनमें भवन निर्माण, दुकान निर्माण या अन्य कोई निर्माण कार्य हो वे बिना नगर परिषद के अनुमति के ना करवाई जाये अन्यथा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानित नियमों के तहत् सामग्री जप्ती कर संबंधित भवन मालिक/ भवन निर्माणकर्ता ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही की जावेंगी। जिसके लिए संबंधित स्वयं जिम्मेदार होगा।

## बारिश के पूर्व ओव्हरब्रिज का कार्य शीघ्रता से करे पूर्ण

### पीडब्ल्यूडी, रेलवे और कॉन्ट्रेक्टर के समन्वय से पेंडिंग कार्यों में आएगी तीव्रता, कलेक्टर ने ओव्हरब्रिज के पेंडिंग कार्यों की समीक्षा की



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना ने जिले में निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पीडब्ल्यूडी, रेलवे के अधिकारी एवं कॉन्ट्रैक्टर को बारिश के पूर्व कार्यो के सम्बंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी ब्रिज निगम के ओव्हरब्रिज की अपडेट जानकारी ली गई। साथ ही निर्देशित किया कि बारिश को अब कुछ ही समय शेष है ऐसे में पेंडिंग निर्माणाधीन कार्यों में तीव्रता लाना अनिवार्य है। कलेक्टर श्री मीना ने सरेखा ओव्हरब्रिज निर्माण के संबंध में निर्देशित किया कि 5 जुलाई तक कि समय सीमा निर्धारित है। ऐसी स्थिति में शीघ्रता से पेंडिंग कार्यो को पूर्ण करना पीडब्ल्यूडी, रेलवे एवं संबंधित कॉन्ट्रेक्टर की जिम्मेदारी है। बारिश की वजह से अक्सर कीचड़ जैसी समस्या का सामना करना पड़ता है जिससे कि गाड़िया कीचड़ में धस जाती है और ट्राफिक की समस्या का सामना करना पड़ता। शहर में यातायात प्रभावित न हो इसके लिए संबंधित कॉन्ट्रेक्टर को 15 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा गया है। बैठक में एडीएम जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी एसडीएम श्री केसी ठाकुर, तहसीलदार अहिरवार, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, रेलवे अधिकारी एवं कॉन्ट्रेक्टर मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज से शहर वासियों को सुविधा प्रदान करना प्रशासन की जिम्मेदारी

कलेक्टर श्री मीना ने वारासिवनी ओव्हरब्रिज के निर्माणाधीन कार्यो को लेकर रेलवे के अधिकारी से अपडेट जानकारी मांगी। बताया गया कि 3 स्लैब्स रुके हुए है। साथ ही भू-अर्जन की वजह से गर्डर का कार्य भी पेंडिंग है। कलेक्टर मीना ने शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भू-अर्जन को लेकर रजिस्ट्री संबंधित प्रक्रिया के संबंध में एसडीएम वारासिवनी श्री आरआर पांडे को सोमवार तक रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीओपी वारासिवनी से निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज के कारण शहर में आने वाली यातायात समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने यातायात के दौरान लाइट संबंधी समस्या को लेकर एसडीएम वारासिवनी को निर्देशित किया है कि वे संबंधित ग्राम के सरपंच से समन्वय कर पोल में लाइटिंग का कार्य पूर्ण करवाएंगे।

### बारिश में डेंजर रोड से आवागमन होता है प्रभावित, 15 जून से पहले ट्रैफिक मूवमेंट शुरू करना होगा

कलेक्टर श्री मीना ने गर्रा ओव्हरब्रिज के निर्माणाधीन कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी से जानकारी ली। बताया गया कि 4 में 3 पिल्लर की टेस्टिंग चल रही है, शीघ्र कार्य पूर्ण हो जाएगा। कलेक्टर श्री मीना ने रेलवे के अधिकारी को निर्देशित किया कि दिन में समस्या आ रही तो रात में कार्य किया जा सकता है। चूँकि डेंजर रोड में बारिश के समय आवागमन बंद हो जाता है। इसलिए 15 जून से पहले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का ट्राफिक मूवमेंट करवाना सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर श्री मीना ने भटेरा ओव्हरब्रिज की भी अपडेट जानकारी प्राप्त करते हुए एमपीईबी को पोल शिफ्टिंग के संबंध में निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि पोल शिफ्टिंग की जिम्मेदारी विद्युत विभाग की है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मदारी पूर्व सुनिश्चित करेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का मनाया जश्न, तिरंगा यात्रा निकाली गई




लामता (पद्मेश न्यूज)। कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगो को धर्म पूछकर बेरहमी से मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था,जिसके विरोध में भारत सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की पूर्ण सफलता ओर सेना के शौर्य और पराक्रम के लिए भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली निकालकर उत्साह मनाया जा रहा है,इसी तरह 23 मई शुक्रवार को दोपहर 3 बजे चमनटोला चौक से विशाल तिरंगा रैली निकली गई ,डीजे पर देश भक्ति गीत और हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए,भारत माता की जय,तिरंगे झंडे की जय,के साथ तिरंगा झंडा रैली विभिन्न चौराहों से होकर बस स्टैंड गांधी चौक पर रैली का समापन किया गया।

## नगर के वार्ड नं 4 स्थित घास मद की भूमि को आबादी घोषित कर आवासीय पट्टा प्रदान किया जाएं-प्रेमलता खोबरागड़े पार्षद



लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती प्रेमलता संजय खोबरागड़े अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी को पत्र लिखकर वार्ड में स्थित खसरा नंबर 121/22 रकबा 0.187 आ रे घास मद की भूमि को आबादी मद में घोषित कर आवासीय पट्टा प्रदान किया जाएं। आपने जानकारी में बताया कि वार्ड क्रमांक 4 में स्थित खसरा नंबर 121/22 रकबा 0.187 भूमि पर वर्षो से कुछ लोगों द्वारा कच्चा मकान बनाकर निवासरत है। किन्तु उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में आबादी घोषित नहीं होने के कारण उन्हें उक्त भूमि का पट्टा नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में उक्त खसरा नंबर की भूमि का मद परिवर्तन करने का प्रस्ताव 28 सितम्बर 2022 को नगर परिषद द्वारा लिया गया है, किन्तु बार बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई कारगर कार्यवाही नहीं की गई है। इस संबध मर्ं वार्ड पार्षद श्रीमती खोबरागड़े ने यह बताया कि हमारे द्वारा विधायक राजकुमार कर्राहे को भी ज्ञापन सौंपा गया है तथा विधायक महोदय के द्वारा उसी वक्त एसडीएम लांजी से फोन पर चर्चा की गई तथा नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात कही गई। आपने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी से निवेदन किया है कि इस संबंध में उचित कार्रवाई कर उक्त भूमि का मद परिवर्तन कर वहां के रहवासियों को पट्टा प्रदान किया जावे।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# ससुराल या पैतृक पंचायत में नहीं होगा तबादला

## - पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के लिए जारी की तबादला नीति

भोपाल । तबादले के लिए बचे नौ दिन की समय सीमा के बीच पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के लिए तबादला नीति जारी की है। इस नीति में कहा गया है कि एक ही पंचायत में दस साल की समय अवधि पूरी कर चुके पंचायत सचिवों के तबादले सबसे पहले होंगे। कोई भी पंचायत सचिव अपनी पैतृक पंचायत या ससुराल में पदस्थ नहीं किया जा सकेगा। साथ ही अंतर जिला तबादले के लिए जहां से तबादला होना है और जहां के लिए होना है, उन दोनों ही जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की एनओसी होना अनिवार्य तय किया गया है।

पंचायत सचिवों के तबादले को लेकर जारी एक अन्य निर्देश में कहा गया है कि नियमित पंचायत सचिवों की स्थानांतरण नीति में जिले के भीतर ट्रांसफर में यह व्यवस्था भी लागू रहेगी कि जो पंचायत सचिव एक ही ग्राम पंचायत में पिछले दस साल या अधिक समय से पदस्थ हैं उनका ट्रांसफर किया जाएगा। जिला संवर्ग में कार्यरत सचिवों की संख्या का 10त्न ही ट्रांसफर इस कैटेगरी में किया जा सकेगा। जिन सचिवों को एक ही पंचायत में दस साल हो चुके हैं उनका तबादला पहले किया जाएगा।





### प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद तबादला

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नीति में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों में सचिवों का जिले के भीतर तबादला कलेक्टर द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जा सकेगा। तबादला आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। कलेक्टरों को दिए निर्देश में कहा गया है कि यदि किसी ग्राम पंचायत में सचिव का नातेदार सरपंच या उप सरपंच चुन लिया गया है तो ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत से सचिव का तबादला दूसरी ग्राम पंचायत में किया जाएगा। तबादले के बाद नई पदस्थापना वाली ग्राम पंचायत में सचिव का नातेदार सरपंच या उपसरपंच नहीं होना चाहिए। किसी भी पंचायत सचिव को उसके पैतृक ग्राम पंचायत या उसके ससुराल की ग्राम पंचायत में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

### ऐसे होंगे अंतर जिला तबादले

अन्तर जिला तबादले को लेकर जारी नीति में कहा गया है कि केवल स्वैच्छिक आवेदन पर ही तबादले किए जा सकेंगे। इसके लिए विवाहित, विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को ही ऐसे जिले में अंतर जिला स्थानांतरित किया जा सकेगा, जिसमें उसका ससुराल या पति का निवास या स्वयं का परिवार निवास करता हो। ग्राम पंचायत की विवाहित, विधवा और तलाकशुदा महिला सचिव के वर्तमान पदस्थापना वाले जिले के और आवेदन किए जाने वाले जिले के सीईओ जिला पंचायत के एनओसी के आधार पर तबादला किया जा सकेगा। ट्रांसफर के लिए आवेदन सचिव द्वारा वर्तमान पदस्थापना वाले जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया जाएगा तथा उसकी कॉपी उस जिले के सीईओ जिला पंचायत को दी जाएगी। जहां वहां पदस्थापना चाहता है। आवेदित जिले की एनओसी मिलने के बाद पदस्थापना वाले जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अनुशंसा के साथ आवेदन संचालक पंचायत राज संचालनालय को भेजा जाएगा। तबादला आदेश प्रशासकीय अनुमोदन के बाद संचालक पंचायत राज द्वारा जारी किया जाएगा। जिस सचिव का ट्रांसफर होना है, उसका नाम नए जिले की उस साल की सीनियारिटी लिस्ट में सबसे नीचे रखा जाएगा। पूरे सेवाकाल में इस आधार पर पंचायत सचिव सिर्फ एक बार ही ट्रांसफर का लाभ ले सकेगा।

# 2 साल बाद खुलेंगे नए नर्सिंग कॉलेज

## - मप्र नर्सिंग काउंसिल ने शुरू की आवेदन की प्रक्रिया

भोपाल। नर्सिंग कॉलेजों में बड़े पैमाने पर हुए फर्जीवाड़े और सीबीआई जांच के बाद अब दो वर्षों के अंतराल पर मप्र में फिर से नए नर्सिंग कॉलेजों को अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्ष 2022-23 के बाद पहली बार नए कॉलेज खोलने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जून में यह स्पष्ट होगा कि कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 में जब अंतिम बार नए नर्सिंग कॉलेजों की अनुमति दी गई थी, तब कॉलेजों में मापदंडों की अनदेखी और फर्जी मान्यता संबंधी मामलों को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। ला स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी थी। जांच में सामने आया कि कई कॉलेज बिना बुनियादी ढांचे और योग्य स्टाफ के संचालित हो रहे थे। इसके बाद 550 से अधिक कॉलेजों में से लगभग आधे को बंद कर दिया गया।

### नए नियम और कसावट के साथ मान्यता

अब नए सत्र 2024-25 में केवल 227 कॉलेजों की मान्यता का नवीनीकरण हो सका है। इस कारण प्रदेश में नर्सिंग स्टाफ की कमी की आशंका जताई जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नए कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है, जिनमें 27 शासकीय नर्सिंग कॉलेज शामिल होंगे। मप्र नर्सिंग काउंसिल के अनुसार, नए कॉलेजों को वर्ष 2018 के मापदंडों के तहत ही मान्यता दी जाएगी। आधार आधारित फैकल्टी सत्यापन और कॉलेज की गूगल लोकेशन अनिवार्य की जाएगी। साथ ही, निरीक्षण दल में प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित किए जाएंगे। कड़े नियमों के कारण इस बार 50 से 100 के बीच ही नए कॉलेजों को अनुमति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# आरक्षण नियमों में उलझी 8,500 पुलिस पदों पर भर्ती

**भोपाल। मध्य प्रदेश में 8,500 पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया पिछले कई महीनों से आरक्षण नीति को लेकर अस्पष्टता और पीएचक्यू और कर्मचारी चयन बोर्ड के बीच समन्वय की कमी के कारण अटकी हुई है। इन पदों में 7,500 आरक्षक ( सिपाही ) और 1,000 उपनिरीक्षक व लिपिकीय पद ( स्टेनोग्राफर, सहायक आदि ) शामिल हैं। यह भर्ती राज्य की कानून-व्यवस्था को सशक्त बनाने और युवाओं को रोजगार देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही थी।**

बता दें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जुलाई 2024 में एक पुलिस बैंड कार्यक्रम के दौरान इस भर्ती की घोषणा की थी। इसके बाद दिसंबर में पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने भर्ती प्रक्रिया का दायरा बढ़ाते हुए 500 उपनिरीक्षक और 500 लिपिकीय पद भी जोड़े। इसके बाद से युवाओं में बड़ी उम्मीद जगी थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया लगभग पांच महीने से ठप पड़ी है, जिससे हजारों बेरोजगार युवा असमंजस में हैं।

### नीति स्पष्ट नहीं होने से निर्णय लंबित

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय को भर्ती में आरक्षण की स्थिति को लेकर कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। साथ ही, उम्मीदवारों को राज्य सरकार के रोजगार पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया है, लेकिन इस नियम को लेकर भी विभागों के बीच मतभेद सामने आए हैं। यही कारण है कि प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से पहले मामला राज्य सरकार को भेजा गया है, ताकि वह इस पर अंतिम निर्णय ले सके।

### भर्ती की तैयारी कर रहे युवा परेशान

राज्य भर से लाखों युवाओं ने इस भर्ती प्रक्रिया का बेसब्री से इंतजार किया था। कई युवाओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों में दाखिला लिया और पढ़ाई में समय और धन निवेश किया। अब भर्ती प्रक्रिया के ठप हो जाने से उनमें निराशा और नाराजगी बढ़ रही है।

# बेघरों के लिए बनेंगे 10 लाख आवास

## - ऑनलाइन करना होगा आवेदन

भोपाल । प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में गरीब और आवासहीन परिवारों को छत देने के उद्देश्य से सरकार ने अगले पांच वर्षों में 10 लाख नए आवास बनाने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत भारत सरकार ने मप्र की कार्ययोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस योजना में सफाईकर्मी, पथ विक्रेता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, निर्माण श्रमिकों के साथ-साथ अकेली महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक व अन्य कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अब तक 8.50 लाख आवास बन चुके

प्रदेश में अब तक इस योजना के तहत 22,975 करोड़ रुपये की लागत से 8.50 लाख आवास बनाए जा चुके हैं। अब योजना के दूसरे चरण में भारत सरकार ने देशभर में एक करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें से 10 लाख आवास मप्र को आवंटित किए गए हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पात्र हितग्राहियों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं, जिससे समय पर निर्माण कार्य शुरू हो सके। आवेदक यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग का लक्ष्य है कि नगरीय निकायों को योजनाबद्ध ढंग से झुग्गी मुक्त बनाया जाए।

# पुलिसकर्मियों को नहीं लगाना होगा पीएचक्यू का चक्कर

भोपाल। मप्र में पुलिस अधिकारी से लेकर सिपाही तक को अपने तबादले लेकर छुट्टी के आवेदन और सर्विस से जुड़े दूसरे मामलों के लिए जिले और पुलिस मुख्यालय तक नहीं भागना होगा। पुलिस कर्मचारी ऑनलाइन ही इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। पुलिस मुख्यालय के स्टेट इलेक्ट्रानिक डेवपलमेंट कॉरपोरेशन की मदद से ई एचआरएमएस पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इस पोर्टल पर मप्र पुलिस के 1 लाख से ज्यादा जवानों और पुलिस अधिकारियों का पूरा डेटा उपलब्ध होगा। जरूरत पडने़ पर पुलिस कर्मचारी खुद इस पोर्टल की मदद से अपना रिकॉर्ड देख सकेंगे।

### पुलिसकर्मी का पूरा रिकॉर्ड होगा अपलोड

मप्र पुलिस में अभी पुलिस कर्मचारी को छुट्टी लेने के लिए लिखित में आवेदन सीनियर ऑफिसर को देना होता है। इस आवेदन पर छुट्टी सेंशन होने के बाद इसे जिले के आरआई के पास भेजा जाता है और फिर यह रिकॉर्ड पर चढ़ाया जाता है। पुलिस कर्मियों को जल्द ही इस कागजी कार्रवाई से निजात मिलने जा रही है। मप्र पुलिस मुख्यालय द्वारा एक पोर्टल तैयार किया जा रहा है, इसके बाद कर्मचारियों का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन होगा। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की मदद से इलेक्ट्रानिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें सभी पुलिस कर्मियों और अधिकारियों का रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। इस पोर्टल को इस साल के अंत तक तैयार कर लिया जाएगा।

### नए साल से शुरू होगा पोर्टल

पुलिस मुख्यालय में आईजी प्रशासन रुचि वर्धन मिश्रा के मुताबिक इसके तैयार होने के बाद पुलिस कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखा जाएगा। इस पोर्टल पर ही सभी को छुट्टी के लिए आवेदन करना होगा। साथ ही तबादला या दूसरे किसी भी प्रकार के आवेदन भी इस पोर्टल के जरिए ही होंगे। इसके बाद पुलिस मुख्यालय तक आने की जरूरत नहीं होगी। इस पोर्टल को जनवरी से लागू किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पोर्टल से ही पता चलेगा कहां-कहां पोस्टिंग

इस पोर्टल पर हर पुलिसकर्मी का पूरी सर्विस कुंडली मौजूद होगी। पुलिसकर्मी किस-किस जिले में पदस्थ रहा है, उसे कब इनाम मिला है और कब सजा। इस सबका पूरा लेखा-जोखा इस पोर्टल पर उपलब्ध होगा।

# छत्तीसगढ़ में घायलों का 7 दिन तक होगा फ्री इलाज

## -डेढ़ लाख तक खर्च उठाएगी सरकार, योजना लागू

रायपुर । छत्तीसगढ़ में सडक़ हादसों में घायलों को बड़ी राहत मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को घोषणा की है कि सडक़ हादसे में घायल व्यक्ति का 7 दिनों तक आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पतालों में फ्री इलाज होगा। प्रदेश में 807 से अधिक आयुष्मान से जुड़े अस्पताल हैं। मंत्री बिहारी ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को हादसे में चोट लगती है, तो उसे 1 लाख 50 तक का इलाज मिलेगा। अगर एक ही परिवार के 2 सदस्य घायल होते हैं तो उन्हें 3 लाख और 3 सदस्य घायल होते हैं तो 4 लाख 50 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। नकदी रहित उपचार स्कीम आज यानी 23 मई 2025 से लागू होगी।

वहीं छत्तीसगढ़ में हादसों की बात करें जनवरी से मई 2025 तक 6 हजार 390 सडक़ हादसे हुए, जिनमें 2 हजार 969 लोगों की मौत हुई है, जबकि 5 हजार 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं रायपुर जिले में 650 सडक़ हादसे हुए हैं, जिसमें 221 लोगों की मौत हुई है, जबकि 436 लोग घायल हुए हैं।

इस योजना का लाभ सिर्फ उन्हीं अस्पतालों में मिलेगा, जो आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत हैं। हादसे के बाद घायलों को नजदीकी पैनल अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा, जहां उन्हें पूरी तरह मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।

# मंत्री विजय शाह ने तीसरी बार मांगी माफी

## पात्र छात्रों के बैंक खाते की संपूर्ण जानकारी शिक्षा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश

भोपाल। सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताने वाले एमपी के मंत्री कुंवर विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि ये मेरी भाषाई भूल थी। इसके लिए मैं बहन सोफिया कुरैशी और देशवासियों से माफी मांगता हूं।

मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि किसी को ठेस पहुंचाना मेरा उद्देश्य नहीं था। वीडियो में विजय शाह ने ये कहा कि जय हिंद, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मन दुखी और विचलित था। मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर और सम्मान हमेशा रहा है। मेरे द्वारा कहे गए शब्दों से समुदाय धर्म और देशवासियों को दुख पहुंचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी। मेरा आशय किसी भी धर्म जाति या समुदाय को ठेस पहुंचाना या आहत करना नहीं था। भूल वश अपने द्वारा कहे गए शब्दों के लिए मैं पूरी तरह भारतीय सेना, बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और देशवासियों से पूरी तरह क्षमा प्रार्थी हूं और पुन- हाथ जोडक़र आप सबसे माफी मांगता हूं।

### विजय शाह के माफी का यह तीसरा वीडियो

बयान पर विवाद होने के बाद पहली बार सफाई देते हुए मंत्री शाह ने कहा था कि मेरे बयान को गलत संदर्भ में न लें। इसके बाद भी मामला तूल पकड़ता गया तो उन्होंने दूसरा वीडियो जारी किया और माफी मांगी। इस माफी के साथ ही उन्होंने अपने परिवार की सेनाओं से जुड़ी पृष्ठभूमि के बारे में बताया। इसके बाद हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए एफआईआर के आदेश दे दिए। मामले में शाह सुप्रीम कोर्ट गए वहां से भी राहत नहीं मिली। बल्कि एसआईटी गठित कर जांच के आदेश जारी हो गए। अब शाह ने माफी मांगते हुए तीसरा वीडियो जारी किया है। मंत्री विजय शाह 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था कि उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी

# प्रोफेसर के 2197 पदों के लिए एग्जाम जून-जुलाई में

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग में प्राध्यापकों के 2197 पदों पर जून और जुलाई माह में भर्ती परीक्षाएं होंगी। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा आयुष विभाग के 718 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लेकिन आयोग परीक्षा की तारीख घोषित नहीं कर सका है। जल्दी ही इन पदों के लिए भी भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। लोक सेवा आयोग ने साल 2025 के लिए प्री एग्जाम करा लिए हैं। लेकिन जून में होने वाली मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों के लिए 2025 के अंत तक ही अंतिम परिणाम घोषित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिसम्बर 2024 में एक लाख पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों से रिक्त पदों की जानकारी बुलाई। ये ब्योरा पीएससी और कर्मचारी चयन मंडल को भेजकर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। इसमें लोक सेवा आयोग इंदौर ने 30 दिसम्बर 2024 से अब तक 64 विज्ञापन निकाले हैं। 3151 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा प्रक्रिया शुरू की है। डिप्टी सीएम और लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र कुमार शुक्ल पीएससी के माध्यम से होने वाली चिकित्सकों की भर्ती को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। वे इसको लेकर मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ मीटिंग करने के अलावा पीएससी के अफसरों के साथ भी बैठक कर चुके हैं लेकिन अब तक की जो स्थिति है, उसके अनुसार विभाग के रिक्त पदों को इस साल चिकित्सक स्टाफ मिल पाने की उम्मीद कम ही है।

# 11 गांवों को नर्मदा लिंक प्रोजेक्ट में जोडऩे की मांग

भोपाल। सीहोर जिले के इछावर में नर्मदा लिंक परियोजना में 11 छूटे हुए गांवों को शामिल करने की मांग को लेकर सैकड़ों किसान सडक़ पर उतर आए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह क्षेत्र इछावर में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पहुंचे, जिनकी लंबी कतारें दूर-दूर तक दिखाई दीं।

इछावर में 11 गांवों के किसानों ने नर्मदा लिंक परियोजना में अपने गांवों को शामिल करने की मांग को लेकर पैदल रैली निकाली। किसान बड़ी संख्या में एकत्र हुए और रैली के रूप में तहसील कार्यालय तक पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि उनके 11 गांवों को नर्मदा लिंक परियोजना में शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण वे इस महत्वपूर्ण परियोजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने सभी छूटे हुए गांवों को परियोजना से जोडऩे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मौजूदगी ने किसानों के आंदोलन की ताकत को दर्शाया। किसानों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांग पूरी नहीं होने तक वे अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

# 75 प्रतिशत से अधिक अंक छात्रों को मिलेंगे लैपटॉप के लिए 25 हजार

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राज्य सरकार बड़ा तोहफा देने जा रही है। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक हासिल किए हैं, उन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

अधिकारियों से कहा गया है कि पात्र छात्रों के बैंक खाते की संपूर्ण जानकारी जैसे खाता क्रमांक, आईएफएससी कोड और बैंक शाखा का नाम एक सप्ताह के भीतर शिक्षा पोर्टल पर दर्ज करें। बता दें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित समारोह के दौरान पात्र विद्यार्थियों को यह राशि 'सिंगल क्लिक' डीबीटी प्रणाली के जरिए सीधे उनके खातों में दी जाएगी।

### केवल छात्र के नाम से हो खाता

पिछले वर्षों में सामने आई समस्याओं को देखते हुए इस बार यह विशेष रूप से कहा गया है कि केवल विद्यार्थी के नाम से संचालित बचत खाता ही दर्ज किया जाए। कई बार अभिभावकों के खाते या गलत जानकारी दर्ज होने से राशि ट्रांसफर होने में बाधा आती है।

### उपलब्ध है सूची

मंडल द्वारा तैयार की गई पात्र विद्यार्थियों की सूची संबंधित जिला कार्यालयों के ईमेल और पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। सभी जिला अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सही जानकारी दर्ज हो और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए।

# फॉरेन इन्वेस्टमेंट में मप्र 15वें नंबर पर क्यों ?

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा हैं। उन्होंने कहा कि 2019 से 2024 तक फॉरेन इन्वेस्टमेंट में एमपी 15वें नंबर पर क्यों रहा? निवेश और जमीनी स्थिति क्या है, सरकार बताएं। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर भी हमला बोला है।

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि निवेश की स्थिति क्या है, जमीनी स्थिति क्या है, सरकार बताएं। निवेश की ठोस नीति और फॉरेन इन्वेस्टमेंट के हिसाब भी जानकारी दें। सरकार सारी बातें स्पष्ट करे।

उन्होंने आगे पूछा कि मध्य प्रदेश 2019 से 2024 तक फॉरेन इन्वेस्टमेंट में 15वें नंबर पर क्यों रहा ? उमंग सिंघार ने आरोप लगाते हुए कहा कि एमएसएमई के 18 लाख से अधिक उद्योग रजिस्टर्ड हैं। इनके लिए सरकार की कोई प्लानिंग नहीं है। एमपी निवेश में पीछे होता जा रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मप्र को नहीं बुलाया गया। विश्व मंच पर मप्र अपनी पहचान नहीं बना पा रहा है। सिंघार ने कहा कि मप्र में प्रमुख आईटी कम्पनियां नहीं आ रही हैं। आईटी कंपनियों के निवेश को लेकर एमपी पीछे छूट गया है। निवेश नहीं आने से मप्र के युवाओं के साथ छल हो रहा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर भी निशाना साधा हैं। उन्होंने पूछा कि उज्ज्वला योजना की टंकी खाली पड़ी हैं, गैस की टंकियां कब भरी होंगी।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स सामिट सिर्फ वादों का मेला

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भारी-भरकम निवेश प्रस्तावों की घोषणा हुई, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने प्रस्ताव धरातल पर उतरे हैं। सिंघार ने सवाल उठाया कि क्या जीआईएस विकास का मंच है या सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट का तमाशा। वहीं साल 2019 से 2024 के बीच मध्यप्रदेश को महज 4,563 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश मिला। जबकि महाराष्ट्र को 6.71 लाख करोड़ और कर्नाटक को 4.27 लाख करोड़ का। जब निवेश नहीं आ रहा तो सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारने के लिए क्या कर रही है।

### दावोस से गायब रहा मप्र

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि विश्व आर्थिक मंच दावोस 2025 में देश के कई राज्यों को आमंत्रित किया गया, लेकिन मध्यप्रदेश को नहीं। महाराष्ट्र को वहां 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। जब दुनिया के सामने खुद को रखने का मौका था, तब एमपी नदारद क्यों। वहीं 'आउटलुक बिजनेस' की मार्च 2025 की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश स्टार्टअप आउट परफॉर्मर रैंकिंग में 15वें स्थान पर रहा।

# शीर्ष दो में पहुंचने की उम्मीदों के साथ दिल्ली से भिड़ेगी पंजाब किंग्स

जयपुर। शनिवार को पंजाब किंग्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जहां पंजाब की नजरें 11 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर टिकी हैं। आखिरी बार पंजाब की टीम 2014 में लीग चरण में शीर्ष पर रही थी, हालांकि फाइनल में हारकर खिताब से चूक गई थी। 2008 से शुरू हुए आईपीएल के इतिहास में पंजाब अब तक केवल दो बार प्लेऑफ तक पहुंच पाई है, और इस बार टीम इस सूखे को खत्म कर खिताब जीतने की पूरी कोशिश में जुटी है।

पंजाब की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है, खासकर तब जब उसके चार प्रमुख विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से दोबारा जुड़ चुके हैं। भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के चलते आईपीएल कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था, जिसके दौरान ये विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट गए थे। लेकिन टूर्नामेंट दोबारा शुरू होने के बाद पंजाब ने इन्हें फिर से बुला लिया है और अब ये खिलाड़ी दिल्ली के खिलाफ चयन के लिए उपलब्ध होंगे। धर्मशाला में आठ मई को पंजाब और दिल्ली के बीच हुआ पिछला मुकाबला बारिश के कारण पहली पारी के बाद रद्द कर दिया गया था।




अब जब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में पहुंच चुका है, तो दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम बन गया है, हालांकि दिल्ली पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के पास यह मौका है कि वह आईपीएल प्लेऑफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में अपनी विरासत को और मजबूत करें। उन्होंने 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेऑफ में पहुंचाया था और पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया था। इस सीजन में पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वहीं दिल्ली की टीम को मिचेल स्टार्क की वापसी के बाद झटका लगा है और उसका प्रदर्शन अस्थिर रहा है। अब वह इस सीजन को जीत के साथ अलविदा कहना चाहेगी।

**पंजाब किंग्स** - श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्स** - अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

## अपनी गलतियों से सीखना होगा और आगे बढ़ना होगा - पंत

अहमदाबाद। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल 2025 से प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने पर स्पष्ट स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पूरे सीजन में कई मौके गंवाए और प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। गुजरात टाइटंस पर 33 रन की जीत के बावजूद लखनऊ की टीम अंक तालिका में पीछे रह गई और अगले दौर में नहीं पहुंच सकी। मैच के बाद पंत ने कहा, हमने पूरे सीजन में अच्छा क्रिकेट खेलने की कोशिश की और कई बार उसमें सफल भी रहे। लेकिन टूर्नामेंट के ऐसे पड़ाव भी आए जब हम प्लेऑफ की रेस में मजबूत दावेदार थे, फिर भी मौके नहीं भुना सके। ये क्रिकेट का हिस्सा है, लेकिन कड़वा अनुभव भी है। पंत ने टीम की गेंदबाजी इकाई की कमजोरियों पर भी बात की और बताया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उनके अभियान को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि टीम ने सीजन की शुरुआत मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव जैसे गेंदबाजों के बिना की थी। शार्दुल ठाकुर को बीच सीजन में टीम में शामिल किया गया, जबकि आवेश और आकाश की बाद में वापसी हुई। मयंक यादव केवल दो मैच खेल सके और फिर चोटिल हो गए। पंत ने कहा, टूर्नामेंट की शुरुआत में हमारी टीम फिटनेस समस्याओं से जूझ रही थी, लेकिन हमने आपस में यह तय किया था कि हम इस पर बहाने नहीं बनाएंगे। हमारी फील्डिंग में भी कमी रही, और यह हमें कई मैचों में भारी पड़ी। उन्होंने आगे कहा, हम बहाने नहीं ढूंढ रहे हैं, हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा। हमने जो चूक की है, वो अगली बार न हो, इसी सोच के साथ आगे बढ़ना है। लखनऊ सुपर जाइंट्स का यह प्रदर्शन दिखाता है कि टीम में क्षमता है, लेकिन इसे स्थिरता और संयोजन के साथ मैदान पर उतारना जरूरी है। पंत का यह आत्ममंथन टीम के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है।

## आज हो सकती है टेस्ट टीम के कप्तान की घोषणा, गिल दौड़ में सबसे आगे

मुंबई। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय टीम एक नए युग की ओर बढ़ रही है। इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए शनिवार को टीम इंडिया के नए कप्तान की घोषणा हो सकती है। इस दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत भी होगी। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल इस दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। 25 वर्षीय गिल ने हाल के वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें भविष्य का नेतृत्वकर्ता माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार को देखते हुए इस बार कप्तानी की जिम्मेदारी उनसे दूर रह सकती है। वहीं, ऋषभ पंत भले ही आईपीएल 2025 में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हों, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अब भी टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं और उन्हें उप-कप्तान बनाया जा सकता है। कोहली और रोहित के संन्यास से टीम में जो




खालीपन आया है, उससे केएल राहुल जैसे अनुभवी बल्लेबाजों की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

माना जा रहा है कि राहुल और यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड में 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साई सुदर्शन को रिजर्व ओपनर के तौर पर शामिल किए जाने की संभावना है। मध्यक्रम के लिए करुण नायर, सरफराज खान और श्रेयस अय्यर में से किसी एक को चुना जा सकता है। स्पिन विभाग में रविचंद्रन अश्विन की विदाई के बाद रविंद्र जडेजा टीम के प्रमुख स्पिनर होंगे। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखते हुए वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है।

विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत पहली पसंद होंगे, जबकि ध्रुव जुरेल को रिजर्व के तौर पर देखा जा रहा है। तेज गेंदबाजी में बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि मोहम्मद शमी भी पूरी तरह फिट नहीं माने जा रहे। ऐसे में मोहम्मद सिराज की भूमिका अहम होगी। अन्य तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह को चुना जा सकता है। भारतीय क्रिकेट के इस बदलाव भरे दौर में युवा खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी आने वाली है।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का चेन्नई में होगा आयोजन

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार आयोजित किए जा रहे हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के आयोजन की तारीखों और स्थल की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 18 से 27 जून तक चेन्नई में खेला जाएगा और इसका आयोजन तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन का उद्देश्य अनुभवी खिलाड़ियों को दोबारा मैदान पर लौटने का अवसर प्रदान करना है। इस टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, पुरुष खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 40 वर्ष और महिला खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को अपनी-अपनी राज्य हॉकी संघों के माध्यम से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता का आयोजन लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा और पूल का गठन भाग लेने वाली टीमों की संख्या के अनुसार किया जाएगा।

हॉकी इंडिया का यह मास्टर्स कप खेल के प्रति जीवनभर समर्पित खिलाड़ियों को न सिर्फ प्रतिस्पर्धा का मौका देगा, बल्कि उनके अनुभव और जुनून को भी सम्मानित करेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान असुंता लाकड़ा ने इस अवसर को बेहद खास बताते हुए कहा, 卐हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण है। हॉकी ने मेरे जीवन को आकार दिया है, और मैदान पर वापस लौटने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हमारे खेल से जुड़े वर्षों के समर्पण और विरासत का उत्सव है।卐 उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन से न केवल पूर्व खिलाड़ी दोबारा खेल का आनंद ले सकेंगे, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनेगा। हॉकी इंडिया द्वारा पूर्व खिलाड़ियों के लिए इस तरह का मंच तैयार करना भारतीय हॉकी के लिए एक सकारात्मक पहल है।

## न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेले जेनसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की अनुभवी ऑलराउंडर हेले जेनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनके इस फैसले के साथ ही 11 वर्षों के लंबे और सफल करियर का समापन हो गया। जेनसन ने 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट बॉल क्रिकेट में न्यूजीलैंड की महिला टीम व्हाइट फर्न्स के लिए डेब्यू किया था और 2018 टी20 विश्व कप के बाद टीम की नियमित सदस्य बन गई थीं। 32 वर्षीय जेनसन ने कुल 88 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें 35 वनडे और 53 टी20 मुकाबले शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 1,988 रन बनाए और 76 विकेट झटके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उनके लिए भावनात्मक रहा लेकिन अब उन्हें लग रहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी बनाने का यही सही समय है। उन्होंने कहा, जब मैं 10 साल की थी, तब से मेरा सपना था कि मैं व्हाइट फर्न बनूं। उस सपने को जीना मेरे लिए गर्व की बात है।



जेनसन ने अपने करियर के दौरान कई अहम उपलब्धियां हासिल कीं। वह चार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप (2014, 2018, 2020, 2023) में शामिल रहीं और 2022 में न्यूजीलैंड में आयोजित आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का भी हिस्सा रहीं। 2020 टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ 3 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनी थीं, जबकि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में 3-24 का प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जेनसन के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हेले ने बल्ले और गेंद दोनों से टीम के लिए हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्पण प्रेरणादायी रहा है। अब जेनसन घरेलू क्रिकेट जारी रखेंगी या नहीं, इस पर उन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। हालांकि, उनके करियर और समर्पण को देखते हुए क्रिकेट जगत उन्हें लंबे समय तक याद रखेगा।

## दिग्वेश के बाद अब आकाश महाराज ने नोटबुक सेलिब्रेशन कर लिए बीसीसीआई के मजे

नई दिल्ली। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुजरात टाइटंस पर 33 रनों से जीत दर्ज की। 19 अप्रैल के बाद टीम को यह पहली जीत हासिल की है। लखनऊ के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा, कप्तान सहित कई सीनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन फीका रहा। कुछ खिलाड़ियों ने अच्छा परफॉर्म किया, मगर अपने आक्रामक रवैये की वजह से दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ी को बैन किया गया। दिग्वेश ने सीजन की शुरुआत से ही अपने नोटबुक सेलिब्रेशन के द्वारा सुर्खियां बटोरी थी, हालांकि बीसीसीआई ने बल्लेबाज को उकसाने के लिए उनपर जुर्माना लगाया था, मगर वे नहीं माने थे। अब जब बीसीसीआई ने अभिषेक शर्मा से हुई भिड़ंत के बाद उनपर एक मैच का बैन लगाया, एलएसजी के दूसरे खिलाड़ी ने नोटबुक सेलिब्रेशन कर बीसीसीआई से मजे लिए। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि लखनऊ सुपर जाएंट्स के 23 वर्षीय आकाश महाराज सिंह हैं। आकाश ने नोटबुक सेलिब्रेशन जोस बटलर के विकेट के बाद किया। पारी के 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने बटलर को क्लीन बोल्ड किया था। यह एलएसजी के लिए काफी बड़ा विकेट था। बटलर 18 गेंदों पर 3 चौके और 2 गगनचुंबी छक्कों के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए।

## टीम इंडिया को झटका, इंग्लैंड दौरे से मोहम्मद शमी हो सकते हैं बाहर!

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इंग्लैंड दौरे के लिए जल्द ही टीम इंडिया की घोषणा कर सकता है। इससे पहले एक बुरी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि फिटनेस इशू की वजह से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस टूर पर नहीं जा रहे हैं। शमी आईपीएल में लगातार गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि वह अभी लंबे स्पेल डालने में सक्षम नहीं है जिस वजह से उन्हें इस टूर से दूर रखा जा रहा है।

बता दें इंग्लैंड दौरे 20 जून से शुरु होने जा रहा है, इस टूर पर टीम इंडिया को 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने सूचित किया है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी लंबे स्पैल में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। आगे चलकर उनके सभी पांच टेस्ट मैच खेलने की संभावना भी कम है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जसप्रीत बुमराह पहले ही बीसीसीआई को सूचित कर चुके हैं कि उनका शरीर तीन टेस्ट मैचों से ज्यादा खेलने में सक्षम नहीं है। ऐसे में शमी का इस टूर पर ना जाना टीम इंडिया के लिए झटका माना जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से बताया गया है कि मोहम्मद शमी आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए चार ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बोर्ड और चयनकर्ता नहीं जानते कि वह एक दिन में 10 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजों से लंबे स्पैल की मांग हो सकती है और हम कोई जोखिम लेना नहीं चाहते। बता दें मोहम्मद शमी ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट डब्ल्यूटीसी फाइनल के रूप में 2023 में खेला था। फिटनेस इशू के चलते उनका चयन बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं हुआ था, जहां भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

## लेयर ऑफ द मैच चुने गए मिशेल मार्श ने कहा, आईपीएल में हर मैच में तैयार रहना होता

मुंबई । लखनऊ सुपर जायंट्स की गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में सबसे बड़ा योगदान मिशेल मार्श ने दिया। जिन्होंने 117 रन बनाकर लखनऊ को 235 रनों तक पहुंचाया। अपनी शतकीय पारी के लिए मार्श प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने कहा कि मैंने सबसे पहले डेक्कन चार्जर्स के लिए आईपीएल खेला था, यह एक लंबा सफर रहा है। आज टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लगा। ओपनिंग का मौका मिलना और मारक्रम के साथ साझेदारी करना फायदेमंद साबित हुआ है। हमारा सीज़न अब तक बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन आख़िरी मैच अब भी महत्वपूर्ण हैं।

मार्श ने कहा कि आईपीएल एक जबरदस्त प्रतियोगिता है, हर मैच में तैयार रहना होता है। कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और यही इस दुनिया का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट बनाता है। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि हम हमेशा अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौक़ों पर दिखाया है कि हम अच्छा क्रिकेट खेल सकते हैं।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अच्छी खबर, जोश हेजलवुड भारत वापस लौट रहे

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अच्छी खबर आ रही है। प्लेऑफ मुकाबलों को लिए उसके स्टार गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत वापस लौट रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज आईपीएल प्लेऑफ मुकाबलों को लिए आने को बेताब है। आरसीबी प्लेऑफ में पहले ही पहुंच चुकी है। उसके 12 मैच में 17 अंक है और वह अंकतालिका में दूसरे नंबर पर है।

भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान आईपीएल के कुछ दिन के लिए स्थगित होने से पहले के आरसीबी के आखिरी मैच में हेजलवुड नहीं खेल सके थे। इसकी वजह उनके कंधे में हुई परेशानी थी। आईपीएल के स्थगित होने के बाद वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए और वहां ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलियाई टीम की ट्रेनिंग में हिस्सा ले रहे हैं। कंगारू टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी में लगी है।

हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में 10 मैचों में 17.27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। उनका आना आरसीबी के लिए बहुत बड़ी राहत की खबर होगी। टीम में उनके रहने से उसकी गेंदबाजी में धार और पैनापन आएगा। आरसीबी को अभी लीग चरण में 2 मैच और खेलने हैं।

## धीर को इस बार मुम्बई के खिताब जीतने की उम्मीद

मुंबई । मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर नमन धीर का मानना है कि इस बार मुम्बई इंडियंस आईपीएल का अपना छठा खिताब जीतेगी। धीर ने कहा कि प्लेऑफ में पहुंचने के बाद टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। साथ ही कहा कि टीम के सभी प्रशंसकों को उसके प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद करनी चाहिए। साथ ही कहा कि अब अगले चार मैच अहम होंगे। धीर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ डेथ ओवरों में सिर्फ 8 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टीम को अब पंजाब किंग्स के खिलाफ केवल एक लीग मैच खेलना है। उनका कहना है कि टीम अपने मैच जीतकर शीर्ष दो में जगह बनाने का प्रयास करेगी जिससे वे क्वालीफायर 1 में खेल सकेंगे। ताकि जीत के साथ ही फाइनल में पहुंच जाएं। उन्होंने कहा कि मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में लय खो दी थी। मुकेश कुमार ने 19वें ओवर में 27 रन दिए और दुष्मंथा चमीरा ने अंतिम ओवर में 21 रन दिए जिससे मुंबई की टीम 181 रनों तक पहुंची। ये पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी पर सूर्यकुमार यादव ने 43 गेंदों पर नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर टीम को बेहतर स्थिति में ला दिया थ।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक
जिला–बालाघाट (म0प्र0) 481001
(मेल आईडी:–sp_balaghat@mppolice.gov.in कार्या0 07632–240021 फैक्स. नं0–240003
क्र./पु0अ0/बाला0/रनि0/एमटी./31/2025 दिनांक 16/05/2025

निविदा विज्ञप्ति 01–2025

सर्व साधारण एवं संबंधितों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस बल बालाघाट के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश क्रंमाक/पुमु/खण्ड–24/वाहन किराया/2479–1/2025 दिनांक 02.05.2025 की प्रत्याशा में पुलिस थाना /राजपत्रित अधिकारी डियुटी हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 (31 मार्च 2026 तक) 09 बोलेरो के समकक्ष वाहन मासिक किराये पर लिये जाने हेतु निम्नानुसार शर्तो पर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

समय सारणी :–

| क्रं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की दिनांक | 22.05.2025 |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 23.05.2025 |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 29.05.2025 |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 30.05.2025 |

वाहन किराये पर लेने की शर्ते

01 प्रतिमाह शासन द्वारा अनुमोदित अस्थायी वाहन दिनांक 31.03.2026 तक 09 वाहन (बोलेरो के समकक्ष) एवं चालक सहित लगाया जाना है। आशय यह है कि डीजल/पेट्रोल वाहन मालिक द्वारा प्रदाय किया जावेगा।
02 मासिक किराये की दर वाहन चालक एवं पी.ओ.एल. सहित 1000 किमी. तक की दर एवं 1000 किमी. से अधिक चलने पर पी.ओ.एल. सहित प्रति किलोमीटर की दर पृथक–पृथक निर्धारित की जाये।
03 तीन वर्ष से पुराना वाहन किराये पर नही लगाया जायेगा एवं वाहन चालक नियमानुसार वैघ कमर्शियल ड्रायविंग लायसेंस धारी होना चाहिए वाहन प्रदाता किराये पर लगाये जाने वाले वाहन में वैघ प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र चस्पा किया जाना सुनिश्चित करें।
04 वाहन प्रदायकर्ता के पास फर्म/संस्था का कार्यालय का वैघ स्थापना (गुमास्ता) पंजीयन होना चाहिये, वाहन प्रदायकर्ता के पास फर्म अथवा प्रोपराईटर का पेनकार्ड होना चाहिये। निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी पंजीयन होना चाहिये।
05 वाहन के रखरखाव/मरम्मत संबंधी कार्यो की संपूर्ण जिम्मेदारी एवं वाहन के संपूर्ण दस्तावेजों का उत्तरदायित्व वाहन मालिक/ट्रेवल्स एजेंसी का होगा।
06 वाहन की दुर्घटना की स्थिति में चालक की लापरवाही की संपूर्ण जिम्मेदारी एवं किसी भी वैधानिक/न्यायालयीन कार्यवाही की जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी।
07 वाहन आकस्मिक रूप से खराब होने पर तत्काल दुरूस्त कराना अथवा दूसरा वाहन उपलब्ध कराना होगा अन्यथा नियमानुसार जो दर प्राप्त होगी उसके अनुसार प्रतिदिन दर से किराये पर कटौती की जायेगी।
08 वाहन की किराया राशि के भुगतान में यदि कोई विशेष कारण से विलम्ब होता है ता इसक लिये कोई ब्याज अथवा शुल्क देय नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नही किया जावेगा।
09 वाहन प्रदायकर्ता द्वारा उक्त शर्तो का पालन करते हुये टेण्डर फार्म विज्ञप्ति प्रकाशन की अंतिम तिथि दिनांक 29/05/2025 के सांय 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय में रक्षित केन्द्र वाहन शाखा जिला बालाघाट में प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है। किराये पर वाहन की दर स्वीकृत होने पर समयानुसार 03 दिवस के भीतर वाहन का अनुबंध संबंधित पुलिस अधीक्षक बालाघाट को कराया जाना आवश्यक होगा।
10 वाहन प्रदायकर्ता द्वारा किराये के वाहन के संबंध में शर्तो का पालन के आधार पर दी गयी जानकारी/टेण्डर फार्म के आधार पर किराये के वाहन के चयन संबंधी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा की जावेगी।
11 वाहन किराये पर लेने की शर्तो का उल्लंघन करने की स्थिति में वाहन को कभी भी हटाया जा सकेगा यदि वाहन प्रदायकर्ता द्वारा अनुबंध अवधि के दौरान किसी कारणवश वाहन उपलब्ध कराने में असमर्थ हो जाता है तो उसे 01 माह पूर्व सूचना देना होगा।
12 अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार होगा कि ये बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदायें स्वीकृति या अस्वीकृति कर सकते है या अमान्य कर सकते है।

जी–13284/25

'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता'

नगेन्द्र सिंह
(भा.पु.से.)
पुलिस अधीक्षक
बालाघाट (म0प्र0)

# श्रीनगर में 57 साल बाद पड़ी तेज गर्मी, महाराष्ट्र में तेज बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान और बारिश के बाद तापमान में गिरावट आ गई है। राजधानी का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अनुमान है, जिसके बाद अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। यूपी में मौसम बदल चुका है। प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया है।



लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कमी आने की संभावना है। प्रदेश में 28 मई तक बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं झांसी में सबसे ज्यादा 40.6 डिग्री और सबसे कम गोरखपुर में 28.4 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। गोरखपुर में 19.6मिली तक बारिश दर्ज की गई है। शुक्रवार को मौसम बदला-बदला रह सकता है। इस दौरान पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कुछ स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। साथ ही दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं पर बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में शुक्रवार को हल्की बारिश और आकाशीय बिजली चमकने के साथ आंधी चलने का अलर्ट जारी किया गया है। पिथौरागढ़ और नैनीताल में भारी बारिश अलर्ट है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में बादल मंडरा रहे हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में बुधवार को हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। पहाड़ों में बारिश होने से जहां गर्मी से राहत मिली है तो वहीं मैदानी क्षेत्रों में चिलचिलाती धूप खिलने की वजह से तपिश बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक नैनीताल और पिथौरागढ़ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। उत्तरकाशी,चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर में आकाशीय बिजली चमकने, तीव्र बौछार पड़ने और अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। देहरादून में भी आंशिक बादल छाने के साथ हल्की बौछार पड़ सकती है। चारधाम और यात्रा मार्ग पर भी हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं गर्जन के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में करीब 6 दशक में पहली बार मई में सबसे ज्यादा 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान के मुताबिक श्रीनगर में गत 57 सालों बाद सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक मई में अब तक का सर्वाधिक तापमान 24 मई 1968 को 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मई में यह अब तक का तीसरा सबसे ज्यादा तापमान है। अधिकारियों ने बताया कि 31 मई 1956 को श्रीनगर में 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

महाराष्ट्र में प्री मानसून के चलते जोरदार बारिश हो रही है। आईएमडी ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए 'रेड' और 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में इन हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। रायगढ़ और रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। जबकि इस अवधि में मुंबई, ठाणे, पालघर, सिंधुदुर्ग के अलावा पुणे और सतारा के घाटों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ-साथ आंधी और तेज हवाओं के चलने का अनुमान जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने मुंबई में बारिश के लिए 23 और 24 मई को भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें भारी से बहुत भारी बारिश, गरज के साथ बौछारें पड़ने और अलग-अलग स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। दक्षिण कोंकण और गोवा के तट से दूर पूर्व-मध्य अरब सागर पर एक कम दबाव प्रणाली का बनना बताया है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि इसके और तीव्र होने और कोंकण एवं महाराष्ट्र के अन्य भागों में तेज बारिश होने की आशंका है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया

नई दिल्ली। सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जेडीयू से सांसद संजय कुमार झा ने टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी जापान यात्रा शुरू की। इसके बाद सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में जापान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर के वैश्विक आउटरीच अभियान के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की पुष्टि की।

प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय सुरक्षा और सीमा पार आतंकवाद पर भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए टोक्यो के प्रमुख थिंक टैंकों के साथ भी बातचीत की। एक शांतिपूर्ण, नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिए जापान के दृढ़ समर्थन और साझा प्रतिबद्धता के लिए आभारी हूं। वहीं, इंडिया इन जापान ने एक्स पोस्ट पर लिखा, भारत से सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने रायसीना टोक्यो 2025 के उद्घाटन सत्र में भाग लिया, जिसमें भारत, जापान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के नेता और विशेषज्ञ शामिल हुए। सत्र में वक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के लिए जापान के समर्थन को दोहराया। संजय झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमारे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करके जापान यात्रा की सार्थक शुरुआत की, जो भारत-जापान मैत्री और बापू के शांति और अहिंसा के संदेश का प्रतीक है। विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, पूर्व प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ताकाशी एंडो के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की, जिसमें आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को दोहराया गया।

## हाईकोर्ट ने 27 बार टाली जमानत अर्जी, सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक धोखाधड़ी मामले में आरोपी की जमानत याचिका को 27 बार टालने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट पर नाराजगी जताई और आरोपी को जमानत दे दी। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सवाल किया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामले में हाईकोर्ट कैसे जमानत याचिका की सुनवाई को 27 बार स्थगित कर सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी लक्ष्य तंवर को जमानत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित मामला खत्म कर दिया।

इसके साथ ही सीबीआई को नोटिस जारी किया, जिसमें कहा कि इस मामले में केवल यही मुद्दा बचा है कि हाईकोर्ट ने बार-बार सुनवाई टाली।

## भारत ने अंडमान सागर के ऊपर एअर स्पेस किया बंद, नोटम जारी

### मिसाइल या हथियार प्रणाली की हो सकती है टेस्टिंग

नई दिल्ली। भारत ने अंडमान सागर के ऊपर एअर स्पेस बंद करने का एलान किया है और एक नोटम जारी किया है। ये केवल कुछ विशेष क्षेत्रों के लिए जारी किया गया है। यह नोटम शुक्रवार 23 मई से 24 मई की सुबह 7 बजे से 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। यह क्षेत्र करीब 500 किलोमीटर लंबा है और सभी ऊंचाई स्तरों पर यात्री विमानों के लिए, बैन कर दिया है। यहां मिसाइल या हथियार प्रणाली का टेस्ट हो सकता है।

भारतीय प्राधिकारियों ने जारी नोटिस टू एयरमेन (नोटम) के मुताबिक किसी भी यात्री विमान को किसी भी ऊंचाई पर एअर स्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

नोटम का मतलब एयरमेन को नोटिस है। यह नोटिस पायलटों को जारी किया जाता है, जिनमें उन्हें संभावित खतरों के बारे में जानकारी दी जाती है ताकि ट्रेनिंग के दौरान किसी भी तरह का नुकसान ना हो। नोटम दूससंचार के जरिए विमानन प्राधिकरणों के पास दाखिल किए जाते हैं। बता दें ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि नोटम जारी हुआ हो, इससे पहले भी कई बार नोटम जारी किया जा चुका है। सैन्य अभ्यासों और हथियारों के टेस्ट लिए जारी किए गए पिछले नोटम की समीक्षा से पता चलता है कि कई नोटिसों में अस्पष्टता थी, लेकिन इस नोटम के स्थान और कुछ डिटेल को मिसाइल या हथियार प्रणाली टेस्ट के संकेत के रूप में समझा जा सकता है। पिछले साल अप्रैल में भारत ने अंडमान में हवा से मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया था और मार्च 2022 में एक लॉन्च पैड से विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

## इसरो ने 2025 को गगनयान वर्ष किया घोषित, अब तक कर चुका है 7200 टेस्ट

### -इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन व्योममित्र लॉन्च किया जाएगा

कोलकाता। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी नारायणन ने 2025 को गगनयान वर्ष घोषित करते हुए इसे इसरो के लिए बहुत ही खास साल बताया है। उन्होंने कहा कि अब तक 7200 टेस्ट किए जा चुके हैं और करीब 3000 टेस्ट करना अभी बाकी है। इस समय गगनयान कार्यक्रम की तैयारियां दिन-रात चल रही है। गगनयान कार्यक्रम को दिसंबर 2018 में मंजूरी मिली थी। इसका उद्देश्य भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम के तहत इंसानों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए जरूरी तकनीकों को विकसित किया जाएगा। इसरो प्रमुख ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह साल हमारे लिए बहुत अहम है। हमने इसे 'गगनयान वर्ष' घोषित किया है। इंसानों को भेजने से पहले तीन मानव रहित मिशनों की योजना बनाई गई है, जिनमें से पहला मिशन इस साल दिसंबर में लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसरो ने अब तक 7200 से ज्यादा टेस्ट किए हैं और करीब 3000 परीक्षण अभी और करना बाकी है और काम 24 घंटे चल रहा है।

इसरो प्रमुख नारायणन ने हाल ही में पूरे हुए स्पाडेक्स मिशन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस तकनीकी प्रदर्शन मिशन के लिए केवल 10 किलो ईंधन तय किया गया था, लेकिन यह मिशन महज पांच किलो ईंधन में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, जिससे शेष ईंधन का इस्तेमाल आगामी प्रयोगों के लिए किया जाएगा। स्पाडेक्स मिशन, इसरो की वेबसाइट के मुताबिक एक किफायती तकनीकी प्रदर्शन मिशन है जिसमें दो छोटे सैटेलाइट को पीएसएलवी से प्रक्षेपित कर अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

वी नारायणन ने आगे कहा कि 2025 में कई अहम मिशनों की योजना बनाई गई है। इसमें नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट भी शामिल है, जिसे भारत के स्वदेशी लॉन्च वाहन से लॉन्च किया जाएगा। एक कॉमर्शियल मिशन और संचार सैटेलाइट भी इस साल कार्यक्रम में शामिल है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 तक व्योममित्र नामक मानव जैसे रोबोट के साथ पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे। उन्होंने कहा है कि इस साल करीब हर महीने एक लॉन्चिंग की जाएगी। साल के आखिर तक पहला मानव रहित मिशन व्योममित्र के साथ लॉन्च किया जाएगा। उसके बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे और 2027 की पहली तिमाही तक हम पहले मानव को अंतरिक्ष में भेजने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

इसरो की ये तैयारियां भारत को अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही हैं। गगनयान मिशन के सफल क्रियान्वयन के साथ भारत, अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन जाएगा जो स्वदेशी तकनीक से अंतरिक्ष में इंसान को भेजेगा। इसरो प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि संगठन खुद का अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है और यह भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष विभाग देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

नारायणन ने कहा कि फिलहाल कक्षा में हमारे 57 सैटेलाइट हैं, जो मौसम के पूर्वानुमान से लेकर सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा पहुंचाने तक, विभिन्न मुद्दों पर ताजा जानकारी और डेटा प्रदान करके जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पीएसएलवी-सी61 मिशन की हालिया विफलता को इसरो की कामयाबी में एक अपवाद बताया है। उन्होंने कहा कि यह झटका किसी भी तरह से इसरो के भविष्य के कार्यक्रमों जैसे गगनयान को प्रभावित नहीं कर सकता।

## भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर कांग्रेस के तंज पर भाजपा ने याद दिलाया 1994 में लागू किया गया समझौता

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार पर सरेंडर करने के आरोप पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार किया है। उन्होंने चंद्रशेखर के प्रधानमंत्री रहने के दौरान पाकिस्तान के साथ हुए एक समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि सरेंडर करने का काम तो कांग्रेस ने 1991 में किया था। अब समय आ गया है कि इस समझौते जांच की जाए कि किन परिस्थितियों में यह समझौता हुआ। क्या यह देशद्रोह नहीं है?

बीजेपी सांसद ने कहा कि 1991 का समझौता तब हुआ था, जब कांग्रेस समर्थित सरकार सत्ता में थी। इसे 1994 में लागू किया गया था, जब नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे। उस समझौते में आपने कहा था कि हमारी सेना कहां तैनात होगी, नौसेना कहां तैनात होगी, वायुसेना कैसे कार्रवाई करेगी और ये सब 15 दिन पहले बताना होगा, क्या ये देशद्रोह नहीं है?

निशिकांत दुबे ने कहा कि मेरा कांग्रेस से सीधा सवाल है कि यह जो समझौता आपने किया, यह किन परिस्थितियों में किया? क्योंकि, सेना की बातें तो संसद में भी चर्चा नहीं की जाती हैं। आजादी के बाद से हम अपने हिस्से के कश्मीर के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और दुश्मन देश पीओके के लिए लगातार आतंकी गतिविधि करने में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम देखिए, कांग्रेस ने 1950 में नेहरू-लियाकत समझौता किया। 1960 में सिंधु जल समझौता, आतंकवादी हमलों में हमारे किसान मारे जाते हैं और कांग्रेस उन्हें पानी पिलाते रही। इसके बाद 1975 में शिमला समझौता कर लिया। कांग्रेस ने 2012 में वीजा इतना फ्री कर दिया कि 40 हजार पाकिस्तानी यहां आए और यहीं के होकर रह गए। भारत सरकार उनकी खोज कर रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए देश को बर्बाद और बेचने का काम किया। अब समय आ गया है कि इस समझौते की जांच की जाए, कि किन परिस्थितियों में यह एग्रीमेंट हुआ।

वहीं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतिहास की बात की जाए तो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने विदेश मामलों के जानकार डॉ. ब्रह्मा चेलानी का हवाला देते हुए कहा कि चेलानी ने 2013 में लिखा था कि पाकिस्तान सीमा के पास केरन सेक्टर में आतंकवादियों ने हमारे सैनिकों के सिर काट लिए और उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अमेरिका में थे और उनकी तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा से चर्चा होनी थी, यह खबर छिपाई गई और देश को नहीं बताई गई।

हरिवंश ने कांग्रेस से कहा कि अतीत में मत जाइए, नहीं तो मैं 2004 से 2014 तक 2500 ऐसी घटनाओं का जिक्र कर सकता हूं, ऐसे हजारों मौके आए जब आपको कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया।

## रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर डीजीसीए ने जारी किया आदेश

नई दिल्ली। डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ-लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा। यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है।

डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाली उड़ानों में पैसेंजर्स के बगल वाली सीटों की खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी जब तक कि विमान टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। यह आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें। ताकि क्रू वेस्टर्न बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के बाद पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि इन नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि बाहर खतरे का अंदाजा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। जिससे स्थिति को संभालने और उसका सॉल्यूशन निकालने में मदद मिलती है।

### इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएगी

डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि, चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है तो इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रिव्यू किया जाएगा।

## राम दरबार की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 3 से 5 जून तक

अयोध्या। अयोध्या में प्रभु रामलला के मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा की स्थापना के बाद प्राण प्रतिष्ठा 3 से 5 जून तक होगी। इन मूर्तियों को जयपुर में तैयार किया गया है। मूर्ति मकराना के सफेद संगमरमर से बनी है। इसमें भगवान श्रीराम और सीता सिंहासन पर विराजमान हैं। जबकि भरत और हनुमान जी भगवान श्रीराम के चरणों के पास बैठे हैं।

वहीं लक्ष्मण और शत्रुघ्न, प्रभु राम के पीछे खड़े होकर चंवर डोलाकर उनकी सेवा कर रहे हैं। मूर्ति की प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी हो चुकी है। राम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 3 से 5 जून तक होना है।

अयोध्या के कालेराम मंदिर में काले शालिग्राम की एक ही शिला पर करीब ऐसा ही राम दरबार बना हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर बना रोहिंग्या अपराधियों का नया ट्रांजिट हब

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर अब सिर्फ सुरम्य वादियों और सीमावर्ती सुरक्षा मुद्दों के लिए ही नहीं, बल्कि एक खतरनाक सामाजिक अपराध के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। म्यांमार से लाई जा रही रोहिंग्या लड़कियों की तस्करी और जबरन शादियों का जाल यहां तेजी से फैलता जा रहा है।

म्यांमार की रोहिंग्या बस्तियों में गरीबी और असुरक्षा के माहौल में जी रहीं लड़कियों को भारत में अच्छी जिंदगी का सपना दिखाकर लाया जाता है। लेकिन ये सपना जल्द ही एक डरावनी हकीकत में बदल जाता है। भारत पहुंचते ही इन लड़कियों को उम्र में दो गुने या मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम पुरुषों से जबरन शादी करने को मजबूर किया जाता है। जम्मू के बठिंडी, सुंजवां, त्रिकुटा नगर और नरवाल जैसे इलाके अब रोहिंग्या बस्तियों से भर चुके हैं। यहीं लड़कियों को कुछ दिन छिपाकर रखा जाता है और फिर सौदा पक्का होते ही उन्हें आगे कश्मीर या अन्य राज्यों में भेज दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू और श्रीनगर में अब तक 140 से अधिक लड़कियों की जबरन शादी कराई जा चुकी है।

### 20 हजार से 1 लाख तक में सौदा

इन लड़कियों की कीमत 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक तय की जाती है। यह पूरी प्रक्रिया एक संगठित गिरोह द्वारा चलाई जा रही है, जिसमें स्थानीय कश्मीरी लोग भी शामिल हैं। पुलिस के रिकॉर्ड में कई ऐसे मामले दर्ज हैं जो इस तस्करी के स्पष्ट सबूत देते हैं। इन लड़कियों की पहचान छिपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जाते हैं। 2023 में ही जम्मू में 61 और कश्मीर में 97 नकली आधार कार्ड बरामद किए गए थे। गिरोह के सदस्य इन लड़कियों को 'अपनी बेटियां' बताकर भारत में प्रवेश कराते हैं। कश्मीर में काम करने वाले रोहिंग्या मजदूर इस तस्करी में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

## वैष्णो देवी में सुरक्षा हुई पहले से और सख्त

### 700 सीसीटीवी से यात्रियों के चेहरे की होगी पहचान

नई दिल्ली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर समेत देश की अधिकांश सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आध्यात्मिक विकास बोर्ड, कटरा में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का संचालन शुरू किया है। इस सुविधा के तहत 700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से यात्रियों के चेहरे की पहचान (फेस रिकग्निशन) और पीटीजेड (पैन-टिल्ट-जूम) जैसी तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा।

इस विशेष सुरक्षा प्रणाली के तहत श्राइन क्षेत्र में वास्तविक समय की निगरानी और उसके बाद तुरंत उसकी प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग और उधमपुर-रियासी रेंज की डीआईजी सारा रिजवी ने इस नए सुरक्षा सिस्टम आईसीसीसी का निरीक्षण किया। इस मौके पर बोर्ड के कई और अधिकारी भी मौजूद थे। सेना व खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में संयुक्त सुरक्षा उपायों को लेकर चर्चा के हुई। मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।

### पिट्ठू और घोड़े वालों को जारी किया जाएगा नया कार्ड

श्राइन बोर्ड और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीम एंट्री गेट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही सहित सभी मुख्य बातों की निगरानी करेगी रीयल टाइम के तहत की जाएगी। इसके तहत यात्रा के दौरान घोड़े और पिट्ठू वालों को नए यूएचएफ कार्ड जारी किया जाएगा। इसके साथ ही नकली पहचान रोकने के लिए रीडर लगाए जाएंगे। ड्रोन, एक्स-रे बैगेज स्कैनर मेटल डिटेक्टर और अंडर-व्हीकल स्कैनर जैसी उपकरणों का इस्तेमाल प्रभारी रूप में किया जाएगा। सुरक्षा बलों का काम तीर्थ क्षेत्र में गैर-कानूनी एंट्री गेट को बंद किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैक के किनारे चलने वाली निजी दुकानों को सुरक्षा एजेंसियों के लिए आसानी से पहचानने योग्य बनाया जाएगा। वहीं पूरे तीर्थ जोन में आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए हॉटलाइन को और तेज की जाएगी। इसके साथ ही मंदिर व उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके साथ-साथ कटरा के इलाकों में भीख मांगने वालों पर भी सख्त रोक लगाने की बात की गई है। बैठक में इस बात का निर्देश दिया गया है कि भिक्षावृत्ति से श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। ऐसे में नाबालिगों को बाल गृहों में भेजकर उनका पुनर्वास कराया जाएगा, जिससे की श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित माहौल में हो सके।

# पूर्व सैनिक पानी निकासी की समस्या को लेकर कर करेंगें नपा. के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल

## विरोध स्वरूप पूर्व सैनिक निकालेंगें वार्ड से तिरंगा यात्रा ,करेंगे हड़ताल, मामला वार्ड नंबर 11 में पानी निकासी की समस्या का

**बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहर में वार्डवासियों की समस्या अब धीरे-धीरे बढ़ते ही जा रही है। नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार सहित अधिकारी, कर्मचारी वार्ड वासियों की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं । इससे अब वार्ड वासी लगातार बन रही समस्याओं को देखते हुए नगरपालिका के सामने हड़ताल करने की योजना बना रहे हैं । पूरा मामला शहर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित डॉक्टर कॉलोनी का है । यहाँ एक भूतपूर्व सैनिक के घर के सामने बनी नाली से पानी निकासी नहीं होने के कारण वह अब अपने पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर नगर पालिका के गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की बात कह रहे हैं । साथ ही विरोध स्वरूप अपने घर से तिरंगा यात्रा निकाले जाने की बाद भी पूर्व सैनिकों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान कही गयी है । अब देखना होगा कि आखिर अपनी समस्या को लेकर पूर्व सैनिक सहित वार्डवासी क्या कदम उठाते हैं। नगर पालिका इस विषय पर क्या करती है ।**



आपको बता दे कि शहर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित डॉक्टर कॉलोनी में वर्षों से पानी निकासी नहीं होने की समस्या बनी हुई है। जबकि इसको लेकर नगर पालिका द्वारा बीते कुछ महीने पहले वार्ड में पक्की नाली का निर्माण किया जा रहा है, किंतु जो पक्की नाली से पानी की निकासी की जानी थी। वह पानी की निकासी विपरीत दिशा में हो रही है। जहां बताया जा रहा है कि पानी निकालने कि भौगोलिक दिशा अनुसार वार्ड वाशी ने अपने प्लाट से पानी निकासी की व्यवस्था नहीं दी और पानी को रोक कर दीवाल खड़ा कर दिया है। जिसके कारण नगर पालिका इस पानी की निकासी के लिए विपरीत दिशा में नाली बना रही है । जिससे पानी की निकासी नहीं हो रही है । यहां रह रहे वार्डवासीयों के घरों के सामने पानी आने पर घुटनों तक पानी जमा हो जा रहा है। इसी समस्या की लड़ाई वार्ड वासी बीते कई महीनो से लड़ रहे हैं। जहां एक भूतपूर्व सैनिक लोकेश पटले भी अपने परिवार के साथ यहाँ निवास करता है। जिनके द्वारा बीते कई महीनो से नगर पालिका के साथ-साथ कलेक्टर और सीएम हेल्पलाइन के साथ-साथ पीएमओ तक शिकायत की गई है। लेकिन कहीं से भी आज तक पानी निकासी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अब पूर्व सैनिक लोकेश पटले द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वार्ड की इस समस्या को लेकर विरोध स्वरूप तिरंगा यात्रा निकाले जाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें पूर्व सैनिक भी अपने साथी लोकेश पटले का साथ दे रहे हैं और जल्द ही नगर पालिका के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की योजना बना ली गई है । इसी को लेकर 23 मई को पूर्व सैनिक सहित वार्ड वासियों ने इसकी परमिशन के लिए नगर पालिका, एसडीम ऑफिस और कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन देकर इसकी अनुमति मांगी है और मीडिया को बताया कि वह जल्द ही नगर पालिका के सामने हड़ताल करने वाले हैं ।

### विरोध स्वरूप वार्ड से तिरंगा यात्रा निकालेंगें-लोकेश पटले

वार्ड क्रमांक 11 निवासी सेना का पूर्व सैनिक, लोकेश कुमार पटले, चार सालों से नाली की डिमांड को लेकर, कभी कलेक्ट्रेट तो कभी नगरपालिका के चक्कर काटने मजबूर है लेकिन, समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। शुक्रवार को भी पूर्व सैनिक समस्या के समाधान की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। पूर्व सैनिक की, समस्या घर के सामने भर रहे गंदे पानी की समुचित निकासी की हैं । लेकिन ऑपरेश सिंदूर के बाद पूर्व सैनिकों का सम्मान करके वाहवाही लूटने वाले जिम्मेदार, पूर्व सैनिक की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह विरोध स्वरूप वार्डवासी व पूर्व सैनिकों के साथ वार्ड से एक तिरंगा यात्रा विरोध स्वरूप निकलेंगे और नगर पालिका के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे । जिसकी जानकारी उनके द्वारा जिला प्रशासन को भी दे दी गई है और जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक वह हड़ताल पर डटे रहेंगे ।

### समस्या के समाधान के लिए, पूर्व सैनिक तिरंगा यात्रा निकालेंगे- तोमेश्वर

साथी पूर्व सैनिक तोमेश्वर राहंगडाले बताते है कि देश के लिए, सेना में सालों तक सेवा देने में जो परेशानी नहीं हुई, वह आज प्रशासन और नपा की अनदेखी के कारण उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि समस्या के समाधान के लिए, जिले के सारे पूर्व सैनिक तिरंगा यात्रा निकालेंगे। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर से पाक के नापाक इरादो को धूल चटाने वाली सेना पर हर कोई फक्र कर रहा है, इस अवसर पर पूर्व सैनिकों का सम्मान कर वाहवाही भी लूटी जा रही है लेकिन समस्या से जूझते पूर्व सैनिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### पानी निकासी नहीं होने से पानी घरो के सामने जमा हो रहा है - नारायण

वार्ड के ही बुजुर्ग नागरिक नारायण प्रसाद नेमा बताते है कि पहले कच्ची नाली से पानी बहाव के साथ नीचे की ओर निकल जाता था, लेकिन अब नगरपालिका, नीचे से पानी को नाली के माध्यम से ऊपर की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है, जिसके कारण, रहवासी परेशान है चूंकि पानी की निकासी नहीं होने से पूरा पानी घरो के सामने जमा हो रहा है। जिससे, जहरीले जीव-जंतु सहित संक्रमण बीमारियों और मच्छरो का खतरा पैदा हो गया है। शुक्रवार को वार्ड के परेशान रहवासियो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर, कलेक्टर से ह?ताल की अनुमति मांगी।

# आसमानी बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले की गढ़ी थाना क्षेत्र में आने वाले जैतपुरी के जुवाड़ीटोला खेत में आसमानी बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई सोमवार की शाम 6 बजे यह घटना आंधी तूफान के दौरान उसे समय हुई जब यह व्यक्ति खेत से साथ सब्जी तोड़कर अपने घर लौट रहा था गढ़ी पुलिस ने मृतक समरित पिता भूखऊ मेरावी 33 वर्ष का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समरित मेरावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी और मजदूरी करता था। गांव में ही धीर सिंह धुर्वे ग्राम सामरिया निवासी के साले की शादी का रिसेप्शन था। 4=30 बजे करीब धीरसिंह धुर्वे, समरित मेरावी के साथ बलिराम का खेत सब्जी तोड़ने के लिए गए थे और शाम 6 बजे करीब दोनों सब्जी रखकर बलिराम के खेत से अपने घर लौट रहे थे।धीरसिंह धुर्वे आगे चल रहा था और पीछे समरित मेरावी था इसी समय तेज आंधी तूफान के दौरान आसमानी बिजली कड़की और दोनों खेती में ही गिर गए और बेहोश हो गये थे। कुछ देर बाद धीरसिंह। धुर्वे को होश आया और उसने समरित को देखा उसकी सांसे चल रही थी। तब धीरसिंह धुर्वे ने घर जाकर परिवार वालों को घटना के सम्बंध में बताया। खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे देखें। समरित मेरावी की मौत हो चुकी थी । परिवार के लोंगो ने समरित। मेरावी ई लाश वहा से उठाकर घर लाये।जिसकी रिपोर्ट धीरसिंह धुर्वे 29 ग्राम समरिया निवासी ने गढ़ी पुलिस थाने में की थी। दूसरे दिन गढ़ी पुलिस थाने से सहायक उप निरीक्षक कमल परवार अपने स्टाफ के साथ ग्राम जेतपुरी जुवाड़ीटोला पहुंचे और मृतक समरित मेरावी का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिए ।आगे मर्ग जांच सहायक उप निरीक्षक श्री परवार द्वारा की जा रही है।



HAMARA KAL
HAMARA AAJ
HAMARA BAJAJ
HAMESHA NO.1
चेतक है भारत का नं. 1
बिकने वाला इलेक्ट्रिक स्कुटर
Chetak
FULLY LIFEPROOF
STARTS AT ₹109500/-
अब भारत वर्ष में नं. 1 EV
साँई बजाज मोती तालाब रोड, नर्मदा नगर, बालाघाट (म.प्र.) Mob.: 6263158471, 9425822517

# विद्युत करंट से एक व्यक्ति की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम लोढागी में ऐसी ग्राम के एक व्यक्ति दशाराम पिता अमीलाल टेकाम 60 वर्ष की विद्युत करेंट से मौत हो गई। 22 मई को दोपहर 3.30 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति अपने घर में मीटर के पास वायर से कुछ का काम कर रहा था। किरनापुर पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दयाराम टेकाम अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में तीन लड़के और चार लड़की है। सभी लड़कियों की शादी हो चुकी है। बताया गया कि 22 मई को दयाराम टेकाम अपने घर में था। 3.30 बजे विद्युत बंद थी। तभी दयाराम टेकाम अपने घर के मीटर के पास वायर से कुछ काम कर रहा था इसी दौरान विद्युत आने पर दयाराम टेकाम विद्युत करंट लगने से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया था। जिसे परिवार वालों ने किरनापुर के शासकीय अस्पताल लाये। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिए। दयाराम टेकाम की अस्पताल लाते समय ही रास्ते में मौत हो चुकी थी। 23 मई को सहायक उप निरीक्षक चेतन ब्रम्हे ने मृतक दयाराम टेकाम का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

JOB VACANCY
आवश्यकता है
PADMESH X FIBERNET में
Connecting the Unconnected..
TECHNICAL ENGINEER
हम देंगे...
★ सम्मानजनक मानदेय ★ पेट्रोल खर्च अतिरिक्त
★ तेजी से विकास का मौका ★ नौकरी की सुरक्षा
पता- पद्मेश सिटी केबल, काली पुतली चौक, बालाघाट 9752771444

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
▷ COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
▷ MINING ENGINEERING
▷ CIVIL ENGINEERING
▷ MECHANICAL ENGINEERING
▷ ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से
डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के
द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824

जमीन बेचना है
प्रस्तावित लवादा-समानापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1,
13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है)
विक्रय करना है
संपर्क करें- 7879121671

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

PADMESH X FIBERNET
Connecting the Unconnected..
ONE MONTH FREE
SHARE THE ADVANTAGE!
Refer PadmeshXfibernet to your friends and get One Month Free.

Kaira
तकनीक जापानी सोच हिन्दुस्तानी
आधुनिक तकनीकी का प्रीमियम काईरा राईस ट्रांसप्लांटर
विश्व की नं. 1 धान रोपाई मशीन एवं हार्वेस्टर पर विशेष अनुदान
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
149000/- अनुदान काटकर
140000/- अनुदान काटकर
बुकिंग ऑफर उपलब्ध
पिछले 3 वर्ष में सिवनी, बालाघाट एवं पूरे महाकौशल में 500 से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
ट्रे. सीडर स्टॉक उपलब्ध
14900/- में सीडर पायें
संतुष्ट ग्राहक पिछले 3 सालों से
नरेन्द्र पटले बरघाट मोबा. 9098152958
छामसिंग टेम्भरे सरेखा मोबा. 7067513385
चंद्रप्रकाश डहरवाल जराहमोहगांव मोबा. 6263440844
● 102 एच.पी. इंजन
● 55 मिनट में 1 एकड़ काटने की क्षमता
● 1 घंटे में 7 लीटर की डीजल खपत
● नोट- बड़े हार्वेस्टर (टायर वाले) में 75 के.जी. प्रति एकड़ धान का नुकसान
● ट्रेक टाईप मे 5 के.जी. प्रति एकड़ का नुकसान 70 के.जी. धान की बचत
सीजन के पहले सर्विस करायें और पार्टस् में 10% से 15% की छूट पायें
के.के. इंटरप्राईजेस/ सांई ट्रेक्टर्स (पॉवरट्रेक ट्रेक्टर्स)
सांई ट्रेक्टर्स के बाजू में, मोती तालाब रोड, बालाघाट
के.के. इंटरप्राईजेस
बालाघाट रोड, पटेलटोला, बरघाट
मो. 9425138685, 8770334649, 9669674379

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट